**सुविचार**
सुदिन सबके लिए आते हैं, किंतु टिकते उसी के पास हैं जो उनको पहचान कर आदर देता है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi




ऐश्वर्या ने दी द आर्चीज प्रतिक्रिया, अगस्त्य...

Ranchi ● Tuesday, 12 December 2023 ● Year : 01 ● Issue : 321 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

# हेमंत सोरेन से ईडी आज करेगी पूछताछ

## अबतक छह समन भेज चुकी एजेंसी, सीएम को सुप्रीम कोर्ट से भी लग चुका है झटका

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने एक बार फिर समन भेजा है। यह मुख्यमंत्री को ईडी की ओर से भेजा गया छठा समन है। इस बार ईडी ने उन्हें 12 दिसंबर को हाजिर होने को निर्देश दिया है। इससे पहले उन्हें पांचवां समन भेजकर 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए थे। अब तक भेजे गए 5 समन में सीएम एक बार भी ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। बता दें कि ईडी सीएम हेमंत सोरेन को जमीन मामले में समन भेज रहा है। सीएम हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उन्होंने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की और ईडी के समन को निरस्त करने का आग्रह किया है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के बाद झारखंड हाईकोर्ट से भी सीएम हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा। झारखंड हाईकोर्ट ने सीएम की ओर से दायर क्रिमिनल रिट याचिका को खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि यह याचिका सुनने लायक नहीं है। ईडी ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को पहली बार समन जारी कर 14 अगस्त को रांची स्थित रीजनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। 26 सितंबर को ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पांचवां समन जारी किया और 4 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय के रांची कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है, लेकिन पांचवे समन पर भी हेमंत सोरेन हाजिर नहीं हुए।



### बगैर विलंब ईडी के समक्ष हाजिर हों मुख्यमंत्री नहीं तो एक्शन लें राज्यपाल : बाबूलाल मरांडी

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के छठे समन को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि अब पानी सिर के ऊपर बहने लगा है इसलिए मुख्यमंत्री सोरेन को सलाह है कि वे बिना देर किए ईडी द्वारा जारी छठे समन का सम्मान करें और बिना देर किए ईडी के सवालों का जवाब देने जाना चाहिए। मरांडी ने सोमवार को कहा कि यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करेगा तो फिर आम आदमी से इस संबंध में उम्मीद नही की जा सकती। उन्हें ईडी कार्यालय में जाकर अपना पक्ष विस्तार से रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो कानून को हाथ में लेता है, उसे ठेंगा दिखाता है उसके साथ वैसा ही व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करते तो सख्त कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए।

# एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा केंद्र : हेमंत

## बोकारो में सरकार आपके द्वार में पहुंचे सीएम, केंद्र व भाजपा पर जमकर किया प्रहार

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को बोकारो जिले के चास प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार पर बकाया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का केंद्र दुरुपयोग कर रहा है। केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से यह लोग सरकार की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं जबकि हम लोगों तक योजनाओं को पहुंचाकर, उन्हें अधिकार देकर, उनके आंसू पोछने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपके पास विपक्ष के लोग आयें तो आप उनसे पूछियेगा 20 साल उन्होंने क्या किया? जितना यह 20 साल नहीं कर पाए उससे कई गुना ज्यादा लोगों तक हमने 3-4 साल में ही योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में जब से हमारी सरकार वजूद में आई है, हम यहां के आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार के लिए विधानसभा से 1932 आधारित नियोजन नीति पारित कराया, लेकिन जानबूझकर इसमें कानूनी अड़चन लगा दिया गया, परंतु 1932 आधारित नियोजन नीति के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा। मैंने पेंशन के लिए कानून बनाया। पहले 15 लाख लोगों को पेंशन मिल रही थी। मेरी सरकार ने ढाई साल में 37 लाख लोगों को पेंशन दी।



### आपके पास विपक्ष के लोग आएं तो उनसे पूछियेगा कि 20 साल क्या किया : सोरेन

सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आपके पास विपक्ष के लोग आयें तो आप उनसे पूछियेगा 20 साल उन्होंने क्या किया? जितना यह 20 साल नहीं कर पाए उससे कई गुना ज्यादा लोगों तक हमने 3-4 साल में ही योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। हम अपने युवा राज्य को मजबूत करने का काम कर रहे हैं, अपने गांव को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। आज सभी के परिवार में कोई न कोई व्यक्ति किसी न किसी योजना से जोड़ा जा रहा है। सीएम हने कहा कि 24 नवंबर से राज्य के गांवों में शिविर लग रहे हैं। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगा हुआ है। सरकार बनने से पहले ही मैंने कहा था कि यदि सरकार बनेगी तो सरकार दिल्ली या रांची से नहीं, बल्कि गावों से चलेगी। आज यह सपना साकार हुआ। कोरोना के कारण हमलोग घरों में कैद रहे, लेकिन जैसे ही कोरोना खत्म हुआ, वैसे ही आपके अधिकार को हम लोगों ने देने का काम किया।

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 69,928.53 |
| निफ्टी | : | 20,997.10 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,875 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**RANCHI :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रातू रोड स्थित लाह कोठी में अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। घटना सोमवार की रात हुई। जहां बाइक सवार अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। घायल व्यक्ति का नाम गोपाल श्रीवास्तव बताया जा रहा है। जिसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घायल व्यक्ति को गंभीर अवस्था में रिम्स भेजा गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है, वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गोली से घायल गोपाल व्यवसायी हैं।

### 16-17 को होनी वाली सीजीएल परीक्षा स्थगित

**RANCHI :** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को स्थगित कर दिया गया है। इस परीक्षा का आयोजन 16 और 17 दिसंबर को होना था। मगर चयनित एजेंसी ने निर्धारित तिथि को परीक्षा के आयोजन कराने में असमर्थता जतायी। जिसके बाद परीक्षा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में जेएसएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। परीक्षा आयोजन की नयी तिथि का प्रकाशन जल्द ही आयोग की वेबसाईट पर करने की बात कही गई है। बता दें कि इस परीक्षा में लगभग 650000 छात्र शामिल होने वाले थे।

# जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने के मामले में 'सुप्रीम' फैसला

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 370 अस्थायी था, राज्य में सितंबर 2024 तक चुनाव कराने का आदेश
- अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू -कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

**AGENCY NEW DELHI :** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा- आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, 'हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं।' इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिए। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। 5 जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। बेंच के सामने लगातार 16 दिन तक चली सुनवाई 5 सितंबर को खत्म हुई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के 96 दिन बाद केस पर फैसला सुनाया।



जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 5 जजों की बेंच।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रमुख बातें

- जम्मू कश्मीर पर राष्ट्रपति का फैसला वैध।
- राष्ट्रपति के पास 370 पर फैसला लेने का अधिकार है।
- 5 अगस्त 2019 का फैसला बरकरार रहेगा।
- विलय के बाद जम्मू कश्मीर संप्रभु राज्य नहीं।
- कोर्ट ने कानूनी मुद्दों पर विचार किया है और प्रक्रिया पर बात।
- राष्ट्रपति शासन की वैधता पर फैसला देने से इनकार।
- जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की सिफारिश राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी नहीं थी।

### केंद्र के हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दे सकते : CJI

सीजेआई ने कहा कि केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की यह दलील खारिज कर दी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि आर्टिकल 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा कानून ही बना सकता है, ऐसा कहना सही नहीं होगा। सीजेआई ने बताया कि फैसले में 3 जजों के जजमेंट हैं। एक फैसला चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का है। दूसरा फैसला जस्टिस कौल का है। जस्टिस खन्ना दोनों फैसलों से सहमत हैं।

## आरक्षण-पुनर्गठन संशोधन बिल राज्यसभा से भी पास

**AGENCY NEW DELHI :** संसद के शीतकालीन सत्र के छठे दिन सोमवार को को गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो बिल पेश किए। इनमें जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 शामिल रहे। राज्यसभा में बहस के दौरान अमित शाह ने धारा 370 हटाने का विरोध कर रहे विपक्ष को चेतावनी दी कि लौट आइए, नहीं तो जितने हो, उतने भी नहीं बचोगे। दरअसल, पूरे दिन बिल पर बहस के दौरान विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत ठहराता रहा। अमित शाह के जवाब के दौरान भी विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद बिलों पर वोटिंग हुई और दोनों बिल राज्यसभा से भी पास हो गए। बिल पास होने से जम्मू में 37 की जगह 43, कश्मीर में 46 की जगह 47 विधानसभा सीटें होंगी। पहले यहां 83 सीटें थी, जो बढ़कर 90 होंगी।

- शाह की विपक्ष को चेतावनी- लौट आइए, नहीं तो जितने हो उतने भी नहीं बचोगे
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत ठहराता रहा विपक्ष





# सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छठे दिन भी आईटी की रेड

- नोटों की गिनती लगभग पूरी, रांची में रेड जारी
- 176 बैग से निकले रुपयों का आंकड़ा 550 करोड़ के पार

**CRIME REPORTER RANCHI :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के संबंधित ठिकानों पर छठे दिन सोमवार को भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही। रांची में साहू के घर पर अभी भी नोटों की गिनती जारी है। इसके अलावा और सभी जगहों पर लगभग गिनती पूरी कर ली गई है। रांची वाले घर पर अभी भी नोट गिने जा रहे हैं। आयकर विभाग ने छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर रेड मारकर रुपयों से भरे 30 अलमीरा बरामद किये थे। उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। जानकारी के अनुसार, अब तक की गिनती में आंकड़ा 550 करोड़ को पार कर गया है। हालांकि आयकर विभाग की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। ओडिशा एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा के अनुसार उन्हें पैसों से भरे 176 बैग मिले हैं, जिनकी गिनती हो चुकी है। गिनती प्रक्रिया में तीन बैंकों के अधिकारी शामिल थे।

### आय व अचल संपत्तियों से 8 गुना पैसा बमामद

राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घोषित आय, उनकी चल और अचल संपत्तियों से 10 गुना अधिक पैसा केवल आयकर के छापे में कैश के रूप में ही बरामद किया गया है। धीरज साहू के पास 31.16 लाख रुपये की कंपनियों की शेयर हैं। इसके अलावे कंप्लसरी डिपोजिट स्कीम के तहत कुल 75.46 लाख का निवेश किया गया है। उनके और उनके परिवार के पास 1.51 करोड़ रुपये के जेवरात हैं। धीरज साहू के पास कुल 14 करोड़ 85 लाख 25 हजार की कुल अचल संपत्ति है। चुनावी हलफनामे के मुताबिक, 2.36 करोड़ का लोन बैंक और निजी लोगों से लिया गया दिखाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही इनकम टैक्स के द्वारा राज्यसभा सांसद धीरज साहू को पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा।

## बरामद दो एके 47 राइफल्स मामले में सही जानकारी देने के बाद भी नहीं की कार्रवाई

# झारखंड पुलिस ने पीपी से जुड़े तथ्यों को छुपाया : ईडी

**CRIME REPORTER RANCHI :** राज्य में इडी अवैध खनन और जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही है। अब तक की जांच में इडी ने दो आईएएस समेत एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। इडी ने पिछले साल अगस्त माह में प्रेम प्रकाश के आवास से दो एके 47 राइफल्स और कई आपत्तिजनक समान बरामद किया था । इस मामले को लेकर इडी ने झारखंड पुलिस पर फैक्टस को छुपाने का आरोप लगाया है।

इडी ने कोर्ट को बताया है कि झारखंड पुलिस को इस मामले की सही जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई भी नहीं की है। इस मामले को छिपाने के लिए पुलिस ने केवल प्रेस रिलीज जारी कर दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि दो पुलिस जवान के हथियार थे और वे लोग मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षा में तैनात थे लेकिन राज्य पुलिस ने प्रेस रिलीज जारी कर लोगों को बताया कि सुरक्षाकर्मी पिछले रात को अपने हथियार प्रेम प्रकाश के आवास पर छोड़ दिया था। इडी ने कोर्ट को कहा कि इस प्रकार की मंशा प्रेम प्रकाश को बचाने की रही है। प्रेम प्रकाश को इडी ने पिछले साल अगस्त माह में रांची से गिरफ्तार किया था।



अमित (लाल घेरे में) को जेल ले जाती सीबीआई।

### जमीन घोटाला मामले में जेल में हैं बंद

मालूम हो कि वर्तमान में अमित अग्रवाल जमीन घोटाला मामले में ईडी के आरोपी हैं और होटवार जेल में ही बंद हैं। जमीन घोटाला मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी बार-बार सीएम हेमंत सोरेन को समन भेज रही ही है। सीएम को ईडी ने छठा समन भेजा है। पिछले 5 समन पर वे ईडी ऑफिस में हाजिर नहीं हुए हैं। अब छठा समन जारी कर उन्हें 12 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### अमित अग्रवाल से पूछताछ पूरी फिर भेजे गए बिरसा मुंडा जेल

**RANCHI :** पांच दिनों की रिमांड खत्म होने के बाद कारोबारी अमित अग्रवाल को सीबीआइ की अदालत में पेश किया गया। सीबीआई दिल्ली की टीम ने पांच दिन के रिमांड पर लेकर रांची स्थित सीबीआई कैंप में कारोबारी से पूछताछ की थी। बता दें कि उन्हें झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार के 50 लाख कैश कांड मामले में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया था। पेशी के दौरान बताया गया कि सीबीआई कि पूछताछ पूरी हो गई। इसलिए वकील की तरफ से अतिरिक्त रिमांड नहीं मांगी गई। जिसके बाद कारोबारी अमित अग्रवाल फिर जेल भेज दिए गए हैं। इस मामले में दिल्ली सीबीआइ की टीम ने अमित अग्रवाल सहित पश्चिम बंगाल के कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई दिल्ली ने राजीव कुमार कैश कांड में अमित अग्रवाल से पूछताछ की आवश्यकता महसूस की। इसके बाद सीबीआइ की विशेष अदालत में रिमांड पर लेने का आवेदन दिया था।

# मोहन यादव होंगे मध्य प्रदेश के नए सीएम, बीजेपी ने फिर फैसले से चौंकाया

## दो डिप्टी सीएम होंगे, शिवराज ने सौंपा इस्तीफा, शपथ ग्रहण कल

**AGENCY BHOPAL :** मध्यप्रदेश के अगले मुख्यमंत्री मोहन यादव होंगे। वे उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। भोपाल स्थित बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पार्टी विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी। मोहन यादव ओबीसी वर्ग से आते हैं। शिवराज सिंह ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। 13 दिसंबर को भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में नए सीएम का शपथ ग्रहण समारोह होगा। प्रदेश में दो डिप्टी सीएम भी होंगे- जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला। इसके अलावा, नरेंद्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष होंगे। तोमर मुरैना जिले की दिमनी सीट से विधायक हैं।



### मुख्यमंत्री पद से शिवराज ने दिया इस्तीफा

नए सीएम के नाम का ऐलान होने के बाद शिवराज सिंह चौहान राजभवन पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को सीएम पद से अपना इस्तीफा सौंपा। उनका इस्तीफा तत्काल मंजूर भी हो गया। शिवराज सिंह ने नए सीएम को बधाई भी दी। उन्होंने कहा- मध्यप्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। उन्हें बहुत बहुत बधाई, उनका अभिनंदन। शिवराज सिंह चौहान ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को डिप्टी सीएम बनने और नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इधर, मोहन यादव और जगदीश देवड़ा पूर्व केंद्रीय मंत्री और विधायक नरेंद्र सिंह तोमर के घर पहुंचे।सीएम के रूप में नाम का ऐलान होने के बाद मोहन यादव राजभवन पहुंचे। यहां उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

BRIEF NEWS

### पलामू में 72 घंटे में गिरा पांच डिग्री तक न्यूनतम तापमान

**PALAMU :** पलामू जिले का न्यूनतम तापमान पिछले 72 घंटे के दौरान पांच डिग्री तक गिर गया है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि शनिवार को न्यूनतम पर 15.3 डिग्री पर था। रविवार को न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। दिन में धूप खिली रहने के कारण अधिकतम तापमान स्थिर है और सोमवार को 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। लगातार गिर रहे पारे के कारण ठंड में काफी बढ़ोतरी हुई है। सुबह और शाम के समय काफी ठंड पड़ रही है। बता दें कि जिले में मिचौंग तूफान का असर पूरी तरह से खत्म हो गया है। आसमान पूरी तरह साफ है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। यानी ठंड में और बढ़ोतरी होगी।

### महिला को झांसा देकर आभूषण की ठगी

**KODERMA :** जिले के झुमरीतिलैया शहर में एक बार फिर से महिलाओं को झांसा देकर आभूषण छिनतई का मामला शुरू हो चुका है। ताजा घटना सोमवार की है। एक महिला स्टेशन परिसर स्थित काली मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गई थी। वहीं कथित एक बाबा ने उसे बताया कि उसके पैर में दर्द रहता है और परिवार में भी विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं। इसे लेकर बाबा ने उस महिला को पूजा की थाल में सारे आभूषणों को रखकर 51 कदम चलकर वापस आने के लिए कहा। महिला भी बाबा के झांसे में आ गई। जब वह 51 कदम चलकर वापस लौट कर आई तब तक उक्त बाबा उसके आभूषणों के साथ फरार हो चुका था। मामले को लेकर पीड़िता तजनी देवी ने थाना को एक आवेदन दिया है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि बाबा के द्वारा उनकी सोने की अंगूठी, कान की बाली एवं चेन को रखकर उसे 51 कदम आगे जाने की बात कही थी। जब वह वापस लौट कर आई तब तक उक्त बाबा फरार हो चुका था। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### धीरज साहू मामले में जांच की मांग को लेकर भाजपा का हल्ला बोल

**KODERMA :** राज्यसभा सांसद धीरज साहू के कई ठिकानों पर हुए आयकर विभाग की छापेमारी में उनके ठिकानों से मिले 351 करोड़ रुपये मामले पर भाजपा ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। सोमवार को इसी क्रम में धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाया और कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी और उनकी राज्यसभा की सदस्यता समाप्त करने के साथ साथ पूरे मामले की सीबीआई और एनआईए से जांच कराने की मांग की। धनबाद भाजपा विधायक राज सिन्हा ने इस दौरान कहा कि इन रुपयों का इस्तेमाल छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनाव में किया जाना था। उन्होंने कहा कि इसकी जांच सीबीआई और एनआईए से कराई जाए। धीरज साहू उग्रवादी क्षेत्र से आते हैं कहीं ना कहीं यह पैसा किसी विशेष काम के लिए जमा किया गया था, जिसकी गहन जांच होनी चाहिए।

# बिहार के तीन साइबर अपराधी लातेहार से धराए, मामला दर्ज

## 29 मोबाइल, 25 सिम कार्ड व कई महत्वपूर्ण कागजात बरामद

**PHOTON NEWS LATEHAR :** लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी आनंद कुमार छोटू कुमार और सुलीचंद कुमार शामिल है। तीनों बिहार के शेखपुरा जिले के बरबीघा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से 29 मोबाइल ,25 सिम कार्ड के अलावा साइबर क्राइम से संबंधित कई महत्वपूर्ण कागजात भी बरामद किए हैं।

इस संबंध में एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को बताया कि नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल के प्रतिबिंब ऐप पर साइबर क्राइम से संबंधित एक मामला दर्ज हुआ था। इस कांड में तेलंगाना के एक व्यक्ति के साथ साइबर अपराधियों ने फ्रॉड किया था। अपराधियों का लोकेशन लातेहार जिला मुख्यालय के चंदनडीह मोहल्ले में दिखाई दे रहा था। सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस के द्वारा जब चिन्हित मकान में छापामारी की गई तो वहां तीन लोग पकड़े गए। इनके पास से लगभग 29 मोबाइल और 25 सिम कार्ड बरामद हुआ। पूछताछ के क्रम में तीनों अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे लोग केरल लॉटरी के नाम पर लोगों से ठगी का काम करते थे। केरल लॉटरी के नाम पर ओटीपी मांगते थे और फिर साइबर क्राइम के माध्यम से पैसे की निकासी कर लेते थे।


मीडिया को जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन। • फोटोन न्यूज

एसपी ने बताया कि अपराधियों के गिरोह में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापामारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी में डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा के अलावे सब इंस्पेक्टर गौरव सिंह,राज रौशन सिन्हा समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**KHUNTI :** खूंटी-तमाड़ रोड में अड़की थानांतर्गत बारूहातू गांव के समीप सोमवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इससे मोटरसाइकिल चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अड़की थानांतर्गत ग्राम बारुहातू टोला खुदीमाड़ी निवासी पांडू मुंडा के पुत्र सोमा मुंडा (30)के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमा मुंडा घर के लिए राशन का सामान खरीदने हेमरोम गांव गया था। हेमरोम से वापस घर लौटने के दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने घटना की जानकारी अड़की थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसबी जवानों के सहयोग से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को जब्त कर लियाअ और उसके चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

## पोषण सखी की बहाली को लेकर जनवरी में होगा राजभवन मार्च



बैठक में शामिल सीटू के सदस्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KODERMA :** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर जनवरी महीने के तीसरे सप्ताह में रांची में राजभवन मार्च और प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को चिल्ड्रेन पार्क के बाहर पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) की बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान व संचालन जिला सचिव जरीना खातुन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पिछले दिनों कुपोषण मिटाओ अभियान के तहत झारखंड के छह जिलों चतरा, धनबाद, दुमका, गोड्डा, गिरिडीह और कोडरमा के आंगनबाड़ी केंद्रों मे 10388 पोषण सखी कार्यरत थी, जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा दिया जाने वाला केन्द्रीय फंड बंद कर दिए जाने के कारण एक झटके में पिछले वर्ष अप्रैल 2022 से हेमन्त सोरेन सरकार ने इन्हें काम से हटा दिया, जिसके कारण आज इनके सामने भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# 15 दिसबंर को सीएम आएंगे खूंटी डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

**PHOTON NEWS KHUNTI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरन 15 दिसंबर को खूंटी आयेंगे। इसकी तैयारी को लेकर विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपायुक्त ने बताया कि आगामी 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। इसे लेकर सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व दुरुस्त किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें।



समीक्षा बैठक में उपायुक्त लोकेश मिश्रा व अन्य। • फोटोन न्यूज

कार्यक्रम को लेकर कचहरी मैदान की पूरी साफ सफाई कराने के निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को डीसी ने दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आनेवाले अतिथियों के अलावा सभी जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, कचहरी मैदान में पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लें।

उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले में यातायात व्यवस्था, हेलीपैड और सभी तैयारियों को दुरुस्त रखें। उपायुक्त ने लाभुकों के बीच वितरित की जानेवाली परिसंपत्तियों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा रहा एकल अभियान : कर्नल

**PHOTON NEWS RAMGARH :** एकल अभियान के द्वारा राज्य स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम को लेकर तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर आए हुए स्टेशन हेडक्वार्टर से कर्नल शशि भूषण कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक शत्रुघ्न प्रसाद, मुक्तिधाम के संस्थापक कमल बगड़िया, राधा गोविंद विश्वविद्यालय की प्रियंका कुमारी, रांची भाग अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह महिला विभाग प्रमुख किरण तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मंच संचालन प्रोफेसर संजय सिंह के द्वारा किया जा रहा था। आये हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।

**अलग-अलग खेलों में ये प्रतिभागी रहे विजयी :** इसके बाद तीन दिवसीय खेलकूद में सभी विजय खिलाड़ियों को आए हुए अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके तहत 100 मीटर की दौड़ में बालकों में प्रथम स्थान रातू के अजय सरदार और बालिका में खूंटी की पिंकी कुमारी को प्राप्त हुआ। 200 मी दौड़ में प्रथम स्थान लोहरदगा के विल्सन लकड़ा और बालिका में घाटशिला की अनीता मुर्मू को प्राप्त हुआ। 400 मीटर की दौड़ में रामगढ़ के बालचंद बेड़िया और घाटशिला की अनीता मुर्मू को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ऊंची कूद में लोहरदगा के पंकज उरांव और रातू की शीतल खलखो को प्राप्त हुआ। वही लंबी कूद में रातू के धनंजय पूरन और रातू की शीतल खलखो को प्राप्त हुआ। कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रामगढ़ के आयुष कुमार, लोहरदगा के रोहित कुमार, रामगढ़ के अर्जुन कुमार और रातू के पिंटू उरांव को प्राप्त हुआ। इसके बाद योग में सरायकेला की सुनीता पांडे और खूंटी के मनीष कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके बाद अंत में कबड्डी के लिए रामगढ़ की बालिका और बालकों की टीम प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

### 12 जिलों के 432 बच्चों ने लिया भाग

इस दौरान 12 जिलों से आए हुए 432 बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि कर्नल शशि भूषण कुमार ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एकल अभियान अद्भुत कार्य कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा को बाहर लाकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तभी व्यक्ति अनुशासन का पालन करता है। यह अनुशासन ही अपने कर्तव्यों का पालन करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इन दोनों के विकास करने से आप एक अच्छे नागरिक बनते हैं। जिनका देश को आगे बढ़ाने में सबसे ज्यादा योगदान होता है

## गोड्डा में अवैध कोयला को लेकर छापेमारी, 38 टन कोयला जब्त

**PHOTON NEWS GODDA :** ईसीएल के राजमल क्षेत्र की सुरक्षा टीम के नेतृत्व में सोमवार को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। टीम ने अवैध रूप से जमा किए गए 38 टन कोयले को जब्त कर लिया।



सीआईएसएफ के जवानों ने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। छापामारी अभियान खनन क्षेत्र के हर्रखा एवं बसडीहा साइड में चलाई गई जिसका नेतृत्व सीआईएसफ इंस्पेक्टर कौशिक साह एवं ईसीएल सिक्योरिटी के अधिकारियों में प्रणव कुमार एवं विनोद टोपनो ने किया। जब्त किए गए कोयला को राजमहल परियोजना को सुपुर्द कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कोयले की चोरी राजमहल क्षेत्र में बरसों से लगातार की जा रही है। पर स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन इसे रोकने में विफल रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर राजमहल परियोजना के सिक्योरिटी इंचार्ज विनोद टोपनो ने बताया कि लगातार कोयले की चोरी को रोकने के लिए छापेमारी अभियान की जा रही है । बसडीहा एवं हर्रखा ग्रामीणों द्वारा खनन क्षेत्र से कोयले की अवैध चोरी कर खनन क्षेत्र के बाहर एवं अंदर लावारिस अवस्था में रखा गया था, जिसे छापेमारी अभियान के दौरान 36 टन कोयला जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि खनन क्षेत्र के आसपास ग्रामीणों द्वारा खनन क्षेत्र से कोयले की अवैध निकासी की जाती है, जो बिल्कुल अपराध है।

यौन शोषण से बचाव एवं इंटरनल कंप्लेन कमेटी पर कार्यशाला

## महिला कर्मियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए : प्रधान जिला जज



कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान जिला जज व अन्य। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** डालसा खूंटी के सभागार में जेएसएलपीएस और डालसा खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों का पोश एक्ट 2013 (कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन शोषण से बचाव) एवं इंटरनल कंप्लेन कमेटी विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने किया।


प्रधान जिला जज ने अपने संबोधन में पोश एक्ट 2013 और आइसीसी के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी और कहा कि किसी भी कार्यस्थल (सरकारी या गैर सरकारी), दोनों स्थलों के लिए आसीसी समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिला कर्मियों का योगदान मुख्य है। कार्यस्थल में वर्क कल्चर अच्छा होना चाहिए। महिला कर्मी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि इस अधिनियम के तहत कार्य स्थल पर महिलाओं के लिए अलग शौचालय, सेनेटरी नैपकिन, चाइल्ड केअर यूनिट की व्यवस्था कराई जाय।

## पांच दिनों से लगातार चल रही रूंगटा के प्लांट में आईटी की रेड

**PHOTON NEWS RAMGARH :** बिजनेस टाइकून रामचंद्र रूंगटा के प्लांट में पांच दिनों से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी लगातार जारी है। इनकम टैक्स की चोरी को पकड़ने के लिए आईटी की टीम ने आलोक स्टील, झारखंड इस्पात और मां छिन्नमस्तिका स्पोंज एंड आयरन प्लांट के सभी दस्तावेजों को खंगाल लिया है। इसके अलावा रामगढ़ शहर में रामचंद्र रूंगटा के कार्यालय में भी पांच दिनों से दस्तावेजों को खंगाल जा रहा है।

सभी प्लांट में स्टॉक खंगालने के लिए राउरकेला स्टील प्लांट और बोकारो स्टील प्लांट से पदाधिकारी को बुलाया गया है। स्टॉक की जानकारी प्लांट प्रबंधन के द्वारा जो दी गई है उसपर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम को भरोसा नहीं है। इसी वजह से सभी पदाधिकारी पिछले तीन दिनों से प्लांट के स्टॉक की जांच कर रहे हैं। यहां तक की प्लांट में मौजूद उत्पादों की भी गिनती और वजन किया जा रहा है।




सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्पंज के स्टॉक के अलावा सरिया, कोयला और अन्य उत्पादों के भी स्टॉक की जांच हो रही है। जानकारी के अनुसार आलोक स्टील और झारखंड इस्पात के सारे स्टॉक की जानकारी जुटा ली गई है। सोमवार को मां छिन्नमस्तिका स्पोंज एंड आयरन प्लांट में स्टॉक का मिलान किया जा रहा है।

कर्रा प्रखंड की डुमरगड़ी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शिविर में आकर लें योजनाओं का लाभ : उपायुक्त

**PHOTON NEWS KHUNTI :** कर्रा प्रखंड की डुमरगड़ी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह और अन्य वरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।

साथ ही प्राप्त आवेदनों के आलोक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद, मरेगा, अबुआ आवास योजना, आधार कार्ड सुधार एवं पंजीयन आदि योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे।


कार्यक्रम में ग्रामीण को लाभ देते उपायुक्त। • फोटोन न्यूज

स्टॉलों पर ग्रामीणों की समस्याओं एवं योजनाओं से लाभ प्राप्त करने संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। आन दी स्पॉट संबंधित विभाग द्वारा आवेदनों का यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लेने की अपील की गयी।

उपायुक्त ने ग्रामीणों से संचालित योजनाओं के प्रति जागरुक होकर लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सभी शिविर में आकर अपनी शिकायतों और समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, यथा संभव ऑन दी स्पॉट निराकरण किया जाएगा। उपायुक्त ने झारखंड सरकार द्वारा प्रारंभ की गई अबुआ आवास योजना की चर्चा करते हुए ग्रामीण से इस योजना से लाभ प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पाने के लिए आवश्यक कागजात के साथ शिविर में आकर आवेदन जमा करें। सभी योग्य पात्रों को सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

## तोरपा में आयोजित योजना आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**KHUNTI :** खूंटी के तोरपा प्रखंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख संतोष कुमार कर, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुउद कुमार झा, अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, मुखिया विनिता नाग, उप मुखिया राजू साहू, पंचायत समिति सदस्य सेफिया सुलताना सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रखंड प्रमुख, बीडीओ और सीओ ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही प्राप्त आवेदनों के आलोक में उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद, मरेगा, अबुआ आवास योजना, आधार कार्ड सुधार एवं पंजीयन आदि योजनाओं से संबंधित लगाये गये थे। स्टॉलों पर ग्रामीणों की समस्याओं एवं योजनाओं से लाभ प्राप्त करने संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। आन दी स्पॉट संबंधित विभाग द्वारा आवेदनों का यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया।

## ओपन कराटे चैंपियनशिप में खूंटी ने जीते 12 स्वर्ण और आठ रजत



चैंपियनशिप में शामिल खूंटी के प्रतिभागी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से नौ और दस दिसंबर को टाना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में आयोजित झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, आठ रजत तथा तीन कांस्य पदक सहित कुल 23 पदक जीतने में कामयाबी हासिल की।

जिले के खिलाड़ियों ने काता एवं कुमिते दोनों इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 पदक जीत कर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। निराली गुड़िया, मुचिराय हस्सा तथा आर्यन प्रमाणिक ने काता एवं कुमिते दोनो इवेंट में दोहरा स्वर्ण पदक हासिल किया है।

विभिन्न आयु एवं भार वर्ग में पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं स्वर्ण पदक अंकित धान, शिवम सिंह, रोहित सिन्हा, जायस राज, नितेश कुमार और मुकेश बोदरा, रजत पदक स्मिता जोजो, शिवम सिंह, सुशील नाग, सुभाष कुमार, एलिसा केरकेट्टा, अभिषेक तिड़ू, जीतेश मुंडा तथा पुकीरचंद बोदरा। कांस्य पदक रिया कुमारी, एलिसा तथा रोहित सिन्हा। खिलाड़ियों की इस सफलता पर खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष सह विश्व कराटे संघ द्वारा प्रमाणित कोच हेजाज असदक, शादाब खान, हरीश कुमार, सचिन कुमार, अश्विनी कुमार मिश्रा, शीतल टोपनो सहित कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय का मना वार्षिकोत्सव

**KHUNTI :** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय खूंटी के प्रांगण में सोमवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौबे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार और प्रधानाध्यापिका डॉ कविता कुमारी उपस्थित थे। किरण कुमारी पासी ने बच्चों को सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी के अलावा बच्चों के लिए उनकी रुचि के अनुसार कार्य योजना, शिक्षा के रूपांतरण, बाल उत्पीड़न जैसे अहम मुद्दों पर बच्चों के साथ उनके अभिभावक के बीच रोचक जानकारी साझा की।

SWASTIK EDUCATION
(Valid for Govt. Jobs / Low Fee)
DIRECT ADMISSION
B.Ed D.Ed M.Ed ANM
GNM B.Sc Nursing Diploma
B.Tech Graduation 10th/12th
BAMS BHMS
D.Pharma MBBS
Mob. : 9049758937
CONTACT FOR BRANCH / FRANCHISEE
Add. : Argora-Kadru Road, Ranchi-02

BRIEF NEWS

## एसडीओ के दो पेशकारों पर चलेगा केस

**RANCHI :** कोतवाली थाना केस संख्या– 864 /15 के प्राथमिकी अभियुक्तों नितेश कुमार तत्कालीन पेशकार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर और रमेश कुमार राम उर्फ रमेश कुमार, तत्कालीन पेशकार अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के खिलाफ भादवि की धारा– 420/466/477 (ए)/34 भादवि के उपबंधों के अधीन धारा 197 के तहत रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। बताया जा रहा है कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सरकारी अभिलेखों में छेड़छाड़ करने का आरोप है। अब एसडीओ के दोनों अभियुक्तों के खिलाफ केस चलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक निर्णय: प्रतुल

**RANCHI :** जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला दिया है। जज जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच जजों की बेंच ने सरकार के अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को सही करार दिया और इसे बरकरार रखने का फैसला लिया। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने स्वागत किया है। प्रतुल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय सुना कर 5 अगस्त, 2019 को देश की संसद के द्वारा लिए गए निर्णय पर सुप्रीम मुहर लगा दी। हमारा मानना है इस निर्णय के बाद से जम्मू कश्मीर, लद्दाख सभी क्षेत्रों का समान रूप से विकास होता रहेगा। आर्टिकल 370 के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग मुख्य धारा से कट गया था। अब उसका भी निरंतर विकास होगा। यह सिर्फ एक कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि पूरे जम्मू कश्मीर और देश में एक आशा की किरण लेकर आया है।

## पीएम की दृढ़ इच्छाशक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर : बाबूलाल मरांडी

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 एवं 35ए के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय का स्वागत किया। मरांडी ने कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। मरांडी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 एवं 35ए को हटाने के निर्णय, उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को पूर्ण रूप से सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को देश की मुख्यधारा में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से एकता के मूल सार तत्व को मजबूत किया है। आज जम्मू कश्मीर, लद्दाख विकास की मुख्यधारा में तीव्र गति से जुड़ रहे हैं।

## आईटीआई अप्रेंटिसशिप मेला का हुआ आयोजन

**RANCHI :** रातू के कमरे स्थित श्रद्धानंद बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा, एसएस ओझा सेवानिवृत शिक्षक ,केंद्रीय विद्यालय एवं धर्मेंद्र कुमार मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी, आईटीआई रांची सह कार्यक्रम प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इन सभी के द्वारा भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अप्रेंटिसशिप मेले के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम के सफल संपादन में आईटीआई रांची के आशीष कुमार नापित ,प्रफुल्ल पूर्ति दोनों प्लेसमेंट प्रभारी, संतोष कुमार, राजीव कुमार– व्यवस्थापक, कंप्यूटर ऑपरेटर– अनुज कुमार, प्रिंस कुमार, शाहनवाज अंसारी ,मोहम्मद अशरफ, सहयोगी –श्री बंधन सिंह सरवन कुमार एवं राजेंद्र कुमार के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उक्त मेले में 16 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उनके द्वारा अपनी–अपनी कंपनियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# टेरर फंडिंग : हाई कोर्ट में महेश व अमित के मामले में बहस पूरी

## अब अजय सिंह के मामले में 18 को होगी सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी आधुनिक पावर कंपनी की तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल और अजय कुमार सिंह की अपील अब हाई कोर्ट में सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में यह मामला सूचीबद्ध था। कोर्ट में महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की ओर से बहस पूरी हो चुकी है, अब 18 दिसंबर को अजय कुमार सिंह की अपील पर सुनवाई होगी। इन तीनों ने अपने खिलाफ किए गए चार्जफ्रेम एवं खारिज किए गए डिस्चार्ज पिटिशन हाई कोर्ट में चुनौती दी है। प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवीकर है। दरअसल, रांची की एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल और अजय कुमार सिंह की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआइए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआइए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआइए ने मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत पर सुनवाई 18 को

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की से जमानत अर्जी पर अब झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई अब 18 दिसंबर को होगी। यह मामला हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट में सूचीबद्ध था। पिछली सुनवाई में मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले में विष्णु अग्रवाल के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गई थी।

## अमीषा पटेल को फिर एक हजार रुपये का जुर्माना

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में रांची सिविल कोर्ट ने फिर से 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। पूर्व में भी गवाह का प्रतिपरीक्षण नहीं करने पर अमीषा पटेल पर कोर्ट ने जुर्माना लगाया था। अमीषा पटेल की ओर से गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण नहीं होने के कारण उसकी फिर से गवाही कराने का आग्रह किया गया था। दरअसल, गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में पूरा नहीं हो सका है। सोमवार की सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल की ओर से गवाह संख्या एक के प्रतिपरीक्षण के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए अमीषा पटेल पर 1000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयलक्ष्मी ने प्रतिपरीक्षण के लिए समय मांगने जाने का विरोध किया।

फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने ढाई करोड़ रुपये लिये थे। वापसी के लिए अमीषा

### अतिक्रमण मामले में जमशेदपुर डीसी से कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को जमशेदपुर स्थित साकची ठाकुर बाड़ी के आस–पास और मंदिर परिसर में अवैध अतिक्रमण को हटाने को मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की बेंच ने जमशेदपुर डीसी को चार सप्ताह में रिपोर्ट जमा करने को कहा है। याचिकाकता वीजेंद्र शर्मा ने अपनी याचिका में कहा है कि मंदिर कमेटी मंदिर परिसर में अतिक्रमण करवा रही है, जो अनुचित है। उनकी ओर से कोलकाता हाई कोर्ट के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव और विकास कुमार ने बहस की।

विकसित भारत @2047: शिक्षाविदों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यपाल ने लिया भाग

## भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर : गवर्नर


विकसित भारत @2047: वाइस ऑफ यूथ कार्यक्रम में गर्वनर व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** विकसित भारत @2047: वाइस ऑफ यूथ कार्यक्रम में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षाविदों के संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस मौके पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख, शिक्षाविद एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री निरंतर प्रयासरत हैं कि इस देश का प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक रूप से समृद्ध हो। अमृत काल में भारत कई मोर्चों पर तेजी से प्रगति कर रहा है। समग्र शिक्षा जैसी योजनाओं के तहत बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत @2047 का लक्ष्य देश का प्रत्येक क्षेत्र में यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्तरिक्ष, कृषि, उद्योग, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास है। हम भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में देखना चाहते हैं, अपने राष्ट्र को विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखना चाहते हैं जो दूसरे के प्रति भी करुणा रखता है। कोरोना महामारी काल में हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से ही बहुत कम समय में कोविड टीका विकसित किया गया। हमारे देश के लोगों का न केवल वृहत पैमाने पर टिकाकरण हुआ, बल्कि मानवता की रक्षा हेतु अन्य कई देशों को निःशुल्क टीका भेजा गया।

उन्होंने कहा कि 2047 तक सभी क्षेत्रों में समग्र विकास करना है और विकास की इस परिभाषा को गढ़ने में हमारे शैक्षणिक संस्थानों को आगे बढ़कर योगदान करना होगा तथा विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्वच्छ वातावरण की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी संसाधन होने के पश्चात भी यथोचित विकास नहीं हो पाता है क्योंकि वहां पर सही मायने में प्रेरक अपनी भूमिका नहीं निभा पाते हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं और इस कारण संसाधनों का सही उपयोग हो पा रहा है और देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

## संसद में गूंजा धीरज साहू के ठिकानों से मिले नोटों के भंडार का मामला

### सांसद संजय सेठ ने की झारखंड सरकार को बर्खास्त करने की मांग

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले नोटों के अकूत भंडार का मामला सोमवार को संसद में गूंजा। रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया। कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद के ठिकानों से करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए नकद मिलने के बाद उन्होंने झारखंड सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। जैसे ही संजय सेठ ने यह सवाल उठाया, संसद में हंगामा हो गया। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी से जवाब मांगना शुरू कर दिया। रांची के सांसद ने कहा कि यह सिर्फ नकदी की बरामदगी का मामला नहीं है, यह राष्ट्र की सुरक्षा से भी जुड़ा है। इतना ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की सुरक्षा से जुड़े सवाल भी संसद में पूछे। उन्होंने ईडी अफसरों को मिल रही धमकी और उनके खिलाफ रची जा रही साजिश पर सदन में चिंता जताई।




### नकदी बरामदगी कोई छोटी बात नहीं : सांसद

संजय सेठ ने लोकसभा में कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के यहां से 500 करोड़ रुपए की बरामदगी कोई छोटी बात नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में ईडी के अधिकारियों की जान खतरे में है। उनकी सुरक्षा खतरे में है। यह सब कुछ राज्य सरकार के द्वारा संपोषित भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों की वजह से है। सांसद ने सदन में मांग की की झारखंड में ईडी के अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गठबंधन की भ्रष्ट सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाए और इतने व्यापक पैमाने पर नगदी रखने वाले भ्रष्ट सांसद की तत्काल गिरफ्तारी हो। संजय सेठ ने कहा कि यह वास्तव में चिंता का विषय है कि कोई आदमी व्यवसाय की आड़ में इतनी बड़ी नकदी कैसे रख सकता है।

## कांके और ओरमांझी से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

### एक की ठंड से मौत, दूसरे की हत्या की आशंका

**CRIME REPORTER RANCHI :** जिले के दो अलग-अलग क्षेत्रों से शव बरामद हुए हैं। एक शव कांके थाना क्षेत्र से जबकि दूसरा ओरमांझी थाना क्षेत्र से मिले हैं। पहला मामला कांके थाना क्षेत्र के जुमार पुल के पास का है। जहां एक वृद्ध का शव बरामद हुआ है। मृतक कांके का रहने वाला था। इस मामले कांके थाना प्रभारी ने बताया कि ठंड लगने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है।

**रेलवे ट्रेक पर मिला युवक का शव**

दूसरी तरफ ओरमांझी में रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। आशंका जतायी जा रही है कि युवक की हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पायेगा।

## नाबालिग सामूहिक दुष्कर्म केस : रांची पुलिस ने की आरोपियों की पहचान, छापेमारी जारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रमी से मिलने खूंटी से रांची आयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान पुलिस ने कर ली है। पुलिस सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह मामला जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र का है। जहां आरोपियों ने एक नाबालिग का पहले अपहरण किया, फिर उसे अपने साथ ले गए और रातभर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के संबंध में तुपुदाना ओपी पुलिस को रविवार को जानकारी मिली।

### प्रेमी से मिलने खूंटी से रांची आई थी युवती

घटना के संबंध में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से खूंटी की रहने वाली है। अपने प्रेमी से मिलने के लिए खूंटी से रांची आयी थी। लेकिन शनिवार की रात प्रेमी के साथ उसकी किसी बात पर अनबन हो गई और वह उसके घर से बाहर निकल सड़क पर आ गई। नाबालिग को अकेली देख पहले बाइक सवार तीन युवकों ने तुपुदाना क्षेत्र के हुलहुन्दू के पास चर्च गेट के पास से उसे रात करीब 9 बजे अगवा किया। फिर उसे खरसीदाग स्थित एक सुनसान किशकी गांव के चुकरु जंगल में लेकर पहुंचे। जहां पहले से भी पांच युवक शराब पी रहे थे। उसके बाद सभी ने एक–एक कर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया। जब लड़की की स्थिति खराब होने लगी तो उसे बाइक से लेकर रात 12 बजे दसमाइल चौक के पास छोड़ दिया। लड़की किसी तरह एक ऑटो वाले की सहायता से रात डेढ़ बजे तुपुदाना थाना पहुंची। फिर उसने पूरी कहानी पुलिस को बतायी।

नाबालिग का पुलिस ने मेडिकल कराया है और उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किराना दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**RANCHI :** पुलिस ने किराना दुकान में चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद रिजवान नामक युवक को गिरफ्तार किया। वह हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि हिंदपीढ़ी इलाके में एक किराना स्टोर से रात में ताला तोड़ कर 40 हजार रुपए, चार गैस सिलेंडर और खाने–पीने के सामान की चोरी कर ली गई थी।

### कैरो बार में मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज कराया केस

**RANCHI :** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित कैरो बार में हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्ष की ओर से लालपुर थाना में केस हुआ है। लालपुर थानेदार ने बताया कि बार में काम करने वाले कर्मचारियों ने दिए गए आवेदन में कहा है कि प्रिंस और अन्य युवक बार में धार्मिक नारा लगा रहे थे। मना करने पर वह नहीं मान रहे थे। उन्हें बार से बाहर निकाला जा रहा था तो उन्होंने मारपीट करना शुरू कर दिया। वहीं प्रिंस और युवकों ने पुलिस को बयान दिया है कि टूथपीक मांगने की बात पर बार में काम करने वाले कर्मचारियों ने गाली देना शुरू कर दिया। गाली देने से मना किया गया तो कर्मचारियों ने मिलकर मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में घायल लोगों का जान बचाना उद्देश्य

## रांची में ऑटो चालकों ने शुरू की फ्री एंबुलेंस सेवा

**अनूठी पहल**




**PHOTON NEWS RANCHI :** सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आये दिन सड़क हादसे में लोगों की जान सिर्फ इसलिए चली जाती है कि उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल पाता। ऐसे ही दर्द को समझते हुए रांची जिले के कुछ वाहन चालकों की ओर से एक पहल की गई है, जिसके तहत सड़क हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए फ्री एंबुलेंस सेवा मुहैया कराई जा रही है। दरअसल रांची के कुछ वाहन चालकों ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को त्वरित अस्पताल पहुंचाने के लिए अपनी एक संस्था की तरफ से दो ऑटो एंबुलेंस की शुरूआत की है, जो राजधानी के विभिन्न इलाकों में जा जाकर लोगों को अस्पताल पहुंचाने का काम करती है। इसकी शुरूआत चालक कल्याण संघ के सभी चालक सदस्यों के द्वारा की गई है। एंबुलेंस ऑटो चलाकर लोगों को सेवा पहुंचा रहे चालक मोहम्मद नसीम ने कहा कि इस पहल से लोगों को सीधा लाभ पहुंच रहा है। नसीम ने बताया कि इस पहल के माध्यम से हम समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि जब हम चालक समुदाय एक अच्छी सोच के साथ यह बेहतर कार्य कर सकते हैं तो फिर समाज के जो समृद्ध लोग हैं वो क्यों नहीं। वहीं चालकों ने राज्य सरकार से यह आग्रह किया है कि उनके इस बेहतर पहल को सरकार भी समर्थन करे और उनके ऑटो के परिवहन टैक्स में छूट दी जाए। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों की यह पहल कहीं ना कहीं घायलों को राहत पहुंचाएगी, लेकिन जरूरत है कि चालकों की इस पहल को सरकारी मदद मिले ताकि अन्य संगठनों के द्वारा भी इस तरह के सामाजिक कार्य को बढ़ावा मिल सके।

### हादसे की घटना को हम चालकों ने करीब से देखा है : बजरंगी

इस संबंध में चालक कल्याण संघ के वरिष्ठ सदस्य बजरंगी सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की घटना को हम चालकों ने करीब से देखा है। इसीलिए हम लोगों को पता है कि घायलों को कब तक अस्पताल पहुंचाना होता है और सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति को किन–किन परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसी सोच के साथ सभी वाहन चालकों के द्वारा इस सेवा की शुरूआत की गई है, ताकि ऑटो एंबुलेंस सेवा के माध्यम से लोगों को मुफ्त में सही समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि वह खुद भी सड़क हादसे में घायल हुए हैं और उनका एक पैर काम नहीं करता। सड़क हादसे में यदि सही समय पर इलाज ना हो तो लोगों को जिंदगी भर के लिए अपंगता हो जाती है। इसकी शुरुआत करने वाले चालकों ने कहा कि कई बार लोग घायलों को इसलिए भी अस्पताल नहीं पहुंचाते क्योंकि उन्हें अपने वाहनों के गंदा होने की चिंता सताती है या फिर कानूनी प्रक्रिया में फंसने का डर होता है।

## ईडी के गवाह से पूजा सिंघल के वकीलों ने किया सवाल

**PHOTON NEWS RANCHI :** मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के महत्वपूर्ण गवाह का बचाव पक्ष की ओर से क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया। सोमवार को इस केस की प्रमुख अभियुक्त पूजा सिंघल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने ईडी के गवाह अभयनंद अम्बष्ट से सवाल किए। बचाव पक्ष के वकीलों का ईडी के गवाह ने एक-एक कर जवाब दिया। जिसके बाद अब इस केस के अन्य अभियुक्तों सुमन कुमार और निलंबित जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिंह की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल और राम विनोद सिन्हा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मध्यम से उपस्थित रहे। वहीं पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार भी कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहे।


**अप्रैल में पूजा सिंघल ने किया था सरेंडर**

इसी वर्ष 12 अप्रैल को मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित कअर अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। अब झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

जनमत संग्रह कराने की कही बात

# धारा 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

**पटना:** सुप्रीम कोर्ट में धारा 370 को लेकर फैसला आ चुका है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के धारा 370 को निरस्त किए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने और 2024 के सितंबर तक जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने का आदेश भी दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि कोई भी राज्य देश के संविधान से ऊपर नहीं है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का पटना वासी स्वागत कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि देश के हर कोने में हर एक व्यक्ति के लिए संविधान एक ही होना चाहिए। युवक सुशील कुमार ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। यह देश की एकता अखंडता को कायम रखने वाला यह निर्णय है। देश का कोई नियम है तो हर नागरिक के लिए उसे लागू होना चाहिए। 370 रद्द होने के बाद से जम्मू कश्मीर में अमन शांति बढ़ी है और लोग खुश हैं। अजय पांडेय ने कहा कि धारा 370 को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखने का सुप्रीम कोर्ट का जो निर्णय आया है वह स्वागत योग्य है। देश सभी के लिए एक है



तो देश के हर नागरिक के लिए नियम कानून एक ही होने चाहिए। देश में सभी के लिए एक संविधान होना चाहिए। आकाश कुमार ने कहा कि यह सही या गलत का विषय नहीं है। विषय यह है कि जम्मू कश्मीर के लोग क्या चाहते हैं। देश में लोकतंत्र है तो सही मायने में इसके लिए जम्मू कश्मीर में जनमत संग्रह होना चाहिए था। जनमत संग्रह में यदि लोग चाहते कि 370 बहाल रहे तो बहाल होना चाहिए था। वहां के लोग अगर चाहते कि 370 निरस्त ही रहना चाहिए, तो निरस्त ही रहना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस काफी विद्वान होते हैं और उन लोगों को लोकतंत्र के जनमत संग्रह के मुद्दे पर भी विचार विमर्श करना चाहिए। छात्र विपुल कुमार ने बताया कि जिस तरीके से पहले हम लोग जम्मू कश्मीर में तिरंगा झंडा नहीं फहरा सकते थे, लेकिन आप वहां पर हम लोग तिरंगा झंडा भी फहरा सकते हैं और राष्ट्रीय चेतना को भी जाग सकते हैं। वहां लोग भी आ-जा सकते हैं और रोजगार भी कर सकते हैं।

संक्षिप्त डायरी

## अब हेलिकॉप्टर से गया-राजगीर के एरियल व्यू का लुत्फ उठाए



**गया :** और बोधगया में आने वाले पर्यटक प्रमुख स्थल हेलीकॉप्टर से धूमेंगे और एरियल व्यू का लुत्फ उठाएंगे। इसका उद्घाटन भी हो गया है। उद्घाटन के दौरान हेलीकॉप्टर के ट्रायल के लिए उद्योग मंत्री समीर महासेठ, कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत, जापान से आए उद्योगपति आनंद विजय समेत डीएम त्यागराजन एसएम व अन्य ने एयरपोर्ट से गया शहर का हवाई सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान हेलीकॉप्टर ढुंगेश्वरी, गुरपा पहाड़, विष्णुपद, सीताकुंड, महाबोधि मंदिर, सीता कुंड तक उड़ान भरा, फिर वापस गया एयरपोर्ट आ गया। हालांकि ट्रायल था इस लिए राजगीर नहीं जा सका। लेकिन आज से गया समेत राजगीर का पूरा लुत्फ पर्यटक एरियल व्यू से उठा सकेंगे। हेलीकॉप्टर से एरियल व्यू का पूरा कार्यक्रम 20 मिनट का होगा। गया से राजगीर हवाई रूट की दूरी 40 किमी है, हेलिकॉप्टर 20 मिनट में पूरा करेगा। यह सुविधा गया एयरपोर्ट से हर दिन मिलेगी। 7 से 5 हजार रुपए तक किराया लगेगा। एयरपोर्ट के डायरेक्टर वनजीत शाह ने कहा कि अब गया एयरपोर्ट से गया समेत राजगीर का एरियल व्यू का पर्यटक आनंद ले सकेंगे, इसका उद्घाटन कर लिया गया है। उद्घाटन समारोह गया एयरपोर्ट पर संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री समीर महासेठ, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. करुणा सागर आईपीएस, पूर्व डीजीपी तमिलनाडु और पर्यटन सचिव अभय सिंह समेत अन्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री कुमार सुरजीत कर रहे थे। इस मौके पर बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी व जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम शामिल रहे। सभी ने गया शहर का हवाई सर्वेक्षण किया। इस समारोह में शिरकत के लिए जापान से आए बड़े उद्योगपति आनंद विजय ने हवाई भ्रमण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एयरपोर्ट डायरेक्टर वनजीत शाह, एटीसी हेड अवधेश कुमार और डिप्टी कमांडेंट बलवंत कुमार सिंह का अहम योगदान रहा। कंपनी के पदाधिकारी अरविंद सिंह, विपिन सलोना, विपुल कुमार, रवि कुमार रजनीश कुमार और विवेकानंद शामिल थे।

## मेडिकल छात्रों का हंगामा



**पटना:** प्रैक्टिकल परीक्षा पास करने के नाम पर विभागाध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद सहित अन्य के द्वारा छेड़ छाड़ का मामले में गिरफ्तारी नहीं होने के कारण मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज PMCH से कारगिल चौक तक छात्र छात्राओं ने आक्रोश मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया है। आक्रोश मार्च के शामिल हुए पारा मेडिकल के छात्र छात्रा ने बताया कि पावा पुरी में प्रैक्टिकल के नाम पर एनेस्थीसिया के एच ओ डी बिजेंद्र प्रसाद ने ओटी असिस्टेंट के छात्रों से यह कहा कि हमारे साथ संबंध बनाओ, हमसे प्यार करो तो प्रैक्टिकल में पास कर देंगे साथ ही टॉप में शामिल करेंगे। जो यह निंदनीय ही नहीं बड़ी शर्मनाक घटना है। ऐसे चंद डॉक्टर के कारण सिर्फ डॉक्टर समाज बदनाम हो रहे हैं बल्कि कलंकित भी हो रहे है। और अब तक वैसे HOD पर न तो कोई करवाई की गई है और ना ही गिरफ्तार किया गया है। वह खुलेआम घूम रहा है। इसलिए बिहार के स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव से यह मांग करते हैं कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करें। नहीं तो इससे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। दरअसल ये मामला छह दिसंबर का है जहां नालंदा के पावा पुरी स्थित भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान के विभागाध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद पर छात्रा ने आरोप लगाया था कि प्रैक्टिकल में अच्छे नंबरों से नही बल्कि टॉप में आना है तो छात्राओं को मेरे साथ संबंध बनाना होगा। इसे लेकर पीड़िता ने गिरियक थाना नालंदा में एफआईआर दर्ज कराया था। घटना को छह दिन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं का गुस्सा चरम सीमा पर है। विभागाध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद की गिरफ्तारी नहीं होने पर आक्रोश मार्च निकाल कर सरकार से कार्रवाई करने की मांग किया है।

## हथियार सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

**बेगूसराय :** बिहार पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बेगूसराय पुलिस के सहयोग से बलिया थाना क्षेत्र के सतीचौरा के पास से हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। यह जानकारी सोमवार की शाम आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने दी।



एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि बलिया थाना क्षेत्र में सतीचौरा के पास कुछ अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने के चक्कर में हैं। एसटीएफ और बलिया थाना की पुलिस ने छापेमारी कर हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बलिया थाना क्षेत्र के पहाड़पुर दियारा निवासी सहसराम साह, ब्रजेश कुमार और शाम्हो थाना क्षेत्र के निवासी कुख्यात अपराधी बलराम चौधरी शामिल है।

एसपी ने बताया कि मार्च में जेल से निकलने के बाद इस तीनों अपराधी की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। एसटीएफ और बिहार पुलिस पीछे पड़ी हुई थी। रविवार को जानकारी मिली कि तीनों अपराधी एक बोलेरो से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। इसके बाद बलिया डीएसपी विनय कुमार राय के नेतृत्व में बनी टीम ने घेराबंदी कर सतीचौरा चौक के पास से गिरफ्तार किया। एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल व 28 गोली बरामद किया गया है। वहीं, बीते दिनों बलिया में मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच हुए हिंसक झड़प के मामले में भी एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलिया उपर टोला निवासी मंटुन पोद्दार के रूप में किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## वेदांता नर्सिंग होम का निबंध बहाल करने की मांग

**किशनगंज :** किशनगंज के वेदांता हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द किए जाने पर ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रतिनिधि के शिष्टमंडल सीएस डॉ. कौशल किशोर प्रसाद से उनके कार्यालय कक्ष में मिलकर हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन को बहाल करने की मांग की। शिष्टमंडल में आईएमए अध्यक्ष डॉ. ए के सिन्हा, सचिव डॉ. जकी अतहर ने बताया कि वेदांता हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन डॉ. वेद आर्य के नाम से है। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन में अस्पताल में आईवीएफ कराने का कोई जिक्र नहीं किया गया है। कहा



कि जांच द्वारा अस्पताल में आईवीएफ की सुविधा नहीं पाने के वजह से अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया है। आईवीएफ सुपर स्पेशिलिटी की सुविधा अस्पताल में नहीं है, यह सुविधा बड़े शहरों में उपलब्ध होता है।

इस वजह से अस्पताल में आईवीएफ सेवा की इच्छा लेने वाले मरीजों को कोलकाता ले जाकर बड़े अस्पताल में आईवीएफ की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं डॉ. वेद ने बताया कि वेदांता हॉस्पिटल आईवीएफ हॉस्पिटल नहीं है और आईवीएफ के आधार पर हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि आईवीएफ को आधार मानकर हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रद्द नहीं होना चाहिए।

## ससुराल गए युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत



**समस्तीपुर :** जिले के विभूतिपुर थाने के बाजितपुर बम्वैया पंचायत के अरूण चौक बेलसंडी डीह वार्ड-4 निवासी रामबली राय के पुत्र अशोक कुमार (30) का शव रविवार देर शाम गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अशोक की हत्या का आरोप ससुराल वालों पर है। परिजनों ने घटना की जानकारी विभूतिपुर पुलिस को दी है। हालांकि देर रात तक विभूतिपुर पुलिस नहीं पहुंची थी। विभूतिपुर पुलिस का कहना था कि मामला उनके थाना क्षेत्र का नहीं है। घटना के संबंध में मृतक के पिता रामबली राय ने कहा कि अशोक कुमार शनिवार को अपने ससुराल उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजिरपुर चपता गांव गया था। रात में अशोक ने अपने पिता को फोन जानकारी दी थी कि साले ने मारपीट की है। पत्नी समेत ससुराल वालों के साथ विवाद चल रहा था। अशोक की यह दूसरी शादी थी। रविवार को उजियारपुर बाबू पोखर के समीप बेहोशी हालत में होने की जानकारी पर परिवार वालों को मिली थी। उसे दलसिंहसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसे तीन वर्ष का एक पुत्र मयंक राज है। मृतक के ससुर देवकांत राय ने कहा कि शानिवार को उनका दामाद चपता पहुंचा था। जहां उनसे कहा सुनी हुई थी। उनसे कहा गया था कि वह पहले कमा कर पूर्व का कर्ज चुका लें फिर पत्नी को ले जाएं। रविवार को दिन के दस बजे घर से निकले थे। बाद में सूचना मिली की उनके दामाद ने जहर खा लिया है। बाबू पोखर के पास बेहोश हैं। फिर उन्हें लोग अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विभूतिपुर थानाध्यक्ष संदिप पाल ने कहा कि मामला दूसरे थाना क्षेत्र का है। परिजन अबतक किसी भी प्रकार का आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई होगी।

### मुखिया पर हमले के बाद मुखिया संघ की बैठक



**भागलपुर:** के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बलुआचक पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार मंडल पर एक शादी समारोह कार्यक्रम के दौरान सात दिसंबर को अपराधियों ने पिस्तौल के बट से मारकर घायल कर दिया था। घटना को लेकर मुखिया संघ के अध्यक्ष अजय कुमार राय ने दुख जताई है। उन्होंने मुखिया संघ की एक बैठक के दौरान कहा कि बिहार में मुखिया पर लगातार अपराधी गोलीबारी करते हैं। मुकेश कुमार मंडल पर हुई गोलीबारी की पहली घटना नहीं है। तीन बार इन पर हमला हो चुका है। प्रशासन से हम लोग मांग करते हैं कि उनकी जानमाल की सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड दे दिया जाए। वहीं उन्होंने आगे बताया कि मुकेश कुमार मंडल दलित है। इसलिए अक्सर उनके साथ यादव समाज के लोग मारपीट करते हैं। बैठक के दौरान अलग-अलग पंचायत के दर्जनों मुखिया मौजूद थे, जिन्होंने मुकेश कुमार मंडल से मारपीट किया है। वह भी बलवाचक पंचायत से सरपंच प्रतिनिधि है। जिसके खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की मांग की है। मुकेश कुमार मंडल को सुरक्षा गार्ड प्रदान करने की प्रशासन से गुहार लगाया है।

## खंडहर मकान की छत गिरी



**भागलपुर :** भागलपुर में सुल्तानगंज के महेशी पंचायत स्थित वार्ड-2 में खंडहर मकान की छत पर दौरान छत तेज आवाज के साथ गिर गई। मलबे में दबकर आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। एक बच्चे की मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर मलबे से बच्चों को बाहर निकाला। इसमें से मृतक हिमांशु उर्फ ओम कुमार मंडल के शरीर में सरिया धंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुमन कुमार (10) सत्यम कुमार (9) दोनों पिता पंकज मंडल, पीयूष कुमार उर्फ सन्नी कुमार (12) पिता रंजन मंडल उर्फ निरंजन मंडल, छोटू कुमार ( 17 ) पिता सत्री मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल सुमन कुमार, पीयूष और सत्यम कुमार की हालत गंभीर होने पर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि एक अन्य घायल सोम कुमार (4) पिता राजन मंडल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष प्रिय रंजन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पीड़ित परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। सीओ रवि कुमार ने बताया कि खंडहर मकान की छत गिरने से एक बच्चे की मौत हुई है। पीड़ित परिवार को आपदा से मिलने वाला लाभ नियमानुसार दिया जाएगा। घटनास्थल पर जुटे आसपास के लोगों ने बताया कि खंडहर मकान नरमदे सिंह, प्रेम शंकर सिंह एवं मुन्ना सिंह का है। इसमें कोई रहता भी नहीं है। पूर्व में मवेशी बांधने के काम में इसका इस्तेमाल किया जा रहा था। सुनसान होने से आए दिन आसपास के बच्चे छत पर खेला करते थे। घटना के पूर्व भी करीब आधा दर्जन बच्चे छत पर चढ़कर पतंग उड़ा रहे थे। सूचना पर सुल्तानगंज थानाध्यक्ष प्रिय रंजन, अंचल पुलिस निरीक्षक रतन लाल ठाकुर सहित सीओ रवि कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू कराया। लोगों ने बताया कि मृतक सहित कई अन्य बच्चे समीप के स्कूल में पढ़ाई करते हैं। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण खंडहर में घुम रहे थे।

## दोस्त ने ही की थी दोस्त की जमुई में हत्या

**जमुई :** जमुई में पुलिस ने बीते शुक्रवार को गरही थाना क्षेत्र के गिरिवर पहाड़ी से बरामद हुई युवक की लाश की हत्या के गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। घटना में शामिल मुख्य हत्या आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार की सुबह पुलिस ने गिरिवर पहाड़ी के पास से एक युवक की लाश बरामद की थी। उसकी गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान भागलपुर के सुल्तानगंज के रहने वाले राहुल कुमार के रूप में हुई थी। वह किशोर न्यायालय में एक मामले में सुनवाई के लिए जमुई आया था, इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।पूरे मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने इसमें शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि राहुल कुमार एक मामले में किशोर न्यायालय से सजा पाने के बाद बाल सुधार गृह में बंद था। इसी दौरान उसकी दोस्ती वहां बंद एक अन्य किशोर से हो गई थी। जब दोनों बाहर निकले तो




राहुल के कहने पर किशोर ने राहुल के पिता की दुकान में कुछ दिनों तक काम किया था, लेकिन इसी बीच दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद में किशोर ने राहुल को बुलाया और गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने टेक्निकल अनुसंधान के आधार पर मृतक की शिनाख्त की थी और उसके परिजनों को इसकी सूचना दी थी। मृतक शख्स खगड़िया में अपने मौसी के यहां रहता था और केस की तारीख पर जमुई आया था। इसी बीच उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है और गिरफ्तार किशोर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# बक्सर नगर भवन में 11 जोड़ियों की सामूहिक शादी

## हेमा पाण्डेय, निशा उपध्याय ने बांधा समा, कई लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ

**बक्सर:** बक्सर के नगर भवन में समर्थ फाउंडेशन के द्वारा एक बार फिर 11 जोड़ियां की सामूहिक शादी कराई गई। समर्थ फाउंडेशन के अध्यक्ष मिथिलेश पांडेय की देख-रेख में यह समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को दिन में 11 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 11 जोड़ियों की शादी की शुरूआत की गई। जिसमें समाज के कई लोगों का सहयोग भी प्राप्त हुआ है। मौके पर प्रसिद्ध गायिका हेमा पाण्डेय, निशा उपध्याय और लिटिल स्टार आर्यन पाण्डेय द्वारा मांगलिक गीत



से बराती और घराती को खूब झुमाया गया। जानकारी देते हुए समर्थ फाउंडेशन के अध्यक्ष मिथिलेश पांडे ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से लगातार यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी का भार समाज के समर्थ लोगों के द्वारा अबकी बार कार्यक्रम में सहयोग करने वाले लोगों में डॉक्टर दिलशाद आलम डॉक्टर पी के पांडे के साथ-साथ उपाध्यक्ष सिकंदर सिंह धीरज मिश्रा कोषाध्यक्ष राजन तिवारी का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बताया गया की गरीब परिवार द्वारा अपनी लड़की के लिए लड़का पसंद किया जाता है। जिनकी शादी धूमधाम से सामूहिक रूप से किया जाता है। 11 जोड़ों के लिए एक परिसर के अंदर अलग-अलग मंडप भी सजाए गए थे। नगर भवन का स्टेज आज जयमाल स्टेज बना हुआ था। इसमें समाज के प्रबुद्ध और सम्मानित विभूतियों के आशीर्वाद के अलावा इन जोड़ों को गृहस्थी आरम्भ करने के लिए महत्वपूर्ण सामग्री भी उपहार स्वरूप प्रदान किए जाते हैं।

# छोटा प्रयास-बड़ा बदलाव

कभी-कभी छोटे प्रयास समाज और जीवन में बड़े बदलाव की कहानी गढ़ देते हैं। इन कहानियों में छुपी होती हैं, इनसान की जिजीविषा। और इसमें यदि भगीरथ संकल्प शामिल हो तो यह बदलाव देशकाल की सीमाओं को लांघकर वैश्विक कल्याण का माध्यम बन जाता है। इस परिवर्तन के अमृतकाल में औद्योगीकरण और शहरी जीवनशैली के कारण गहराते वैश्विक जल संकट के बीच उल्लेखनीय कहानी उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड जैसे शुष्क क्षेत्र से उभर कर सामने आई है। आईआईटी मुंबई और अमेरिका के पिट्सबर्ग में कानेर्गी मेलन विश्वविद्यालय के स्नातक डॉ. रविकांत पाठक जलवायु परिवर्तन के कारण अपने गांव छेड़ा बसायक (हमीरपुर) में आसन्न स्थिरता संकट का सामना करने के लिए जड़ों की ओर लौटे हैं। वर्ष 2007 से इस दिशा में सक्रिय डॉ. पाठक ने 1000 एकड़ बंजर भूमि को समृद्ध खाद्य वन में बदल दिया है। आवर्तनशील (जैविक) खेती और गौशाला के माध्यम से स्थानीय किसानों के लिए पारिस्थितिक रूप से संचालित अर्थव्यवस्था की शुरूआत की है। स्वीडन के गोथनबर्ग विश्वविद्यालय में वायुमंडलीय वैज्ञानिक और एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) पाठक जल संकट की आहट को भांप चुके हैं। अब वह दुनिया के पहले जल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। वह कहते हैं कि यह विश्वविद्यालय जल अध्ययन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने और वैश्विक स्तर पर उभरती जल-संबंधी चुनौतियों का समाधान करने का सशक्त माध्यम होगा। साथ ही विश्वविद्यालय पर्यावरण, सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक बिंदुओं पर आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा। जल संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करेगा। डॉ. पाठक का कहना है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की हर घर नल से जल₹ योजना से बेहद प्रभावित हैं। इससे प्रेरित होकर वह देश के हर गांव में पानी की पाठशाला की स्थापना करने की योजना पर काम कर रहे हैं । विश्वविद्यालय का लक्ष्य पुरखों की जल संरक्षण की विधियों को लागू करने के लिए सरकारी निकायों, गैरसरकारी संगठनों और कॉर्पोरेट्स के साथ सहयोग करना है। जल विश्वविद्यालय का सपना कृषि क्षेत्र को सशक्त करना है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सलाहकार निकाय का एक संघ बनाया गया है। इसमें प्रतिष्ठित वैश्विक वैज्ञानिक, नवप्रवर्तक, विचारक, शोधकर्ता, प्रशासक और प्रबंधक शामिल हैं। इस प्रतिष्ठित समूह की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की कल्पना की गई है। यह समूह वैज्ञानिक अनुसंधान का संचालन करने के साथ नवाचार को बढ़ावा देगा। डॉ. रविकांत पाठक इस समूह को न केवल सलाहकार के रूप में बल्कि जल अध्ययन के भविष्य को आकार देने में भागीदार के रूप में देखते हैं। उन्हें भरोसा है कि सलाहकार निकाय का प्रभाव न केवल बुंदेलखंड की स्थानीय स्थिरता को प्रभावित करेगा, बल्कि विश्वस्तर पर भी इसकी गूंज पैदा करेगा। अपने स्वप्न को आकार देने के लिए कुछ माह के लिए स्वीडन से तीन दिन पहले भारत लौटे डॉ. पाठक सिर्फ कृषि और उसकी उर्वरता की बात ही नहीं करते। उनकी प्राथमिकताओं में गौशाला, आहार, आरोग्य और बच्चों के आंतरिक विकास और उनमें राष्ट्रीय चरित्र और नेतृत्व गढ़ना है। उनका दृढ़ मत है कि अगर खेती रहेगी, तो वन रहेगा। भू-जल बचेगा। गायों की रक्षा होगी तो पौधे बचेंगे।

# चंद्रयान-चार की ओर

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की नई कामयाबी गौर करने लायक है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक वापस लाकर अपनी विरल क्षमता का परिचय दिया है। भारत के चंद्र अभियान की यह एक महत्वपूर्ण कड़ी है। पूरी सावधानी के साथ भारतीय वैज्ञानिकों ने अपने इस अभियान को आगे बढ़ाया है। वह प्रणोदन मॉड्यूल पृथ्वी की कक्षा में लौट आया है, जिसे शुरू में चंद्रयान-3 लैंडर को चंद्रमा तक ले जाने का काम सौंपा गया था। साधारण शब्दों में समझें, तो भारत अब किसी चीज को चांद पर भेजने और फिर उसे वापस लाने की क्षमता तक पहुंच गया है। ध्यान रहे, चंद्रयान-4 के समय चांद से मिट्टी का नमूना लाने की योजना है और इसके लिए जरूरी है कि चांद पर यान के उतरने की क्षमता के साथ, वहां नमूना लेने और फिर पृथ्वी पर लौटने की योग्यता भी अनिवार्य है। यह बात वैज्ञानिक भी मानते हैं कि चंद्रयान-4 भारत के लिए उतना आसान नहीं होगा। सबसे महत्वपूर्ण होगा, चांद से वापस लौटने के लिए वहां की सतह से लॉन्च होना। चांद पर यान किसी सामान्य विमान की तरह उतरते या उड़ते नहीं हैं, अतः वहां उतरने और फिर उड़ने की क्षमता महत्वपूर्ण है। चांद से उड़ने के बाद चांद की कक्षा में यान पहुंचता है और उसके बाद वह फिर एक तरह से लॉन्च होकर पृथ्वी की कक्षा में पहुंचता है। पृथ्वी की कक्षा से भी यान को लॉन्च होकर पृथ्वी पर उतरना होगा। इसके लिए यान से यान का अलग होना और फिर जुड़ने की क्षमता हासिल करना जरूरी है। इसरो के वैज्ञानिक इन तमाम प्रक्रियाओं में सफल उतरने के लिए दिलोजान से जुटे हैं। चंद्रयान-4 के तहत जिस विशेष यान को बनाने की तैयारी है, वह अगले साल के अंत तक तैयार हो जाएगा। चांद पर मानव को भेजने के अभियान में भारत को अभी समय लगेगा। हम अपने दम पर साल 2040 में ही चांद पर इंसान भेज पाएंगे। ध्यान रहे, भारत चांद पर पानी खोजने का एक अन्य अभियान जापान के साथ मिलकर भी चलाने वाला है। बहरहाल, यह कहना चाहिए कि भारत अंतरिक्ष अभियान के मामले में कुछ देरी से चल रहा है। हम अपना अंतरिक्ष केंद्र साल 2035 तक बना लेंगे, पर नासा ने 6 दिसंबर को अपने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के 25 साल पूरे कर लिए हैं।

# पूर्वोत्तर में कांग्रेस के 'पराई' होने के निहितार्थ

ANALYSIS



डॉ. रमेश ठाकुर

**चुनावी मौसम में सियासी लहर सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की ही बहती थी। फिर, चुनाव चाहे पंचायती हो, या लोकसभा का, सभी में पार्टी की विजयी सुनिश्चित हुआ करती थी। लेकिन अब सियासी परिदृश्य पहले के मुकाबले एकदम जुदा है। अवाम ने पुरानी पटकथाओं को नकार दिया है। कांग्रेस के लिए वहां स्थिति अब ऐसी है कि सूफड़ा ही साफ हो गया है। हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुर्गति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाए राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा।**

सियासत अपने रंग-ढंग बदलती रहती है जिसकी पटकथा समय लिखता है, जो समय के साथ नहीं बदलता, समय उसे बदल देता है। समय की गति को समझने में कांग्रेस शायद गच्चा खा गई। पूर्वोत्तर से कांग्रेस का तकरीबन बोरिया-बिस्तर बंध चुका है। एक जमाना था, जब पूर्वोत्तर राज्यों में मुल्क के सबसे उम्रदराज सियासी दल ह्लकांग्रेसह्व का बोलबाला होता था। कांग्रेस के मुकाबले अन्य दल वहां बिल्कुल भी नहीं टिकते थे। चुनावी मौसम में सियासी लहर सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की ही बहती थी। फिर, चुनाव चाहे पंचायती हो, या लोकसभा का, सभी में पार्टी की विजयी सुनिश्चित हुआ करती थी। लेकिन अब सियासी परिदृश्य पहले के मुकाबले एकदम जुदा है। अवाम ने पुरानी पटकथाओं को नकार दिया है। कांग्रेस के लिए वहां स्थिति अब ऐसी है कि सूफड़ा ही साफ हो गया है। हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुर्गति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाए राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा। उनका जनाधार और उनके खांटी कार्यकर्ता अब अपना रास्ता बदल चुके हैं। पूर्वोत्तर में कांग्रेस की ऐसी दुर्गति क्यों हुई? इस पर समीक्षा या आकलन करने



की ज्यादा आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के बेदखली के कारण कुछ सामने दिखाई देते हैं। मोटे तौर पर कुछ कारण ऐसे हैं जैसे, स्थानीय नेताओं को इग्नोर करना, सभी फैसले दिल्ली में बैठे शीर्ष नेताओं द्वारा लेना, टिकट का वितरण सिफारिशों के जरिए होना, प्रदेश स्तरीय जमीनी मुद्दों को नकारना, वहां के नेताओं-कार्यकताओं का अपमान-तिरस्कार करना और दिल्ली बुलाकर खुलेआम लज्जित करने वाले कारण प्रमुख हैं। यही वजह है कि 10 जनपद और पूर्वोत्तर राज्यों की दूरी धीरे-धीरे बढ़ती गई। तभी, पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने अपमान का कड़वा घूंट पीकर विगत वर्षों से खुद से निर्णय लिया कि अब वो दिल्ली पर निर्भर नहीं रहेंगे, अपना रास्ता खुद तय करेंगे। मिजोरम में इस दफे जेडपीएम को बहुमत मिला है, उसके ज्यातर नेता कभी दिल्ली का मुंह ताका करते थे। पर, जब से उन्होंने दिल्ली आना बंद किया और अपने यहां छोटे-मोटे एकाध दलों के साथ मिलकर संगठन बनाया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। मिजोरम में बिना किसी के सहयोग से जेडपीएम अपनी सरकार बना रही है। बहरहाल, सेवन सिस्टर्स कहे जाने वाले पूर्वोत्तरी क्षेत्र नगालैंड, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में कांग्रेस एक साथ नहीं पिछड़ी, बल्कि धीरे-धीरे खत्म हुई। 2014 में केंद्र से जैसे कांग्रेस की छुट्टी हुई। तभी से उपरोक्त राज्यों की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। बदली तस्वीर कांग्रेस के बूढ़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती भी रही। बावजूद इसके उन्होंने रोकने की जरा भी कोशिशें नहीं की? 2018 में मिजोरम विधानसभा के वक्त वहां से एक स्थानीय कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मौजूदा हालात पर सियासी विचार-विमर्श करने दिल्ली पहुंचा था। वो सोनिया गांधी, राहुल गांधी या फिर प्रियंका गांधी में किसी एक से मिलने के इच्छुक थे। लेकिन तीनों में किसी ने मिलने तक का समय नहीं दिया। वो प्रतिनिधिमंडल पांच दिनों तक दिल्ली में डेरा डाले रहा, उनसे मिलना गांधी परिवार ने उचित नहीं समझा। बल्कि उनको ये संदेश पहुंचाया गया कि प्रदेश के मुद्दों पर विचार करना और निर्णय लेना उनका काम है तुम वापस जाओ। सोचने वाली बात है। जब, लोकल लीडरशिप के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा तो पार्टी का सूफड़ा साफ होना तय है। कमोबेश, हो भी कांग्रेस के साथ वैसा ही रहा। बल्कि, उससे और ज्यादा होता दिख रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस पूर्व विपक्ष की भूमिका में भी नहीं रही। स्थिति अगर ऐसी ही बनी रही तो वह दिन दूर नहीं, जब कांग्रेस की चर्चा वहां सिर्फ कागजों में ही हुआ करेगी। दरअसल, कांग्रेस अपने भीतर से एक बड़ी गलतफहमी नहीं निकाल पा रही। वो गलतफहमी है उनका मतदाताओं को अपनी जागीर समझना? कांग्रेस को लगता है कि वहां के वोटर तो उनके स्थाई हैं, कभी पाला नहीं बदलेंगे। पूर्वोत्तर के अलावा मैदानी और पहाड़ी राज्यों में भी ऐसी ही भूल कर रही है। पंजाब में चन्नी-सिद्धू का मसला अगर समय रहते सुलझा होता तो वहां भी ऐसी नौबत नहीं आई होती? हरियाणा, उत्तराखंड और ताजा तरीन राजस्थान में भी यही हुआ। राजस्थान में पायलट-गहलोत के बीच शुरू से आखिर तक बरकरार रहा अंतर्विरोध, जिसका खामियाजा उन्होंने जीता-जिताया प्रदेश हरवा डाला। फिलहाल, पूर्वोत्तर में चुनावों में लगातार मिल रही हार ने कांग्रेसी कार्यकताओं और नेताओं में मायूसी छा दी। यही कारण है कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता जनता से भी दूर होते गए जिसका नुकसान कांग्रेस को चुनाव दर चुनाव उठाना पड़ रहा है। मिजोरम के रिजल्ट ने कांग्रेस के लिए भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत कर दी है कि पूर्वोत्तर में कांग्रेस की तानाशाही सियासी रणनीति अब नहीं चलने वाली, नए सिरे से रणनीति बनानी होगी। वरना, 2024 में भी ऐसी ही तस्वीर देखने को मिलेगी। कांग्रेस के न रहने से जितना स्पेस खाली होएगा, उसका बिना देर किए फायदा भाजपा उठाएगी। कांग्रेस के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र किसी वंडरलैंड से कम नहीं रहा, क्योंकि वहां क्षेत्रीय जनता के अलावा प्राकृतिक आशीर्वाद भी उन्हें प्राप्त हुआ। पर, सियासी घमंड में चूर कांग्रेस दोनों को नहीं पचा पाई, मतदाताओं को अपनी स्थाई जमीन समझने की भूल करते रहे। एक वक्त था, जब जनता के प्रति भी कांग्रेस को लेकर दीवानगी थी कि कांग्रेस के सिवाए उन्हें कोई दूसरा दल नहीं भाता था। जनता की कई आकांक्षाएं और अपेक्षा थी जिसे पूरा करने में कांग्रेस असफल रही। मणिपुर में उपजी जातीय हिंसा भी पूर्व की घटनाओं की देन हैं। कई ऐसे पुराने मसले हैं जो जिन्न बनकर बोतल से बाहर एक-एक करके निकल रहे हैं। पूर्वोत्तर में पड़ोसी देश म्यांमार और बांग्लादेश से मादक पदार्थों की सप्लाई का विरोध सेवन सिस्टर्स राज्य बहुत पहले से करते आए हैं, जिस पर कांग्रेस की केंद्र सरकार ने कभी गौर नहीं किया। राज्य सरकारों ने अपने बूते कुछ करना भी चाहा, तो उन्हें रोका गया। इन्हीं सभी बातों का गुस्सा जनता अब चुनावों में कांग्रेस से ले रही है। सेवन सिस्टर्स राज्यों की चुनावी रिजल्ट वाली तस्वीर कांग्रेस को बेहद परेशान किए हुए, अगर सिलसिला यूं ही रहा तो 2024 में भी कांग्रेस खाली हाथ रहेगी। पूर्वोत्तर के लिए कांग्रेस को नई रणनीति बनाने की दरकार है। साथ ही स्थानीय नेताओं को तवज्जो देकर वहां से ताल्लुक रखने वाले तमाम निर्णयों को उन्हीं पर छोड़ना होगा। पर, शायद ही हो, कांग्रेस इतना नीचे झुक पाए।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# कहां गए पुश्तैनी फैमिली डॉक्टर?

अगर आपकी उम्र 45-50 साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में ऐसे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे। क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे । वह रोगी की सारी व्यथा को सुनने के बाद सही दवाई बताते थे, क्योंकि उन्हें रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी होती थी। बहुत अवसरों पर तो इनमें पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उसे ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्त सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लीनिकों, नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने। उनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। वह फैमिली डॉक्टर से बिलकुल ही अलग होता है। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वह अपना डॉक्टर का बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाता था। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाशता करने के बाद ही जाता। लेकिन, अब वह परंपरा पूरी तरह से खत्म हो गई है। बिहार के बेगूसराय में डॉ. अमृता सैकड़ों परिवारों की फैमिली डॉक्टर हुआ करती थीं। बीती दीवाली से पहले उनके निधन से उनके अनगिनत रोगी शोक में डूब गए। जानी-मानी गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमृता डेंगू संक्रमण का शिकार हो गईं। प्रतिभाशालिनी डॉक्टर थीं अमृता मैडम । सहृदय और संवेदनशील चिकित्सक थीं। हरेक रोगी का पूरे मन से इलाज करती। डॉ. अमृता गरीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करती थीं। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। नियति की क्रूरता का कोई उत्तर नहीं मिलता। वह सच में एक समर्पित फैमिली डॉक्टर थीं। श्रमिकों के शहर कानपुर के रहने वाले मित्र बताते हैं कि वहां पर कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तो तभी जांच करायेंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उल्टियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाता। राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशयन के साथ-साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लीनिक में ह्लतमसह्व जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे। भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता। सुबह से शाम तक रोगी आते-जाते रहते। उनमें महिलाएं ही अधिक होतीं । मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद डॉ.कुसुम ने ह्लअपना होपह्व नाम से क्लीनिक खोला था। उनका बांझ स्त्रियों के इलाज में महत्वपूर्ण शोध था। डॉ.कुसुम देश की उन पहली चिकित्सकों में थी, जिन्होंने सैकड़ों निःसंतान दम्पत्तियों को कृत्रिम गभार्धान विधि से संतान सुख दिया था। वह महिला बांझपन के लक्षण, कारण, इलाज, दवा, उपचार पर निरंतर अपने रिसर्च पेपर देश-विदेश में होने वाले सम्मेलनों में प्रस्तुत कर ही रही थीं। पर डॉ.कुसुम की 2013 में अकाल मृत्यु से बहुत रोए थे उनके रोगी भी । अब तो रोगी डॉक्टरों के पास जाने से भयभीत रहते हैं। उन्हें पता होता है कि डॉक्टर साहब उन्हें एक बाद एक टेस्ट करवाने के लिए कहेंगे। यह अच्छी बात है कि कुछ डॉक्टरों ने रोगियों के अनाप-शनाप टेस्ट करवाने की बढ़ती मानसिकता पर विरोध भी जताया है। वे इन टेस्ट को बंद करने की जोरदार तरीके से वकालत कर रहे हैं। किसी डॉक्टर को कायदे से रोगी को कितने टेस्ट करवाने के लिए कहना चाहिए? इस सवाल का जवाब तो डॉक्टर ही दे सकते हैं, पर रोगियों को अनेक टेस्ट करवाने के लिए कहना अब रोगियों और उनके संबंधियों के लिए जी का जंजाल बन चुका है। उस दीन-हीन रोगी को पता ही नहीं होता कि जिन टेस्ट को करवाने के लिए उससे कहा जा रहा है, उसकी उसके इलाज में कितनी उपयोगिता है। चूंकि डॉक्टर साहब का आदेश है तो उसका पालन करना उस बेचारे रोगी का धर्म है। यह सब डॉ. कुसुम और डॉ. अमृता जैसे डॉक्टर नहीं करते थे। इसलिए ही इन डॉक्टरों का समाज में सम्मान था। उन्हें भगवान समझा जाता था। अब तो शायद ही कोई बहुत भाग्यशाली रोगी होगा, जिसे डॉक्टर ने बहुत से टेस्ट करवाने के लिए नहीं कहा हो। कुछ डॉक्टरों की इसी सोच को चुनौती दे रहे हैं जिनमें हैं, राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉ. राजीव सूद, एम्स के प्रख्यात कार्डियालोजिस्ट डॉ. बलराम भार्गव और सर गगांराम अस्पताल के गेस्ट्रो विभाग में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. समीरन नंदी। डॉ. राजीव सूद मौलाना आजाद मेंडिकल कॉलेज तथा एम्स के छात्र रहे। एम्स से यूरोलोजी की डिग्री लेने के बाद वे राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े। डॉ. राजीव सूद 40 सालों की सरकारी सेवा करने के बाद हाल ही में रिटायर हुए तो उनके सैकड़ों रोगी परेशान हैं। वे तो निस्वार्थ भाव से रोगियों का इलाज कर रहे थे। मुश्किल से मिलते हैं उनके जैसे डॉक्टर।

# Social Media Corner

सच के हक में...



आर्टिकल 370 हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आज का निर्णय ऐतिहासिक है, जो 5 अगस्त, 2019 को संसद में लिए गए फैसले पर संवैधानिक मुहर लगाता है। इसमें जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के हमारे भाई-बहनों के लिए उम्मीद, उन्नति और एकता का एक सशक्त संदेश है। माननीय कोर्ट के इस फैसले ने हमारी राष्ट्रीय एकता के मूल भाव को और मजबूत किया है, जो हर भारतवासी के लिए सर्वोपरि है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



उपलब्ध संसाधनों के साथ हम राज्य के सभी वर्गों के हक-अधिकार को सुनिश्चित करने का काम कर रहे हैं। हमारा 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए भी केंद्र सरकार के पास बकाया है, जो राज्य को नहीं दिया जा रहा है। एजेंसियों के माध्यम से यह लोग सरकार की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं जबकि हम लोगों तक योजनाओं को पहुंचाकर, उन्हें अधिकार देकर, उनके आंसू पोछने का काम कर रहे हैं। आपके पास विपक्ष के लोग आयें तो आप उनसे पूछियेगा 20 साल उन्होंने क्या किया? जितना यह 20 साल नहीं कर पाए उससे कई गुना ज्यादा लोगों तक हमने 3-4 साल में ही योजनाओं को पहुंचाने का काम किया है। हम अपने युवा राज्य को मजबूत करने का काम कर रहे हैं, अपने गांव को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। आज सभी के परिवार में कोई न कोई व्यक्ति किसी न किसी योजना से जोड़ा जा रहा है।

**(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# याद बोलती फिल्मों के जनक आर्देशिर ईरानी की

भारतीय सिनेमा में पहली बोलती फिल्म का श्रेय आलमआरा फिल्म को जाता है। यह 14 मार्च, 1931 को मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म के निमार्ता थे इंपीरियल फिल्म कंपनी के मालिक आर्देशिर ईरानी। इस पहली बोलती फिल्म के नायक थे मास्टर विट्ठल और नायिका थीं जुबैदा। इसमें पृथ्वीराज कपूर, जिल्लो और अंधे फकीर की भूमिका में डबल्यू.एम. खान भी थे, जिन पर फिल्म इतिहास का पहला गाना- दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत है अगर देने की-भी फिल्माया गया था। 10 दिसंबर, 1885 को पुणे में जन्मे आर्देशिर ईरानी ने मुंबई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से शिक्षा ग्रहण की थी और कुछ दिन वहां पढ़ाया भी था। बाद में अपने पिता की फोटोग्राफी और संगीत यंत्रों की दुकान संभालने लगे थे। फोटोग्राफी की दुकान के चलते ही उनका रुझान फिल्मों की तरफ हुआ और शायद संगीत स्वरों ने उन्हें सवाक फिल्म बनाने की प्रेरणा भी दी। 1905 में वे विदेशी फिल्म कंपनी यूनिवर्सल के भारतीय एजेंट बने और अस्थाई सिनेमा हॉल (जो कि टेंट में लगा करते थे ) में विदेशी फिल्में मंगा कर दिखाने लगे। इधर, भारत में भी दादा साहब फाल्के के प्रयासों के बाद मूक फिल्मों का निर्माण शुरू हो गया था। 1917 में आर्देशिर ईरानी ने अपने मित्र भोगीलाल दवे के साथ मिलकर जो कि न्यूयार्क से फिल्म फोटोग्राफी का कोर्स करके आए थे एक ₹स्टार फिल्म कंपनी₹ बनाई और इसके तहत वीर अभिमन्यु नाम की फिल्म बनाई। 1922 में बनी इस फिल्म को बनाने में उन्होंने उस समय इसके निर्माण में एक लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बाद आर्देशिर ईरानी ने नवल गांधी के साथ मिलकर मैजेस्टिक फिल्म कंपनी बनाई और उसके तहत कई ऐतिहासिक फिल्मों का निर्माण किया। इस कंपनी में रहते हुए उन्होंने वीर दुगार्दास और रजिया सुल्तान जैसी ऐतिहासिक फिल्में बनाईं। फिल्मों को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने की धुन में वे लगातार नए-नए पार्टनर तलाशते रहते थे । 1925 में मैजेस्टिक कंपनी को छोड़कर कुछ नए लोगों के साथ उन्होंने रॉयल आर्ट स्टूडियो बनाया जिसके तहत मूलराज सोलंकी नामक ऐतिहासिक फिल्म बनाई। आखिरकार 1926 में उन्होंने अब्दुल अली, युसूफ अली के साथ इंपीरियल फिल्म कंपनी बनाई जो भारतीय फिल्म निर्माण के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म कंपनी ने फिल्म उद्योग को सबसे ज्यादा सितारे दिए। उनमें बिलिमोरिया बंधु , पृथ्वीराज कपूर, महबूब खान, याकूब, मुबारक आदि प्रमुख हैं। चालीस की उम्र तक आते-आते आर्देशिर ईरानी निमार्ता, निर्देशक, वितरक और प्रदर्शक के रूप में एक बहुत बड़ी हस्ती बन चुके थे। विदेशी कंपनी यूनिवर्सल के प्रतिनिधि होने के कारण वे इसी की तर्ज पर इंपीरियल फिल्म कंपनी को भी वैश्विक रूप प्रदान करना चाहते थे। उन्होंने हिंदुस्तानी, गुजराती, मराठी तमिल, तेलुगु ,मलयालम भाषा में तो रुचिकर फिल्में बनाई हीं बल्कि बर्मी, पश्तो और फारसी में भी फिल्मों का निर्माण किया। आलमआरा के सेट पर ही उन्होंने उसे समय तमिल में कालिदास फिल्म का निर्माण किया था। उनकी दूसरी सवाक फिल्म नूरजहां (1934) थी, जिसे हिंदी और अंग्रेजी भाषा में बनाया गया था । इसमें विमला, नायमपल्ली और मजहर खान ने काम किया था। अंग्रेजी फिल्म बनाने के कारण अंग्रेज सरकार ने उनको खान बहादुर की पदवी प्रदान की थी। उन्होंने 1937 में भारत की पहली रंगीन फिल्म किसान कन्या का निर्माण कर एक और मील का पत्थर अपने जीवन में जोड़ा। हालांकि फिल्म से उनको बहुत घाटा हुआ और उन्होंने इसके बाद लगभग फिल्म बनाना बंद ही कर दिया। उनकी अंतिम फिल्म पुजारी 1945 में आई थी। पहले और दूसरे विश्व युद्ध के 20 वर्ष के दौरान उन्होंने 158 फिल्मों का निर्माण किया।

# घिनौना ध्रुवीकरण

लोकसभा में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के सांसद एस. सेंथिलकुमार ने उत्तर भारतीय राज्यों पर जिस तरह की टिप्पणी की उससे उन्हें बचना चाहिए था। बाद में उस टिप्पणी को रिकॉर्ड से हटा दिया गया। आस्था, खान-पान या सांस्कृतिक रस्मों के लिए अपने ही साथियों के बारे में अपमानजनक बातें करना, विद्वेष से कम नहीं है। भारत जैसे विशाल मुल्क में राजनीतिक प्राथमिकताएं क्षेत्र-दर-क्षेत्र अलग-अलग होती हैं। इस विशाल भूखंड में कई चीजों के स्तर पर भीषण असंतुलन हैं। मिसाल के तौर पर साक्षरता एवं शिक्षा, प्राकृतिक संसाधन, व्यापार मार्गों तक पहुंच और जनसांख्यिकीय ढांचे को देखा जा सकता है। ऐसे असंतुलन, देश की राजनीतिक और आर्थिक संरचनाओं में भी मौजूद हैं। कुछ इलाके आर्थिक रूप से ज्यादा उन्नत हैं, जबकि कुछ इलाकों में देश की राजनीतिक दिशा को प्रभावित करने की ज्यादा क्षमता है। ऐसे असंतुलन के अलावा, धर्म, भाषा, संस्कृति और खान-पान के मामले में भारत में व्यापक विविधता है। धरती पर मौजूद सबसे ज्यादा विविधिता और आबादी वाले इस लोकतांत्रिक देश को अपने अंदाज में एकजुट करने में राजनेताओं को भी इसी असंतुलन और विविधा की चुनौतियों से जूझना पड़ता है। हालांकि, भारत ने इन असंतुलनों को दूर करने और विविधता को साधने की दिशा में काफी प्रगति की है, लेकिन जो अधूरे काम बचे हुए हैं उनका ईमानदार मूल्यांकन जरूरी है। क्षेत्रीय पहचानों और असंतुलन को दबाया नहीं जाना चाहिए या उन्हें चुप रहने पर मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। अगर ऐसा किया जाता है, तो वह अधिनायकवादी देश बनाने की कोशिश होगी। सांसद और उनकी पार्टी ने उस अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांग ली है। अब उस प्रकरण का पटाक्षेप हो जाना चाहिए।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# शहरी भारत की नौकरियों में कम होती जारी महिलाओं की हिस्सेदारी

## वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में टूटे छह साल के रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।** भारत के शहरी इलाकों में नियमित वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी कम होती जा रही है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के लेटेस्ट तिमाही डेटा की एनालिसिस से पता चलता है कि वित्त वर्ष 24 की सितंबर तिमाही में नौकरियों को लेकर महिलाओं की हिस्सेदारी नए निचले स्तर पर पहुंच गई। इसकी मुख्य वजह यह भी है कि कंपनियां अब अपने कर्मचारियों को ऑफिस बुला रही हैं। पीएलएफएस डेटा की एनालिसिस से पता चला है कि नौकरियों पर काम करने वाली कुल महिलाओं में\` निये मित वेतन पर काम करने वाली महिलाओं की संख्या वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में घटकर 52.8 फीसदी हो गई है, जबकि वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में यह 54 प्रतिशत थी। जब से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने वित्त वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में तिमाही के आधार पर पीएलएफएस सर्वे जारी करना शुरू किया है, यह पिछले छह सालों में किसी भी तिमाही में वेतन रोजगार में महिलाओं की सबसे कम हिस्सेदारी है। वित्तीय वर्ष 2011 की पहली तिमाही में मजदूरी के काम में महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 61.2 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण से पता चला है कि स्व-रोजगार महिलाओं की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 39.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 40.3 प्रतिशत हो गई, जबकि आकस्मिक श्रमिकों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही 6.8 प्रतिशत के मुकाबले वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में मामूली बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो गई। नियमित वेतन या सैलरी वाले कामों में, श्रमिकों को नियमित रूप से फिक्स्ड वेतन मिलता है और आम तौर पर इसे एक कैजुअल वर्कर के रूप में काम करने या स्व-रोजगार के मुकाबले एक बेहतर रोजगार माना जाता है क्योंकि कैजुअल वर्कर या स्व-रोजगार में उन लोगों की भी गिनती कर ली जाती है जो कृषि क्षेत्रों में अवैतनिक घरेलू मदद के रूप में काम कर रहे हैं या एक छोटा सा उद्यम चला रहे हैं।

# लहसुन की कीमत 300 से 400 रुपए किलो



**नई दिल्ली ।**

लहसुन की कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। लहसुन अब आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगा है। रिटेल बाजार में लहसुन की कीमत 300 से 400 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। जानकारों के मुताबिक लहसुन की कीमतों में और उछाल देखने को मिल सकता है। मौसम की मार के चलते लहसुन की फसल खराब हुई है।

इसका असर लहसुन के उत्पादन पर पड़ा है। इस खराब फसल की वजह से आपूर्ति में गिरावट आई है। महाराष्ट्र में अब मुंबई के थोक व्यापारी गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से लहसुन खरीद रहे हैं। इससे रसद लागत और बाकी स्थानीय शुल्क बढ़ गए हैं। इसका असर लहसुन की कीमतों पर पड़ा है। लहसुन की कीमतों में बेतहाशा इजाफा हुआ है। लहसुन की कम आपूर्ति के कारण पिछले कुछ हफ्तों में इसकी कीमत करीब दोगुना तक बढ़ चुकी है। व्यापारियों का अनुमान है कि स्थिति में जल्द सुधार नहीं होगा। अभी लहसुन की कीमतों में गिरावट के आसार नहीं हैं। वहीं उपभोक्ताओं को नए मूल्य स्लैब से भी परेशानी महसूस हो रही है, जो पिछले महीने एपीएमसी थोक यार्ड में 100-150 प्रति किलोग्राम के पिछले टैरिफ से 150-250 प्रति किलोग्राम पर बेचा जाता है। इस बदलाव ने खुदरा कीमत को अब 300 से 400 प्रति किलोग्राम तक पहुंचा दिया है। व्यापारियों के मुताबिक ऊटी और मालापुरम से आपूर्ति में काफी गिरावट आई है, जिससे महंगाई बढ़ गई है। पिछले महीने की तुलना में कीमतें इस सीजन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। इससे रसोई के बजट पर असर पड़ा है।

# ओकिनावा को फेम-2 उल्लंघन मामले में नहीं मिलेगी राहत

## -राहत देने से केंद्र सरकार ने किया इनकार

**नई दिल्ली ।**



इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओकिनावा ऑटोटेक इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड (ओकिनावा) को फेम-2 योजना के उल्लंघन मामले में अंतरिम राहत नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि उसने खुद 'स्वीकार' किया है कि उसने 'इस योजना का उल्लंघन किया है।' यह कहना है कि केंद्र सरकार का। दिल्ली उच्च न्यायालय में जाने वाली पहली मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) ओकिनावा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर 116 करोड़ रुपये की वसूली के सरकार के निर्देश के खिलाफ रोक के आदेश की मांग की थी, जिसका उसने फेम योजना के तहत प्रोत्साहन के रूप में दावा किया था। ओकिनावा के एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि कंपनी ने सरकार के खिलाफ एक रिट याचिका दायर की गई है, जिसमें अधिकारियों द्वारा गलत मांग और फेम2 योजना तथा उसके तहत जारी पत्र/अधिसूचनाओं की उनकी व्याख्या का विरोध किया गया है।

इस याचिका में फेम2 का प्रोत्साहन भुगतान हासिल करने में 15 महीने से अधिक की देरी के बारे में भी बताया गया है। याचिका पर अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होनी है।अदालत में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एन वेंकटरमन ने कहा कि याचियों ने खुद कबूल किया है कि याची (ओकिनावा) ने फेम योजना का उल्लंघन किया है और चूंकि उन्होंने कबूल किया है, इसलिए वे अदालत से किसी भी अंतरिम राहत के हकदार नहीं हैं।एएसजी ने उस दस्तावेज की ओर भी इशारा किया, जो याची द्वारा 23 पुर्जों की सूची प्रदान करते हुए दिया गया है। इसमें ट्रैक्शन बैटरी पैक, डीसी-डीसी कनवर्टर चार्ज, ट्रैक्शन मोटर, व्हील रिम आदि शामिल हैं। एएसजी ने कहा कि यह सूची याचियों द्वारा दी गई है, जिसमें कहा गया है कि ये हिस्से आयात किए गए हैं और इसलिए याचियों का यह रुख कि साल 2021 तक केवल ऑनबोर्ड चार्जर, हब मोटर और मोटर कंट्रोलर ही आयात किए गए थे, सही नहीं है।

# टाटा पावर, इंडियन ऑयल ने 500 ईवी चार्जिंग पॉइंट के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली।**



टाटा पावर और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने देश भर में तेल विपणन कंपनी के पेट्रोल पंपों पर 500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग पॉइंट शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। टाटा पावर के एक बयान के अनुसार, ये ईवी चार्जिंग पॉइंट मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद, पुणे और कोच्चि जैसे प्रमुख शहरों के साथ-साथ मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे, सलेम-कोच्चि हाईवे, गुंटूर-चेन्नई हाईवे जैसे प्रमुख राजमार्गों पर स्थापित किए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि यह रणनीतिक सहयोग एक विश्वसनीय और विस्तृत इंटरसिटी चार्जिंग नेटवर्क बनाने पर केंद्रित है जो शहरों के बीच यात्रा करने वाले ईवी मालिकों के लिए रेंज की चिंता को कम करने में मदद करेगा। यह समझौता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) द्वारा पिछले सप्ताह इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 7,000 चार्जिंग पॉइंट स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद हुआ है। बीपीसीएल ने कहा, समझौते का उद्देश्य बीपीसीएल के व्यापक ईंधन स्टेशनों के नेटवर्क और सड़कों पर टाटा ईवी से टीपीईएम की जानकारी का लाभ उठाना है, ताकि टाटा ईवी मालिकों द्वारा अक्सर आने वाले स्थानों पर चार्जर स्थापित किया जा सके। इसके अलावा, बीपीसीएल ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए चार्जर के उपयोग पर जानकारी एकत्र करेगा।

# देश में इस साल ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की नियुक्ति 7.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।**

देश में ब्लू-कॉलर कार्यबल में 2023 में नियुक्ति में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें लॉजिस्टिक्स, निर्माण और रियल एस्टेट, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी शानदार नौकरी के अवसरों के लिए टॉप सेक्टर के रूप में उभरे। नियुक्ति में वृद्धि के मामले में कोलकाता लीडिंग मेट्रो सिटी के रूप में उभरा। पुणे और चंडीगढ़ रोजगार के अवसरों में पर्याप्त प्रगति प्रदर्शित करते हुए टॉप-टियर 2 शहर रहे।ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड के अनुसार, एसएमबी की वृद्धि, शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, सर्विस सेक्टर का विस्तार और लागत प्रभावी श्रम बाजार सहित कई फैकटर्स इन शहरों में बढ़ती नौकरी वृद्धि में योगदान दे रहे हैं। इनडीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, 2023 में विशेष रूप से टियर-2 शहरों में नियुक्ति में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, नई तकनीक अपनाने वाले संगठन उज्ज्वल भविष्य के लिए नौकरी चाहने वालों के बीच स्किल्स बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।ब्लू-कॉलर नियोक्ताओं (49 प्रतिशत) ने 2023 में जनरेशन जेड टैलेंट (26 साल से कम उम्र वाले) की तलाश की, जबकि वाइट-कॉलर (41 प्रतिशत) ने मिलेनियल (27 से 41 की उम्र के) उम्मीदवारों की तलाश की। डिजिटल लिटरेसी (27 प्रतिशत) और फिजिकल स्ट्रेंथ (83 प्रतिशत) दोनों भी प्राइमरी हार्ड और सॉफ्ट स्किल्स में से हैं जिनकी नियोक्ता भर्ती करते समय इच्छा रखते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके विपरीत, वाइट-कॉलर नियोक्ताओं द्वारा मिलेनियल भर्तियों के लिए प्राथमिकता उन कार्यों के लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण का सुझाव देती है जिनके लिए एक्सपीरियंस और रिफाइन स्किल सेट की आवश्यकता हो सकती है। निष्कर्षों से यह भी पता चला कि नियोक्ता नेक्स्ट-जनरेशन की टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए तैयार हैं।42 प्रतिशत नियोक्ताओं ने 2024 में छोटे कदम उठाकर एआई के साथ एकीकरण शुरू करने में अपनी रुचि दिखाई, 19 प्रतिशत नियोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने पहले ही इसे लागू कर दिया है।

## आरबीआई ने कर्ज माफी की पेशकश वाले विज्ञापनों पर जारी की चेतावनी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कर्ज माफी की पेशकश कर कर्जदारों को लुभाने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर चेतावनी जारी की।ऐसी संस्थाओं द्वारा बिना किसी अधिकार के ऋण माफी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सर्विस/लीगल फीस वसूलने की खबरें हैं। आरबीआई ने कहा कि ये संस्थाएं प्रिंट मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ऐसे कई कैंपेन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, जनता को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे झूठे और भ्रामक अभियानों का शिकार न बनें और ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन एजेंसियों से करें। यह भी हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर, कुछ व्यक्तियों द्वारा अभियान चलाए जा रहे हैं, जो बैंकों से ली जाने वाली प्रतिभूतियों पर अपने अधिकारों को लागू करने के बैंकों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। ऐसी संस्थाएं गलतबयानी कर रही हैं कि बैंकों समेत वित्तीय संस्थानों का बकाया चुकाने की जरूरत नहीं है। आरबीआई के बयान में कहा गया है, ऐसी गतिविधियां वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और सबसे बढ़कर, जमाकर्ताओं के हितों को कमजोर करती हैं।

zydus
Dedicated To Life

## जायडस लाइफसाइंसेज ने डेवूंग से किया लाइसेंसिंग समझौता

**नई दिल्ली ।** जायडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने प्रोस्टेटिक कैंसर, एंडोमेट्रियोसिस और गर्भाशय लेयोमायोमाटा (फाइब्रॉएड) के इलाज के लिए ल्यूप्रोलाइड एसीटेट के एक जेनेरिक संस्करण के सह-विकास तथा व्यावसायीकरण के वास्ते दक्षिण कोरिया की कंपनी डेवूंग फार्मास्युटिकल को लिमिटेड के साथ एक लाइसेंसिंग समझौते किया है। जायडस ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जायडस वर्ल्डवाइड डीएमसीसी और डेवूंग फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड ने अमेरिकी बाजार के लिए ल्यूप्रोलाइड एसीटेट के सह-विकास और व्यावसायीकरण के वास्ते एक विशेष लाइसेंसिंग समझौता किया है। जायडस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम ल्यूप्रोन डिपो के जेनेरिक संस्करण के लिए डेवूंग के साथ काम करके खुश हैं, जिससे रोगियों को महत्वपूर्ण चिकित्सा तक पहुंच प्रदान की जा सकेगी। यह जायडस के जटिल इंजेक्टेबल खंड को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।

## यूएई से बढ़ेगा कच्चे तेल का आयात

**मुंबई ।** लंबे अरसे तक यूएई भारत को कच्चे तेल का प्रमुख आयातक रहा है लेकिन रूस से कच्चे तेल का अत्यधिक आयात होने के कारण यूएई से खेप में तेजी से गिरावट आई। आने वाले महीनों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत को कच्चे तेल का आयात बढ़ने का अनुमान है। दुबई में हुई कॉप 28 शिखर सम्मेलन के इतर इस विषय पर चर्चा हुई है। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। इस शिखर सम्मेलन में अधिकारियों के अलावा भारत की तेल कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी भी हिस्सा ले रहे हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस वित्त वर्ष 24 के पहले छह महीनों में भारत ने यूएई से 3.2 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था जबकि बीते साल इसी अवधि में 9.35 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था। इससे भारत के कच्चे तेल प्राप्त करने के शीर्ष 10 स्रोतों में यूएई से कच्चे तेल के आयात में सर्वाधिक 65 फीसदी की गिरावट आई।

## सिप्ला की अनुषंगी ने अमेरिका में दवाई की एक खेप वापस मंगाई

**नई दिल्ली ।** दवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सिप्ला की एक अनुषंगी ने पैकेट की सील सही से लगी नहीं होने पर अमेरिका में अपनी एक खेप वापस मंगाई है। मुंबई में मुख्यालय वाली दवा कंपनी ने कहा कि अमेरिका में इन्वाजेन फार्मास्युटिकल्स विगाबैट्रिन फॉर ओरल सॉल्युशन, यूएसपी (500 एमजी) दवा की सील सही से नहीं लगी होने के मामले के बाद खुद ही उपभोक्ता स्तर पर इसकी एक खेप वापस मंगा रही है। सील टूटने के कारण पैकेट से पाउडर फैलने लगा था। इसमें कहा गया कि पैकेट की सील सही से बंद नहीं होने से इसके अंदर से पाउडर गिरने का डर होता है, जिससे उसका वजन कम हो जाएगा है। सिप्ला ने कहा कि प्राथमिक रूप से इससे नवजात और युवा बच्चे प्रभावित हो सकते हैं। अगर दवाई कम हो गई और इन लोगों को उचित मात्रा में दवाई नहीं मिली तो इसके विपरीत प्रभाव हो सकते हैं।

## चुनाव के दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई प्रभावित

**नई दिल्ली ।** वाहन उद्योग का कहना है कि चुनाव आचार संहिता के कारण नकदी के प्रचलन पर रोक लगने से त्योहारी अवधि के बाद वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई है। चुनाव के दौरान नकदी लेनदेन की सीमा 2 लाख रुपये है। वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों से पता चला है कि दीवाली वाले महीने यानी नवंबर में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री करीब 2 फीसदी घटकर 84,586 वाहन रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 86,150 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री हुई थी। अक्टूबर के मुकाबले बिक्री में 4.64 फीसदी की गिरावट आई। फाडा के आंकड़े खुदरा बिक्री यानी डीलरों द्वारा ग्राहकों को की गई वास्तविक बिक्री को दर्शाते हैं। वाणिज्यिक वाहन बाजार की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स की बिक्री नवंबर में 8 फीसदी घटकर 29,700 वाहन रह गई। वाणिज्यिक वाहन बाजार में टाटा मोटर्स की बाजार हिस्सेदारी नवंबर तक 35 फीसदी थी। अशोक लीलैंड की बिक्री भी नवंबर में 9 फीसदी घटकर 12,946 वाहन रह गई। एक प्रमुख वाणिज्यिक वाहन कंपनी के अधिकारी ने इस संबंध में पूछे जाने पर कहा कि खुदरा स्तर पर स्टॉक में कुछ गिरावट के कारण केवल एक महीने के आंकड़े घटे हैं।

## टाटा मोटर्स के कमर्शियल वाहनों की बढ़ेगी कीमत

**नई दिल्ली ।**



देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने कमर्शियल वाहनों की कीमत 1 जनवरी से तीन प्रतिशत तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें बढ़ाने का फैसला उत्पादन लागत बढ़ने से पड़ रहे असर को कम करने के लिए लिया गया है। टाटा मोटर्स ने कहा कि यह मूल्य-वृद्धि सभी वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होगी। इससे पहले मारुति सुजुकी, हुंदै मोटर इंडिया, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, होंडा और ऑडी जैसी यात्री वाहन विनिर्माता कंपनियों ने भी जनवरी से अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजनाओं की घोषणा की है। वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्रवक्ता ने कहा था कि हमने पूरी कोशिश की है कि ग्राहकों पर बढ़ती लागत का बोझ नहीं बढ़े, लेकिन गुणवत्तापूर्ण वाहनों और सेवाओं की निरंतर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए ऐसा करना हमारे लिए जरूरी है। इसके पहले कई अन्य वाहन विनिर्माता भी अगले साल से अपनी गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर चुके हैं। जनवरी, 2024 से विभिन्न कंपनियों के कई मॉडल महंगे हो जाएंगे। इसमें टाटा की अल्टोज, हे रियर, नेक्सान, पंच,\` टियागो के अलावा महिंद्रा की एक्सयूवी300, एक्सयूवी400, एक्सयूवी700, बोलेरो, स्को र्पियो, स्को र्पियो एन, और थार शामिल है। इसके अलावा मारुति की ऑल्टो, सेलेरियो, सियाज, डिजायर, ईको, अर्टिगा, ग्रैंड विटारा, इग्निस, स्विफ्ट, वैगनआर सहित होंडा की तमाम कारों के दाम भी बढ़ने वाले हैं।

# सोमवार को पहली बार 70,000 के स्तर तक पहुंचा शेयर बाजार

## निफ्टी 21,000 के स्तर के पार

**मुंबई ।**

मुंबई शेयर बाजार में कारोबारी हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को कुछ चुनिंदा बैंकिंग, मेटल और आईटी शेयरों में तेजी के दम पर घरेलू बेंचमार्क सूचकांक नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। इस बीच ग्लोबल मार्केट में मिले-जुले रुझान देखने में मिले। सोमवार के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 103 अंक मजबूत हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 28 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। व्यापक बाजारों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.9 फीसदी उछला, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.7 फीसदी बढ़ा। सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार में पहली बार 70,000 के स्तर को पार कर गया, जबकि निफ्टी 21,000 के स्तर के पार पहुंचा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा चालू वित्त वर्ष में वृद्धि पूर्वानुमान बढ़ाने और नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के बाद प्रमुख सूचकांक शुक्रवार को अपने ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए थे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 102.93 अंक की बढ़त के साथ 69,928.53 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में सोमवार को 69,782.48 और 70,057.83 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी में भी 27.70 अंक की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 20,997.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में सोमवार को



20,923.70 और 21,026.10 के रेंज में कारोबार हुआ।

सोमवार के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 19 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 3.04 फीसदी चढ़ गए। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 11 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा,एचयूएल, मारुति और बजाज फिनसर्व सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान एक्सिस बैंक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 1.26 फीसदी गिर गए।

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में जर्मनी का डीएएक्स अपरिवर्तित रहा जबकि फ्रांस का सीएसी-40 लाभ में और लंदन का एफटीएसई नुकसान में रहा।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से 7 का मार्केट कैप 3.04 लाख करोड़ बढ़ा

## - एचडीएफसी बैंक, एलआईसी सबसे अधिक लाभ में रहे

**नई दिल्ली ।** देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बीते सप्ताह 3.04 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें एचडीएफसी बैंक और एलआईसी में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले सप्ताह देश की टॉप 10 में से सात कंपनियों का मार्केट कैप 3,04,477.25 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसके पीछे शेयर बाजार में जारी तेजी की अहम भूमिका रही। इस सप्ताह मार्केट कैप में सबसे ज्यादा वृद्धि भारतीय जीवन बीमा निगम, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज में दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 74,076.15 करोड़ रुपये बढ़कर 12,54,664.74 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का मार्केट कैप 65,558.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,89,428.32 करोड़ रुपये हो गया। गुरुवार को एलआईसी के शेयर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचते ही बीमा कंपनी ने पांच लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया था। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 45,466.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7,08,836.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का मार्केट कैप 42,732.72 करोड़ रुपये बढ़कर 13,26,918.39 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मार्केट कैप 42,454.66 करोड़ रुपये बढ़कर 16,61,787.10 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मार्केट कैप 37,617.24 करोड़ रुपये बढ़कर 5,47,971.17 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का शेयर 15,916.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,18,663.93 करोड़ रुपये हो गया। वहीं दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 9,844.79 करोड़ रुपये घटकर 5,92,414.19 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 8,569.98 करोड़ रुपये घटकर 5,61,896.90 करोड़ रुपये रह गया।

## फेड ने दरें कम कीं तो लंबी चलेगी चांदी की दौड़

**नई दिल्ली ।** पिछले करीब एक साल में सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) ने 16.4 फीसदी का औसत रिटर्न दिया है, जबकि इसी दौरान गोल्ड ईटीएफ का रिटर्न 15.1 फीसदी ही रहा है। एडलवाइस असेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) ने पिछले दिनों सिल्वर ईटीएफ पेश किया है। पहले से चल रहे नौ ईटीएफ 2,845 करोड़ रुपये संभाल रहे हैं। लेकिन इन्हें अपने पोर्टफोलियो में शामिल करने से पहले निवेशकों को इस धातु की चाल-ढाल समझ लेनी चाहिए। चांदी की बढ़ती औद्योगिक मांग का इसकी हालिया दौड़ में बहुत बड़ा हाथ है। सिल्वर इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कैलेंडर वर्ष में चांदी की वैश्विक मांग 18 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। यह मांग गहनों, उद्योग और चांदी की छड़ों तथा सिक्कों समेत सभी श्रेणियों से आईं। 2022 में मांग के मुकाबले 23.77 करोड़ आउंस चांदी की कमी थी और इतनी कमी पहले कभी नहीं देखी गई। अनिश्चितता के दौर में सोने की ही तरह चांदी भी निवेश का सुरक्षित साधन मानी जाती है। जानकारों का कहना है कि औद्योगिक इस्तेमाल के साथ चांदी निवेश सुरक्षित रखने वाली कमोडिटी भी है। इस मामले में यह सोने का सस्ता विकल्प है। यह भी माना जा रहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व अगले साल से ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। मौद्रिक नीति में ढिलाई से डॉलर कमजोर हो सकता है। इससे कीमती धातुओं के बाजार में नई तेजी दिख सकती है। भविष्य में भी फेड ने जब-जब ब्याज दरें घटाई हैं तब-तब कीमती धातुओं का प्रदर्शन शानदार रहा है।

# सबसे खास सर्दियों का अहसास



**हर साल एक नया अहसास है ठंड का मौसम। इस बार ठंड में सर्दी-जुकाम से डरने की जगह इनसे लड़ने के लिए खुद को और अपने परिवार को तैयार कीजिए। ठंड के लिए ऐसे ऊनी कपड़ों का चुनाव कीजिए, जो आपके परिवार को पर्याप्त गर्माहट दे और साथ ही स्टाइलिश लुक भी। कैसे चुनें ऊनी कपड़ों और उनकी देखभाल के दौरान किन बातों को ध्यान में रखें -**

सर्दी के मौसम में बदरंग और बोरिंग दिखने के दिन अब लद गए। जाड़े का मौसम भी अब स्टाइलिश हो गया है। ठंड से बचने के लिए अब जरूरी नहीं कि खुद को बोरिंग और गहरे रंग के कपड़ों के हवाले कर दिया जाए। ठंड से खुद को और अपने परिवार को बचाते हुए अब आप स्टाइलिश भी दिख सकती हैं, पर इसके लिए जरूरी है कि अपने कपड़ों का चुनाव आप सोच-समझकर करें और साथ ही गर्मी के कपड़ों और ठंड के कपड़ों के बीच अच्छा तालमेल भी बिठाएं।

## लेयरिंग का है मौसम

वो दिन गए जब ठंड के मौसम में अपने कपड़ों की परत को छुपाने की कोशिश करते थे। अब एक साथ दो-तीन कपड़े पहनने और उन्हें दिखाने का ट्रेंड आ गया है। अपने ठंड के कपड़ों को निकालें और तरह-तरह के कॉम्बिनेशन में उन्हें पहनें। जरूरी नहीं है कि ठंड का मौसम आते ही आप अपने गर्मी वाले कपड़ों को अलविदा कह दें। उन्हें भी ठंड के मौसम में अपने गर्म कपड़ों के बीच जगह दें। ठंड के मौसम में फैशनेबल दिखने का मूलमंत्र यही है। अपने जैकेट, कार्डिगन और पुलोवर को अपने कॉटन के शर्ट या ड्रेस के साथ पहनें। एक्सपेरिमेंट करने से नहीं घबराएं। एक्सपेरिमेंट करेंगी, तभी कपड़ों की कई परत के साथ भी औरों से अलग दिखेंगी।

## सोच-समझकर चुनें रंग

ठंड के मौसम में हमेशा गहरे और आकर्षक रंग चुनें। पेस्टल रंग के कपड़े ठंड के मौसम को नीरस बना देंगे। ठंड के कपड़े खरीदते वक्त ऐसे रंग चुनें जो इस बदरंग मौसम में रंग भरें। ऐसे स्वेटर या ऊनी कपड़े न चुनें, जिसके पैटर्न में एक साथ ढेर सारे रंग हों। साधारण पैटर्न और एकाध रंग वाले ऊनी कपड़े चुनें। ऑरेंज, गोल्डन ब्राउन, ऑफ व्हाइट या फिर पीले रंग वाले ऊनी कपड़े पहनने से बचें।

## बच्चों जैसे मुलायम, उनके कपड़े

ठंड से मासूम बच्चों को बचाकर रखना आसान काम नहीं है। बच्चों के लिए ठंड का मौसम सेहत भरा रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस सर्द मौसम में भी वो पूरी तरह से गर्म रहें। बच्चों के लिए ठंड के कपड़ों का चुनाव करते वक्त इसलिए हमेशा फैशन और ट्रेंड की जगह उनके आराम और कपड़ों की गर्माहट का ध्यान रखें। बच्चों के लिए हमेशा मुलायम और आरामदायक ऊनी कपड़े चुनें। कपड़े का फैब्रिक ऐसा हो जो उनकी मुलायम त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाए। बच्चों के ऊनी कपड़े हमेशा थोड़े हल्के रंग के चुनें ताकि आपको आसानी से पता चल सके कि वो कब गंदे हो गए हैं और उन्हें साफ करने की जरूरत है। बच्चे को कभी भी एक साथ ढेर सारे कपड़े न पहनाएं। बहुत ज्यादा कपड़े पहनाने पर उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। बच्चे के लिए ढीली फिटिंग वाले और ढेर सारे बटन वाले ऊनी कपड़े चुनें ताकि इन कपड़ों को पहनाते और उतारते वक्त आपको और आपके बच्चे दोनों को परेशानी न हो। बच्चे के लिए पूरी बाजू वाले ऊनी कपड़े चुनें ताकि उनके हाथ भी गर्म रहें। अगर ठंड बहुत ज्यादा हो तो बच्चे के कान में रुई के फाहे डाल दें और ऊनी टोपी या स्कार्फ पहनाएं ताकि बच्चे का सिर भी गर्म रहे। कभी भी बच्चे को सबसे पहले ऊनी कपड़ा न पहनाएं। पहले नीचे कोई सूती कपड़ा पहनाएं और उसके ऊपर से उसे ऊनी कपड़ा पहनाएं। बच्चे की त्वचा में किसी तरह की एलर्जी न हो, इसलिए ठंड के मौसम में उसके पूरे शरीर में हर दिन विंटर क्रीम लगाएं। ठंड बहुत ज्यादा हो, तब भी सोते वक्त बच्चे को ढेर सारे कपड़े न पहनाएं और न ही उनके ऊपर ढेर सारे कंबल डालें। बच्चे के पैरों को गर्म रखने के लिए उनके लिए ऐसे पाजामे खरीदें, जिनके साथ जुराबें जुड़ी हुई रहती हैं। बच्चे के हाथ भी जल्दी ठंडे हो जाते हैं, इसलिए उनके हाथों को गर्म रखने के लिए उन्हें ग्ल्व्स पहनाना न भूलें।

## एक्सेसरीज भी बदलें

अपनी एक्सेसरीज में बदलाव लाकर आप अपने लुक को बेहद आसानी से बदल सकती हैं। अगर ठंड बहुत ज्यादा है तो पशमीना शॉल को अपने वॉर्डरोब में शामिल करें। साथ ही आप स्टाइलिश मफलर और फर वाले स्टोल से भी स्टाइल स्टेटमेंट बना सकती हैं। हैट्स और ऊनी टोपी भी ठंड के मौसम में आपको स्टाइलिश लुक देंगे और ठंड से भी बचाएंगे।

## फ्लोरल प्रिंट्र से बनाएं दूरी

फ्लोरल प्रिंट के कपड़े गर्मी के मौसम में ही ज्यादा अच्छे लगते हैं। अगर आपको ये प्रिंट बहुत ही ज्यादो पसंद हैं और आप ठंड में भी इन्हें पहनना चाहती हैं तो ठंड के मौसम में थोड़े गहरे प्रिंट वाले कपड़े अपने लिए चुनें। ठंड के मौसम के आपके वॉर्डरोब में ये गहरे फ्लोरल पिंट्र वाले कपड़े आसानी से घुल-मिल जाएंगे। अगर आप फ्लोरल प्रिंट्र वाले कपड़े पहन ही रही हैं तो पूरी बाजू वाले कपड़े चुनें। इससे फ्लोरल प्रिंट का असर कुछ कम हो जाएगा।

## बूट्स से बनें फैशनेबल

गर्मियों के फुटवियर को कुछ माह आराम दें और जूते और बूट्स को अपने वॉर्डरोब में शामिल करें। अपनी गर्मी के मौसम के कपड़े को ठंड वाला लुक देने के लिए इससे बेहतर तरीका कुछ और नहीं। जींस और कार्डिगन के साथ बूट्स पहनें और ठंड से बचने के साथ-साथ इस मौसम के अनुकूल लुक भी पाएं।



## खिल उठेंगे आपके ऊनी कपड़े

- ऊनी कपड़ों की ओर बैक्टीरिया और धूल-मिट्टी जल्दी आकर्षित होते हैं, इसलिए अपने जैकेट और कोट को नियमित अंतराल पर ब्रश से साफ करें। इससे आपके सर्दियों के कपड़े न सिर्फ साफ रहेंगे, बल्कि किसी तरह की स्किन एलर्जी और रैशेज होने की आशंका भी नहीं रहेगी।
- ठंड के कपड़ों को बीच-बीच में धूप में सुखाएं। पर ध्यान रहे कि सूरज की तेज रोशनी आपके ऊनी कपड़ों पर सीधी न पड़े। ऐसा करने से आपके ऊनी कपड़े बदरंग हो जाएंगे। वहीं धूप में ऊनी कपड़ों को सुखाने से उसकी नमी गायब हो जाएगी और साथ ही सभी कीटाणु भी मर जाएंगे। ऊनी कपड़े को धूप में सुखाने से वो न सिर्फ आपको ज्यादा गर्माहट देंगे, बल्कि उन्हें पहनने पर भी आपको ज्यादा अच्छा महसूस होगा।
- अपने भारी-भरकम स्वेटर को वॉर्डरोब में लटकाकर नहीं रखें। भारी स्वेटर को लटकाकर रखने से स्वेटर की फिटिंग बिगड़ जाती है। साथ ही हैंगर से स्वेटर को लटकाकर रखने से कंधे वाले हिस्से के जल्दी फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- ऊनी कपड़े बेहद नाजुक होते हैं। लंबी उम्र देने के लिए ऊनी कपड़ों को धोने के लिए हमेशा माइल्ड साबुन या डिटर्जेंट और गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। माइल्ड साबुन और डिटर्जेंट के इस्तेमाल से आपके ऊनी कपडमें की चमक और उनका वास्तविक लुक बरकरार रहेगा। गुनगुना पानी आपके ऊनी कपड़ों में छिपे कीटाणुओं को मारेगा और उसकी स्वच्छता को बरकरार रखेगा।
- स्वेटर और कार्डिगन में अकसर रोंए हो जाते हैं। ये रोंए स्वेटर और किसी अन्य वस्तु के बीच रगड़ खाने से होते हैं। ये रोंए आपके नए और स्टाइलिश स्वेटर को भी पुराना और गंदा लुक दे सकते हैं। इन रुंओं को हटाने के लिए छोटे रेजर का इस्तेमाल करें और अपने स्वेटर को फिर से नया लुक दें।
- अपने स्वेटर पर लगे दाग-धब्बों को हटाने के लिए कभी भी उन पर ब्लीच का इस्तेमाल न करें। ब्लीच के इस्तेमाल से आपका स्वेटर बदरंग हो जाएगा। कभी भी ऐसे डिटर्जेंट में स्वेटर न धोएं, जिसमें ब्लीच हो।
- एक ही स्वेटर को तीन दिन से ज्यादा लगातार न पहनें। ऐसा करने से स्वेटर का शेप बिगड़ जाता है। साथ ही आपका स्वेटर जल्दी खराब और पुराना भी हो जाएगा।



# ठंड में बच्चा न हो पस्त

अचानक मौसम परिवर्तन का असर सभी पर होता और इससे छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सर्दी, जुकाम और गले में इंफेक्शन के अलावा छोटे बच्चों को ये परेशानियां सबसे ज्यादा होती हैं -

**रोटा वायरल डायरिया** - इसमें बच्चे को दस्त, उल्टी और बुखार एक साथ होता है। बच्चे के शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है और बुखार के कारण वह सुस्त और चिड़चिड़ा हो जाता है। बच्चा कभी-कभी बहुत कमजोर भी हो जाता है।

**एलर्जी और अस्थमा** - इस मौसम में बच्चों को सांस संबंधी परेशानी भी होती है। बंद नाक और गले में जकड़न के साथ नाक और आंख से पानी भी गिरता रहता है। तेज हवा और प्रदूषण से सांस लेने में दिक्कत आने लगती है।

**आंखों में इंफेक्शन** - इस मौसम में आंखों में भी इंफेक्शन होने लगता है। आंखों की पलकें रात में चिपक जाती हैं और सुबह बच्चे को आंख खोलने में परेशानी होती है।

**त्वचा में लाल दाने** - सर्दी में त्वचा में रैशेज और दाने की समस्या प्राय- छोटे बच्चों में हो जाती है। इसका कारण एलर्जी और हार्मोन में बदलाव के साथ ठंडी हवा भी है।

निमोनिया - यह ठंड के मौसम में बच्चों को होने वाली सबसे आम समस्या है। इसमें बच्चे को तेज बुखार होता है और साथ ही उसका सिर बहुत गर्म रहता है। कभी-कभी बच्चे के लंग्स में भी दिक्कत हो जाती हैं।

## क्या है कारण

**ठंड में प्रतिरोधक क्षमता का कम होना** - सर्दी के मौसम में बच्चों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता सामान्य दिनों से कम हो जाती है। इसलिए किसी भी प्रकार का मौसम परिवर्तन का असर तुरंत बच्चे पर पड़ता है।

**बड़ों की लापरवाही** - अक्सर बड़े बच्चों को ठंड के मौसम में आलस के कारण हाथ धोए बिना ही गोद में उठा लेते हैं। ठंडे हाथ भी उन्हें लगाते हैं। कीटाणु का ध्यान नहीं रखते। इस वजह से उन्हें इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है।

**किसी भी चीज को मुंह में लेना** - अक्सर बच्चे कलम के कैप या नीचे गिरी हुई चीजों को मुंह में लेते हैं जिससे उन्हें पेट में दर्द या दस्त की समस्या हो जाती है।

**नैपी के गीलेपन का ध्यान न रखना** - आम मौसम की अपेक्षा ठंड में बच्चे ज्यादा पेशाब करते हैं। अगर नैपी के गीलेपन का ध्यान न रखा जाए तो बच्चों को न केवल ठंड लग जाती है बल्कि उनके शरीर के आंतरिक हिस्से में सूजन और इंफेक्शन भी हो सकता है।

**कमरे के तापमान का ध्यान न रखना** - ठंड में बच्चे को अधिक गर्म कमरे में ना रखें। कमरे का तापमान सामान्य होना चाहिए। अधिक गर्म वातावरण से अगर बच्चा सामान्य तापमान में जाता है तो उसे तुरंत सर्दी असर करती है।

## कैसे करें बचाव

**सफाई का रखें ध्यान** - धूल, धुएं और गंदगी से छोटे बच्चों को दूर रखें। इससे उन्हे सांस की समस्या के साथ दस्त भी हो सकती है। घर की सफाई का पूरा ध्यान रखें।

**नहलाना कम करे** - रोज नहलाने के बजाय हर दूसरे दिन छोटे बच्चों को गर्म पानी में सॉफ्ट एंटीबैक्टीरियल लिक्विड डालकर उसमें नर्म तौलिया भिगोकर उनका शरीर साफ कर दें।

**गर्म कपड़े पहनाएं** - जैसे ही मौसम बदले, बच्चे को गर्म कपड़े पहनाना शुरू कर दें। हल्की ठंड को नजर अंदाज ना करें और बच्चे को हमेशा मोजे पहना कर रखें।

**मालिश के लिए गर्म तेल का प्रयोग करें** - यूं तो मालिश बहुत जरूरी नहीं है, लेकिन यदि आप मालिश कर रही हैं तो इसके लिए गर्म तेल का प्रयोग करें।

**संभव हो तो थोड़ी देर धूप में रखे** - अगर आपके घर में धूप आती हो तो बच्चे को गर्म कपड़े पहना कर थोड़ी देर के लिए धूप में रखें। उसे ताजी हवा और विटामिन डी दोनों मिलेंगे।

**ठंडी चीजें खाने को न दें** - अगर आपका बच्चा 7 माह से अधिक का है और वह खाना खाता है, तो उसे ठंडी चीजें न खिलाएं और साथ ही उसे बासी खाना या ठंडा खाना भी न दें।

**बेहतर क्वालिटी के स्वेटर पहनाएं** - स्वेटर हमेशा अच्छी क्वालिटी का पहनाएं, क्योंकि वूलन से कभी-कभी त्वचा में एलर्जी हो जाती है।



**बुजुर्ग और बच्चे ठंड के मौसम में सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। बुजुर्ग तो अपनी तकलीफ बता सकते हैं, पर बहुत छोटे बच्चे तो वो भी नहीं कर सकते। अगर आप ठंड की शुरुआत से ही सावधानी बरतें तो आपका बच्चा सर्दियों में भी मुस्कुराता रहेगा। छोटे बच्चों की ठंड में कैसे देखभाल करें, बता रहे हैं शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ**

# वेडिंग लुक तालमेल है जरूरी

**इन दिनों ज्यादातर वुड बी कपल अपनी शादी के मौके पर कॉम्प्लिमेंट्री लुक अपना रहे हैं। कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक दूल्हे दुलहन के बीच की जबर्दस्त केमिस्ट्री को दर्शाता है। इस लुक को क्रिएट करने के कई तरीके हैं जिन्हें वुडबी कपल्स अपनी पसंद के हिसाब से अपना सकते हैं।**

बहुत बुरी कुक हूं। लेकिन तुम्हारी कुकिंग का जवाब नहीं है। तुम ओवर इमोशनल हो और मैं प्रैक्टिकल। एक लाइन में कहूं तो हम दोनों एक दूसरे को बैलेंस करते हैं। हम परफेक्ट लाइफ पार्टनर हैं क्योंकि हमारा आपसी तालमेल बेजोड है। मैं चाहती हूं कि यही तालमेल हमारे वेडिंग डे पर हमारे लुक में भी नजर आए। यह तर्क सामने रखकर अंशिका ने अपने मंगेतर अंश को कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग डे लुक क्रिएट करने के लिए राजी कर ही लिया। अंशिका और अंश की तरह इन दिनों ज्यादातर वुड बी कपल अपनी शादी के मौके पर कॉम्प्लिमेंट्री लुक अपना रहे हैं। कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक दूल्हे दुलहन के बीच की जबर्दस्त केमिस्ट्री को दर्शाता है। इस लुक को क्रिएट करने के कई तरीके हैं जिन्हें वुडबी कपल्स अपनी पसंद के हिसाब से अपना सकते हैं।

## कलर केमिस्ट्री

जो कपल्स जटिल की जगह सहज अभिव्यक्ति को तरजीह देते हैं, उन्हें रंगों पर आधारित कॉम्प्लिमेंट्री लुक चुनना चाहिए। इस तरह की मैचिंग में कलर व्हील की मदद ली जा सकती है। व्हील में एक-दूसरे के सामने आने वाले रंग एक दूसरे को कॉम्प्लिमेंट करते हैं। जैसे, ऑलिव-मरून, रस्ट-मिडनाइट ब्ल्यू और वायलेट-ऑरेंज आदि। इन रंगों के बीच जबर्दस्त कंट्रास्ट फैक्टर होता है जिसके चलते इनका कॉम्बिनेशन बेहद वाइब्रेंट लगता है। ऐसे में दूल्हा-दुलहन इन कॉम्प्लिमेंट्री कलर्स के परिधान पहन सकते हैं।

## काल आधारित

इन दिनों किसी विशेष काल पर आधारित वेडिंग वेयर पहनने का चलन जोरों पर है। वुडबी कपल्स मुगल काल, विक्टोरियन काल या विंटेज काल पर आधारित परिधान पहन सकते हैं। जैसे विंटेज काल में प्रचलित रंग और एंब्रॉयडरी दुलहन के लहंगे और दूल्हे के कुर्ते में नजर आए। लेकिन इस तरह की मैचिंग करते समय कपल्स को ध्यान रखना चाहिए कि वह किसी काल के दो या तीन फीचर्स को ही अपने परिधानों के माध्यम से अभिव्यक्त करें। बहुत ज्यादा फीचर्स की अभिव्यक्ति उन्हें वेडिंग कपल्स की जगह किसी ऐतिहासिक नाटक का पात्र बना देगी।

## वर्क या प्रिंट आधारित

परिधानों पर किए गए वर्क या प्रिंट में तालमेल बैठाना भी ब्राइड और ग्रूम के लुक में कोऑर्डिनेशन का एक बेहतरीन तरीका है। आप विभिन्न तरीकों से एंब्रॉयडरी या प्रिंट के आधार पर यह तालमेल बैठा सकते हैं। जैसे, दुलहन के दुपट्टे और दूल्हे के स्टोल की एंब्रॉयडरी एक जैसी रख सकते हैं। इसी तरह दुलहन के लहंगे के पैनल का प्रिंट दूल्हे की पगडी के प्रिंट में भी नजर आ सकता है। या दूल्हे और दुल्हन के परिधानों के बॉर्डर में एक कॉमन प्रिंट हो सकता है।

## एक्सेसरीज आधारित

कॉम्प्लिमेंट्री एक्सेसरीज पहनना भी ब्राइड और ग्रूम के लुक में सामंजस्य बैठाने का एक खास तरीका है। आप चाहें तो कॉम्प्लिमेंट्री एन्गेजमेंट रिंग्स, ब्राइडल वॉच-ग्रूम कफलिंग या ब्राइडल ईयररिंग्स-ग्रूम कफलिंग्स जैसे कॉम्बिनेशन कैरी कर सकती हैं। ब्राइड और ग्रूम की ज्यूलरी में कॉम्प्लिमेंट्री कलर स्टोन का इस्तेमाल भी अच्छा लगेगा।




## विशेष टिप्स

- ब्राइड और ग्रूम को अपनी पसंद के हिसाब से कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक तय करना चाहिए।
- आप कॉम्प्लिमेंट्री लुक क्रिएट करने के दो तरीकों को कंबाइन भी कर सकते हैं। जैसे कॉम्प्लिमेंट्री कलर्स और एंब्रॉयडरी वाले परिधान ट्राई कर सकते हैं। इसी तरह किसी एक काल पर आधारित परिधानों के साथ आप कॉम्प्लिमेंट्री ज्यूलरी भी पहन सकते हैं।

## संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत, न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोई अंतरिम राहत नहीं दी। वहीं, दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ा दी। आप सांसद को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच में गिरफ्तार किया था। अदालत ने सिंह की जमानत अर्जी पर मंगलवार दोपहर दो बजे सुनवाई तय की है। न्यायिक हिरासत 21 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। हमने संजय सिंह को जेल में रहने के दौरान कुछ नोटिस मिलने के कारण एक आवेदन दायर किया है। संजय सिंह के वकील डॉ फारुख खान ने संवाददाताओं से कहा, जमानत याचिका मंगलवार (कल) के लिए सूचीबद्ध की गई है। सिंह को केंद्रीय जांच एजेंसी ने 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, सिंह कथित तौर पर अब खत्म हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति में शराब समूहों से पैसा इकट्ठा करने की साजिश का हिस्सा थे। ईडी ने अदालत को बताया था कि आप के राज्यसभा सांसद कथित तौर पर सरकारी गवाह दिनेश अरोड़ा के करीबी थे, जिन्होंने कथित तौर पर अमित अरोड़ा से लेकर संजय सिंह तक पर आरोप लगाए थे। दिनेश अरोड़ा लगातार संजय सिंह के संपर्क में थे. कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण से यह बात साबित हुई है। सिंह को कथित तौर पर अपराध से रू.2 करोड़ की आय प्राप्त हुई, जैसा कि ईडी ने पहले कहा था। 9 दिसंबर को संजय सिंह ने अदालत से आग्रह किया था कि उन्हें रिहा कर दिया जाए क्योंकि उन्हें आगे हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।



## फेसबुक पर कांग्रेस विधायक पर सवाल पूछने पर भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

शिवमोग्गा। शिवमोग्गा जिले में भद्रावती से कांग्रेस विधायक बी.के. संगमेश्वर से फेसबुक पर सवाल पूछने पर एक भाजपा कार्यकर्ता पर छह लोगों के गिरोह द्वारा हमला किए जाने की घटना सोमवार को सामने आई। भाजपा कार्यकर्ता गोकुल कृष्णन के माथे और कान पर गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें शिवमोग्गा के मेगन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरोह ने उन पर तब हमला किया जब वह रविवार रात भद्रावती शहर में कंचन होटल से डिनर पार्सल लाने गए थे। गोकुल कृष्णन ने कहा कि स्थानीय कांग्रेस विधायक संगमेश्वर से पूछताछ की पृष्ठभूमि में उन पर हमला किया गया। पीड़ित ने कांग्रेस विधायक से भद्रावती शहर में अवैध गतिविधियों और एमपीएमएल फैक्ट्री को फिर से शुरू करने के उनके वादे के बारे में सवाल किया था। पोस्ट के बाद शनिवार को पीड़ित की कार को निशाना बनाया गया और क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मामले की जांच कर रही न्यू टाउन पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गणेश (22), हर्ष (22) और नागे गौड़ा (22) के रूप में हुई है। मारपीट के मामले में पुलिस ने अभी तक कार्रवाई नहीं की है। मामला बड़ा मुद्दा बनने और सत्र में इस पर चर्चा होने की संभावना है।

## केजरीवाल लोकप्रिय हुए तो केंद्र ने डराने की कोशिश शुरु कर दी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष और पार्टी विधायक गुलाब सिंह यादव ने रविवार को मटियाला विधानसभा क्षेत्र में घर-घर मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान चलाया। यादव ने लोगों से बातचीत करते हुए पूछा कि अगर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया तो क्या उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए? जेल से सरकार चलानी चाहिए या नहीं? ये सवाल इसलिए उठा है कि आप का दावा है कि आम आदमी पार्टी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को डराने की कोशिश कर रही है, क्योंकि उनकी लोकप्रियता पूरे देश में बढ़ रही है। यादव ने कहा, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बार फिर आप नेताओं को जेल में डालने के लिए नया जाल बिछाया है। देशभर में अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता के कारण मोदी सरकार उन्हें रोकने के लिए ईडी और सीबीआई से डराने की कोशिश कर रही है। अब उन्हें जेल में डालना चाहते हैं। मैं मोदी सरकार से कहना चाहता हूं कि जिन्होंने कुछ गलत किया है, वे ही ईडी और सीबीआई से डरते हैं। ईडी और सीबीआई से डरने वाली नहीं है, जनता जानती है कि आप ईमानदार पार्टी है। उन्होंने कहा, अगर अपनी ईमानदारी के कारण हमें जेल जाना पड़े तो हम एक पल भी नहीं सोचेंगे। मोदी सरकार के खिलाफ हमारी लड़ाई देश को बचाने के लिए है। आज देश में युवाओं के पास रोजगार, स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर शिक्षा का अभाव है। पूरा सिस्टम बिगाड़ दिया गया है, किसान परेशान हैं और युवाओं के लिए नौकरियां नहीं हैं। केंद्र सरकार को सिर्फ बड़े उद्योगपतियों की चिंता है। उन्होंने कहा, भाजपा ईर्ष्यालु है, क्योंकि अगर वे अच्छा काम नहीं कर रहे हैं, तो चाहते हैं कोई दूसरी सरकार भी न करे। मैं भाजपा को बताना चाहता हूं कि अच्छे काम के लिए अच्छे इरादे जरूरी हैं, जो केवल आप के पास है

## आध्यात्मिक पर्यटन केन्द्र वाली हो गोवा की पहचान : रमेश शिंदे

पणजी। हिंदू जनजागृति समिति ने मंदिरों के आधार पर राज्य में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग की। रविवार को दक्षिण गोवा में गोमांतक मंदिर महासंघ और हिंदू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित गोमांतक मंदिर-धार्मिक संस्थान परिषद की बैठक में कहा गया कि गोवा की छवि कैसिनो और छोटे कपड़े पहने महिलाओं वाले समुद्र तटों की भूमि बन गई है। हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश शिंदे ने कहा कि क्या कैसिनो, अर्धनग्न महिलाओं वाले समुद्र तटों, सनबर्न ही गोवा की छवि है। हाल ही में गोवा सरकार ने मंदिर संस्कृति को बढ़ावा देने की अभिनव पहल की है। शिंदे ने कहा, कि उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के बाद एक साल में 8 करोड़ पर्यटक वहां आए, जबकि गोवा में कैसीनो, समुद्र तट, सनबर्न जैसे त्योहारों को बढ़ावा देने के कारण पिछले साल केवल 73 लाख पर्यटक गोवा आए। तो गोवा में मंदिर पर्यटन को क्यों बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए? उन्होंने कहा कि मंदिरों की पवित्रता को बनाए रखने वाले धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। गोवा में कुछ स्थानों पर ट्रस्टियों, महाजनों, पुजारियों आदि के बीच विवाद चल रहे हैं, आज अदालतों में 5 करोड़ मामले लंबित हैं और न्याय पाने के लिए पीढ़ियों तक इंतजार करना पड़ता है। इसलिए मंदिरों के अंदरूनी विवादों को आपस में ही सुलझा लेना चाहिए।

## हिंदुओं के लिए सपना सच हुआ, बीआरएस की के कविता ने की अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की तारीफ

हैदराबाद। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं, ऐसे में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी और भारत रक्षा समिति (बीआरएस) की एमएलसी कल्वाकुंतला कविता ने रविवार को कहा कि यह एक सपने जैसा है। करोड़ों हिंदुओं के लिए सच है। एक्स टाइमलाइन पर तेलुगु में लिखी एक पोस्ट में उन्होंने भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के लिए अपनी खुशी व्यक्त की। के कविता ने पोस्ट करते हुए कहा कि शुभ समय के दौरान जब अयोध्या में श्री सीताराम चंद्र स्वामी की मूर्ति स्थापित की गई है, जो करोड़ों हिंदुओं के लिए एक सपना सच होने जैसा है, तेलंगाना के साथ देश इसका स्वागत करता है। एक्स पोस्ट के साथ उन्होंने निर्माणाधीन राम मंदिर का एक वीडियो भी शेयर किया। इस बीच, गर्भगृह, जहां भगवान राम की मूर्ति रखी जाएगी, पूरा होने के करीब है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को लगभग तैयार गर्भगृह की तस्वीरें साझा कीं, जहां राम लला की मूर्ति स्थापित की जाएगी। चंपत राय ने कहा कि श्री राम लला का गर्भगृह लगभग तैयार है। हाल ही में लाइटिंग-फिटिंग का काम भी पूरा हो गया है। आपके साथ कुछ तस्वीरें साझा कर रहा हूं। अयोध्या में राम मंदिर अगले साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' (अभिषेक समारोह) में शामिल होने के लिए लगभग 6,000 लोगों को पत्र भेजेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं जिनके इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।



# जातीय सर्वे को लेकर कभी भी बाधक नहीं रही केन्द्र सरकार : अमित शाह

### -बिहार के जातीय सर्वे में कई खामियां, करना होगा दूर, नीतीश और तेजस्वी यादव से बोले अमित शाह




**पटना (एजेंसी)।** देश में जातीय सर्वे की जरूरत पर बल देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जातीय सर्वे को लेकर केंद्र सरकार ने कभी बाधा उत्पन्न नहीं की। रविवार को पटना में जोनल काउंसिल की मीटिंग के दौरान शाह ने बताया कि बिहार की सरकार में जब भाजपा शामिल थी तो इसके समर्थन में राज्यपाल ने बिल को तुरंत मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि जातीय सर्वे में कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करना होगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हमें उम्मीद है कि बिहार सरकार जातीय सर्वे में आई खामियों को दूर करने का प्रयास करेगी।

पूर्वी जोन की मीटिंग में बिहार के सीएम नीतीश कुमार के अलावा ओडिशा, बंगाल और झारखंड के वरिष्ठ मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया। मीटिंग में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि जातीय सर्वे का बिहार में भाजपा ने भी समर्थन किया था। इसके अलावा आबादी के अनुपात में जातिगत आरक्षण दिए जाने का प्रस्ताव भी विधानसभा से ध्वनिमत से पारित हुआ था। भाजपा ने भी इसका आगे बढ़कर समर्थन किया था। हालांकि अब जातीय सर्वे को लेकर क्रेडिट की जंग छिड़ती दिख रही है। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव इसे अपनी सरकार की जीत के तौर पर पेश करते रहे हैं। यही नहीं बिहार के बाद यूपी, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में जातीय सर्वे कराने की मांग भी उठाई जा रही है। कांग्रेस ने तो चुनावी राज्यों में इसे लेकर वादे भी किए थे। माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल जातीय सर्वे की मांग करते हुए मुद्दा उठा सकते हैं। कांग्रेस को भी लगता है कि इसके बहाने वह ओबीसी वर्ग में कुछ पैठ बना सकेगी। फिलहाल कांग्रेस हर वर्ग में अपनी पकड़ खोती दिख रही है। ऐसे में इसके बहाने वह एक बड़े वर्ग को साधने का प्रयास करेगी।


## न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर 19 दिसंबर को होगी इंडिया गठबंधन की बैठक

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि सीट बंटवारे और न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 19 दिसंबर को होगी। नई दिल्ली में मंगलवार दोपहर तीन बजे इंडिया गठबंधन के पार्टी नेताओं की आयोजित चौथी बैठक में सीट शेयरिंग में न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा होगी। इस बीच, कांग्रेस के एक सूत्र ने बताया कि इंडिया गठबंधन के संसद के फ्लोर लीडरों की डिनर मीटिंग हाल ही में हुई थी। यह बैठक बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी और 17 दलों के नेता भी शामिल हुए। सीट शेयरिंग की अगली बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर चर्चा होगी। इस बीच, द्रमुक सांसद एस. सेंथिलकुमार के विवादास्पद बयान पर कांग्रेस ने विरोध जताते हुए कहा कि हम इस पर बयान जारी करने ही वाले थे। उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर बयान के दौरान उन्होंने कहा था कि द्रमुक को यह बता दिया गया था कि हम जातिगत असमानता के खिलाफ हैं और हमें असमानता से लड़ने की जरूरत है। सूत्र ने कहा, हम भी एक गठबंधन में हैं, गठबंधन धर्म का मतलब यह नहीं है कि आप अपने सहयोगियों से हिसाब लें या उनसे भिड़ें। सेंथिलकुमार के विवादित बयान के बाद भी कांग्रेस ने अपनी नाराजगी द्रमुक को बताई और कुछ ही घंटों में सफाई भी दे दी गई।



**कर्नाटक से हैरान करने वाली घटना से हिला देश**

# घर से बाहर खींचकर सरेआम महिला को किया नग्न, खंभे से बांधकर हैवानों ने किया उत्पीड़न



**बेलगावी (कर्नाटका) (एजेंसी)।** हम रोजाना अखबारों में दिलदहला देने वाली घटनाएं पढ़ते हैं और गुस्सा करते हैं। कई बार ऐसी घटनाएं हमारे आसपास ही घटती है लेकिन हममें से ज्यादातर लोग इसे देखकर आंखे बंद कर लेते हैं और केवल तमाशा देखते हैं। हैरान कर देने वाली घटना कर्नाटका से आयी है। जहां एक लड़का एक लड़की से प्यार करता था और वह उसे भगाकर अपने घर ले आया। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को मिली तो लड़की का परिवार लड़के के घर पहुंचा। वहां पर लड़के की मां को उन्होंने काफी प्रताड़ित किया। महिला उम्रदराज थी लेकिन हैवानों ने अपनी बेटी के घर से भागने का सारा गुस्सा लड़के की मां पर निकाला। महिला को उसके घर से बाहर खींच लिया, नग्न कर दिया, एक खंभे से बांध दिया और उसकी पिटाई की।

पुलिस ने कहा कि रविवार रात कर्नाटक के बेलगावी में एक लड़की के परिवार ने एक महिला को उसके घर से बाहर खींच लिया, नग्न कर दिया, एक खंभे से बांध दिया और उसकी पिटाई की, जिसके साथ उसका बेटा भाग गया था। इस घटना पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और गृह मंत्री जी परमेश्वर ने प्रतिक्रिया व्यक्त की।

पुलिस ने बताया कि महिला का बेटा कुछ समय से लड़की के साथ रिलेशनशिप में था। अपनी बेटी के महिला के बेटे के साथ भाग जाने की खबर मिलने पर लड़की के परिवार वाले लड़के के घर पहुंचे। पुलिस ने कहा कि लड़की के परिवार ने उस व्यक्ति की मां को उसके घर के बाहर खींच लिया, उसे नग्न कर दिया, उसे एक खंभे से बांध दिया और उसके साथ शारीरिक उत्पीड़न किया।

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, सिर्फ बेलगावी ही नहीं, हमारी सरकार हर जगह सख्त है। चाहे कोई भी अपराध हो, हम अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट इसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। हमारी सरकार किसी भी कारण से ऐसे जघन्य कृत्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी।÷ कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर के अनुसार, अपराध में सीधे तौर पर शामिल सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि वह पीड़िता से मिलेंगे, जिसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

उन्होंने कहा 'हम आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। एक युवा जोड़ा भाग गया था. लड़की का परिवार उस आदमी के घर गया, माँ को बाहर खींच लिया, उसे नग्न कर दिया और पिटाई करने से पहले उसे एक खंभे से बांध दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को बचाया और नजदीकी अस्पताल ले गई। वह अब अस्पताल में है।

## बिहार के सीएम नीतीश ने दोहराई विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग

### – पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री शाह के समक्ष दिया सामाजिक आर्थिक सर्वे रिपोर्ट का हवाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पटना (ईएमएस) सामाजिक आर्थिक सर्वे रिपोर्ट से उजागर गरीबी और पिछड़ेपन का हवाला देते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य को विशेष दर्जा देने की एक बार फिर केन्द्र सरकार से मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में राजधानी में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद में 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि वह वर्ष 2010 से ही बिहार के लिए विशेष राज्य दर्जा की मांग कर रहे हैं। बिहार बहुत ही ऐतिहासिक राज्य है, लगातार विकास के बाद भी बिहार विकास के मापदंडों में राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे है। बिहार, विशेष राज्य के दर्जे की सभी शर्तों को पूरा करता है। अब तो जाति आधारित गणना में गरीबी एवं पिछड़ेपन के आंकड़े भी इसका समर्थन करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार के बीच कई मुद्दों पर बात होनी है। वह चाहते थे कि केन्द्र सरकार जातीय आधार पर जनगणना कराये। इसके लिए वर्ष 2019 एवं 2020 में बिहार विधानमंडल में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा गया। फिर वह सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। केन्द्र सरकार द्वारा इस पर कोई विचार नहीं किया गया। राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना करा ली है और इसके आंकड़े भी जारी कर दिए गए। सीएम ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है, जिनमें से 53 लाख 72 हजार 22 लोग बिहार से बाहर के रह रहे हैं और 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार राज्य में रह रहे हैं।

जाति आधारित गणना में पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा 36.01, अनुसूचित जाति 19.65, अनुसूचित जनजाति 1.68 और सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत की आबादी पाई गई है। इन आंकड़ों के आधार पर भारतीय जनता पार्ट (भाजपा) सहित सभी पार्टियों की सहमति से समाज के सभी कमजोर वर्गों के सामाजिक उत्थान के लिए आरक्षण में इनकी भागीदारी बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## कानून के शिकंजे में फंसे कद्दावर मंत्री, कभी भी गिरा सकते हैं कर्नाटक कांग्रेस सरकार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बने अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। लेकिन सरकार गिरने के दावे होने लगे हैं। जेडीएस के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी.कुमारस्वामी पूरे दावे के साथ कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार बहुत जल्द गिरने वाली है। वजह ये है कि राज्य सरकार में एक कद्दावर नेता मंत्री हैं, विधायकों में उनकी अपनी मजबूत पकड़ है, लेकिन कानून के शिकंजे में फंस गए हैं। उनके खिलाफ दर्ज मामलों से बचने के लिए वे भाजपा का दामन थाम सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो वे कई विधायक अपने साथ ले जाएंगे और राज्य की कर्नाटक सरकार गिर जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने दावा किया कि मंत्री '50 से 60 विधायकों के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं और वह वर्तमान में भाजपा के नेताओं के साथ ''बातचीत कर रहे हैं। जद (एस) नेता ने संवाददाताओं से कहा, ''कांग्रेस सरकार में सब कुछ ठीक नहीं है। मुझे नहीं पता कि यह सरकार कब गिर जाएगी। एक प्रभावशाली मंत्री अपने खिलाफ दर्ज मामलों से बचने के लिये बेताब हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र ने उनके खिलाफ ऐसे मामले दर्ज किए हैं, जिनसे ''बच निकलने की कोई संभावना नहीं है। जब कुमारस्वामी से नेता का नाम पूछा गया तो उन्होंने कहा कि छोटे नेताओं से ऐसे ''निर्भीक कदम की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि केवल ''प्रभावशाली लोग ही ऐसा कर सकते हैं। जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक में किसी भी समय ''महाराष्ट्र जैसा कुछ हो सकता है।




## साइबर अपराध के मामले में महाराष्ट्र देश में चौथे स्थान पर

### – साइबर तकनीक का प्रशिक्षण नहीं मिलने से पुलिस भी असहाय

### – साइबर क्राइम रोक पाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

**मुंबई (एजेंसी)।** पिछले साल से देश भर में हाईटेक साइबर अपराधियों का बोलबाला है और हर दिन 180 से ज्यादा साइबर अपराध सामने आ रहे हैं। इस समय देश में साइबर क्राइम में काफी बढ़ोतरी हुई है और 65 हजार 893 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकतर अपराध वित्तीय धोखाधड़ी और ऑनलाइन यौन शोषण हैं। तेलंगाना 15 हजार 297 मामलों के साथ देश में पहले स्थान पर है जबकि महाराष्ट्र चौथे स्थान पर है, यह चौंकाने वाला आंकड़ा राष्ट्रीय अपराध पंजीकरण विभाग द्वारा प्रकाशित आंकड़ों से प्राप्त हुआ है। एक ओर जहां साइबर क्राइम के मामले बढ़ते जा रहे हैं, वहीं पुलिस आरोपियों को पकड़ने में नाकाम हो रही है। साइबर अपराध के संबंध में देश भर में पुलिस बल के जवानों को उचित प्रशिक्षण नहीं मिलने के कारण साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करना संभव नहीं हो पा रहा है। इससे पहले पुलिस को विदेशों में बैठे साइबर अपराधियों ने चुनौती दी थी. हालाँकि, अब कई राज्यों में साइबर क्राइम गिरोह उभर रहे हैं। छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली राज्यों में साइबर गिरोह सक्रिय हैं। वहां से वे देशभर में ऑनलाइन धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देते हैं। 2022 में देश भर में 65 हजार 893 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं. इनमें सबसे ज्यादा अपराध ऑनलाइन धोखाधड़ी और उसके बाद ऑनलाइन यौन उत्पीड़न हैं। साइबर अपराधों में 24.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, सबसे अधिक साइबर अपराध तेलंगाना (15,297) में दर्ज किए गए हैं। दूसरे स्थान पर कर्नाटक (12,556) और तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश (10,117) है। जबकि चौथे नंबर पर महाराष्ट्र है और राज्य भर में 8 हजार 249 साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं. देशभर में दर्ज 65 हजार साइबर अपराधों में से 42 हजार 700 अपराध विभिन्न तरीकों से ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े हैं. साइबर अपराधियों ने 3 हजार 468 लोगों को ऑनलाइन फिरौती देने के लिए मजबूर किया है. साथ ही अश्लील फोटो और वीडियो सार्वजनिक करने का डर दिखाकर 3 हजार 434 लोगों से रंगदारी ली गई है. कई उच्च शिक्षित लोगों को आर्थिक रूप से धोखा दिया गया है और ज्यादातर मामले अंशकालिक नौकरी का लालच देने, लिंक पर क्लिक करके या बैंक का ओटीपी पूछकर बैंक खाता खाली करने के हैं। साइबर अपराधियों का गिरोह झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के सीमावर्ती इलाकों से संचालित होता है। अपराधी पैसे ट्रांसफर करने के लिए सैकड़ों मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कई गरीब लोगों के बैंक खातों का उपयोग करते हैं। इसलिए पुलिस के हाथ लगने वाले साइबर अपराधियों की संख्या न्यूनतम है. साथ ही साइबर अपराध की जानकारी रखने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या 5 से 7 फीसदी है. पुलिस को समय-समय पर साइबर तकनीक का प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है जिससे पुलिस ऐसे अपराधों को रोक पाने में खुद को असहाय महसूस कर रही है. बहरहाल अगर समय रहते इसपर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में साइबर क्राइम को रोक पाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होने वाली है।




# एआई को कंट्रोल करने दुनिया में पहली बार कानून बनेगा

### -आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट बनाने के लिए यूरोपियन यूनियन हुआ राजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआई के दुरूपयोंग को रोकने के लिए अब यूरोपियन यूनियन कानून बनाने को राजी हो गया है। इस संबन्ध में यूरोपीय संसद ने कहा कि उसके मेंबर्स प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्ट को लेकर एक ऐतिहासिक 'प्रोविजनल एग्रीमेंट' पर पहुंच गए हैं। ईयू का एआई एक्ट एआई से जुड़े यूजर्स के नुकसान को नियंत्रित करने वाला दुनिया का पहला व्यापक नियम बनने जा रहा है। यूरोपीय संसद ने एक बयान में कहा कि इस रेगुलेशन का उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि इनोवेशन को बढ़ावा देने और यूरोप को इस सेक्टर में लीडर बनाने के साथ-साथ मौलिक अधिकार, लोकतंत्र, कानून का शासन और पर्यावरणीय स्थिरता हाई रिस्कत एआई से सुरक्षित रहे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये नियम बताते हैं कि एआई को उसके प्रभाव और रिस्क के आधार पर उसे क्या करना चाहिए। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि राजनीतिक एग्रीमेंट ग्लोबल फर्स्ट है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि एआई एक्ट वैश्विक स्तर पर पहली बार बन रहा है। इसमें एआई के विकास के लिए यूनीक लीगल फ्रेमवर्क पर आप लोगों और उनके व्यवसायों की सुरक्षा और मौलिक अधिकारों के लिए भरोसा किया जा सकता हैं। हमने अपने राजनीतिक दिशानिर्देशों में एक कमिटमेंट ली और हमने उसे पूरा भी किया है।

ताजा जानकारी के अनुसार एआई के कुछ एप्लीकेशन द्वारा नागरिकों के अधिकारों और लोकतंत्र के लिए संभावित खतरे को पहचानते हुए, को-लेजिस्लेटर्स संवेदनशील विशेषताओं राजनीतिक, धार्मिक, दार्शनिक विश्वास, सेक्सुअल ओरिएंटेशन, नस्ल का उपयोग करने वाले बायोमेट्रिक कैटेगरी सिस्टम को बैन करने पर सहमत हुए हैं। यह एग्रीमेंट फेस रिकग्निशन डेटाबेस, वर्कप्लेस और एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में इमोशन रिकग्निशन और सोशल बिहेवियर या व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर सोशल स्कोरिंग बनाने के लिए इंटरनेट या सीसीटीवी फुटेज से फेशियल इमेज की अनटारगेटेड स्क्रैपिंग पर भी रोक लगाता है।

यूरोपीय यूनियन ने कहा कि ये एग्रीमेंट उन एआई सिस्टम पर भी अंकुश लगाता है जो मानव व्यवहार में हेरफेर करके उनकी स्वतंत्र इच्छा को बाधित करते हैं और एआई का उपयोग लोगों की कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए करते हैं। हाई रिस्क जोन में रखे गए एआई सिस्टम के लिए, स्पष्ट दायित्वों पर सहमति भी व्यक्त की गई। संसद ने कहा कि चुनाव के नतीजों और मतदाता व्यवहार पर असर पर डालने के लिए उपयोग किये जाने वाले एआई सिस्टम को भी हाई-रिस्क जोन में रखा गया है। यूनियन का कहना है कि नए कानून में नागरिकों को एआई सिस्टम के बारे में शिकायतें करने और हाई रिस्क वाले एआई सिस्टम पर आधारित निर्णयों के बारे में जानने का अधिकार होगा।



## अमेरिका में खालिस्तानियों ने किया तिरंगे का अपमान, भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़

वाशिंगटन । कनाडा और ब्रिटेन में खालिस्तान आंदोलन को हवा देने वाले कट्टरपंथी और अलगाववादी अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अमेरिका में भारत विरोधी एजेंडा तेज कर दिया है। खालिस्तान समर्थकों ने अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला कर तोड़फोड़ की है। सैन फ्रांसिस्को की गिनती अमेरिका के प्रमुख सांस्कृतिक, वाणिज्यिक और वित्तीय केंद्र के रूप में होती है। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ करने से पहले अलगाववादी समर्थकों ने प्रदर्शन कर खालिस्तान के झंडे लहराए। भारतीय अधिकारियों ने इन झंडों को हटाया, तब उन पर हमला हुआ। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं।इन लोगों ने दूतावास में घुसकर दरवाजे तोड़ते हुए नारेबाजी की। साथ ही दूतावास की दीवार पर फ्री अमृतपाल नारा लिख दिया। इसके अलावा खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के विरोध में खालिस्तान समर्थकों ने सैन फ्रांसिस्को में भारत के खिलाफ गोल्डन गेट ब्रिज के पास से रैली भी निकाली। रैली के दौरान भारतीय झंडे का अपमान किया गया। खालिस्तानियों ने भारतीय झंडे को गाड़ी के पीछे बांधा हुआ था। खालिस्तान की हरकत पर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। खालिस्तानियों ने पीएम मोदी-विदेश मंत्री जयशंकर वांटेड के पोस्टर भी लगाए। भारतीय उच्चायोग से तिरंगा हटाने की कोशिश करने के बाद खालिस्तानियों के खिलाफ पूरे भारत में गुस्सा फूट पड़ा है। भारत सरकार ने अमेरिकी राजनयिकों के सामने कड़ी आपत्ति जताकर दूतावासों को सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही है।

## पाक के बलूचिस्तान में विस्फोट से पुलिसकर्मी की मौत

बलूचिस्तान । पाक के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के खुजदार में सुल्तान इब्राहिम रोड के पास हुए धनाके में आतंकवाद निरोधक विभाग के प्रभारी मोहम्मद मुराद की मौत हो गई। इस हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

## इटली के फेजा में दो ट्रेनों की भिड़ंत, 17 घायल

रोम । उत्तरपूर्वी इटली में रविवार देर रात दो ट्रेनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 17 लोग घायल हो गए। मिलान की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 8ः20 बजे इटली के फेजा में बोलोग्ना-रिमिनी रेलवे लाइन पर दो ट्रेनें टकरा गईं, जिससे क्षेत्र में रेलवे यातायात अवरुद्ध हो गया। सभी 17 लोग मामूली रूप से घायल हो गए, और दुर्घटना का कारण निर्धारित करने के लिए जांच चल रही है।

## चीन में ठंड, लोगों को सावधानी की सलाह

बीजिंग । चीन के कुछ हिस्सों में तापमान गिरने से शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया गया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार से मंगलवार तक 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। हुनान प्रांत, गुइझोउ प्रांत में तापमान गिर सकता है। प्रशासनों को ठंड के मौसम के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ ही जनता से जलीय उत्पादों की सुरक्षा के लिए उपाय करने का आग्रह किया है।

## फिलीपीन सेना प्रमुख ने कहा, चीनी सेना ने किया आपूर्ति नौका पर हमला

मनीला । फिलीपीन सेना के प्रमुख ने कहा कि विवादित दक्षिण चीन सागर में सप्ताहांत में जब चीनी तटरक्षक जहाजों ने फिलीपीन की आपूर्ति नौका की घेराबंदी कर हमला किया, उस समय वह आपूर्ति नौका पर सवार फिलीपीनी सुरक्षा बलों के साथ मौजूद थे। जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने बताया कि चीन विवादित जल क्षेत्र में अपनी आक्रामकता बढ़ा रहा है, लेकिन उसकी इस तरह की कार्रवाई फिलीपीनी सुरक्षा बलों को व्यस्त जलमार्ग में देश के क्षेत्रीय हितों की रक्षा करने से नहीं रोक सकेगी। चीन के 100 से अधिक सरकारी एवं मिलिशिया जहाजों ने विवादित स्कारबोरो शोल क्षेत्र के आसपास समुद्र में स्थान पर धावा बोल दिया, जहां फिलीपीन नौसेना का जहाज दशकों से खड़ा है। उन्होंने कहा कि चीनी बेड़ा पिछले महीनों की तुलना में बहुत बड़ा है। शोल, रेतीले और चट्टानों से घिरा समुद्री क्षेत्र हैं, जहां प्रचुर मात्रा में मछलियां मिलती हैं। ब्राउनर ने समुद्री क्षेत्र में चीन की कार्रवाई पर कहा, यह पूरी तरह आक्रामकता है। मैंने देखा कि कितनी बार बड़े चीनी तट रक्षक और मिलिशिया जहाजों ने हमारा रास्ता रोका। उन्होंने कहा, इसके लिए वास्तव में उच्च स्तरीय राजनयिक समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फिलीपीन के ''सशस्त्र बल हमारे अभियान को जारी रखने, क्योंकि यह वैध है और हमारे सैनिकों तक आपूर्ति पहुंचाना तथा हमारे मछुआरों की रक्षा करना हमारा दायित्व है। फिलीपीन के 1,50,000 सदस्यीय सशस्त्र बलों के प्रमुख ब्राउनर ने अमेरिका में शिक्षा प्राप्त की है। वह 'सेकंड थॉमस शोल में स्थित बीआरपी सिएरा माद्रे पर तैनात फिलीपीन मरीन एवं नौसेना के कर्मियों को क्रिसमस के उपहार, खाद्यान्न एवं अन्य आपूर्ति पहुंचाने के लिए नौसेना कर्मियों के साथ आपूर्ति नौका 'उन्नैजा मे 1 में सवार थे। अमेरिका ने बार-बार चेतावनी दी है कि अगर फिलीपीन की सेना, जहाज या विमान दक्षिण चीन सागर सहित किसी सशस्त्र हमले की जद में आते हैं, तब वह एशिया में अपने सबसे पुराने संधि सहयोगी फिलीपीन की रक्षा करेगा। चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह इसमें हस्तक्षेप नहीं करे क्योंकि चीन इस पूरी तरह से एशियाई विवाद बताता है।

## श्रमिक बस्ती में लगी आग में 9 की मौत

रियो डी जनेरियो । ब्राजील के उत्तरी क्षेत्र अमेज़ॅन में भूमिहीन श्रमिक आंदोलन से जुड़ी एक बस्ती में लगी भीषण आग में झुलसकर नौ लोगों ने दम तोड़ दिया। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार पारा राज्य की नगर पालिका, पाराउपेबास शहर के लैंड एंड लिबर्टी कैंप में एक विस्फोट के कारण लगी आग से बस्ती से गुजरने वाला विद्युत नेटवर्क जल गया। सूत्र अनुसार, एक इंटरनेट कंपनी के तकनीशियन नेटवर्क पर काम कर रहे थे इसी दौरान उन्होंने गलती से इंटरनेट केबल को हाई-वोल्टेज केबल से जोड़ दिया, जिससे विस्फोट हो गया। शिविर की दो बैरकों में तुरंत आग लग गई और वे पूरी तरह से नष्ट हो गईं, और तीन कर्मचारी और छह शिविर निवासी मारे गए।

## तीन कुत्तों ने महिला को मार डाला,मालिक गिरफ्तार

एथेंस । उत्तरी शहर थेसालोनिकी में एक 50 साल की महिला को कुत्तों ने नौंच नौंचकर मार डाला। 3 कुत्तों ने एक महिला पर हमला कर दिया और नोंच-नोंचकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के मुताबिक नियोचोरौडा गांव में रहने वाली महिला अपने बगीचे में काम कर रही थी। इसी दौरान 3 कुत्ते अपने बाड़े से भाग गए और बगीचे में घुस गए। इस दौरान बगीचे में काम कर रही महिला पर तीनों कुत्तों ने हमला कर दिया। महिला ने खुद को बचाने की काफी कोशिश की लेकिन कुत्तों के चंगुल से बच नहीं पाई। तीनों कुत्तों ने उसके शरीर को काट काट कर गहरे जख्म कर दिए। उसके शरीर को नोंच-नोंचकर चीथड़े निकाल लिए। महिला चीखी चिल्लाई लेकिन किसी तक उसकी आवाज नहीं पहुंची। कुत्तों के हमले के दौरान एक दूसरा शख्स भी मौजूद था जो, बगीचे में ही काम कर रहा था। पुलिस ने बताया कि वो शख्स गूंगा और बहरा था। यही वजह है कि उस शख्स तक महिला के चीखने का आवाज नहीं पहुंची। इस दौरान कुछ पड़ोसियों को महिला के चीखने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद वो लोग बगीचे में पहुंचे और कुत्तों को भगाकर महिला को उनके चंगुल से बचाया, हालांकि तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## श्रीलंका ने 25 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

कोलंबो । श्रीलंकाई नौसेना ने 25 भारतीय मछुआरों को हिरासत में ले लिया और उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि शनिवार रात हिरासत में लिए गए मछुआरे गैरकानूनी रूप से मछली पकड़ रहे थे। मछुआरे तमिलनाडु के नागपट्टिनम और पुडुचेरी के कराइकाल जिले के निवासी हैं। पकड़े गए मछुआरों को कंकासांतुरै बंदरगाह ले जाकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मैलादी मत्स्यपालन निरीक्षक को सौंप दिया गया।



बुडापेस्ट, हंगरी में क्रिसमस मनाने और चैरिटी का समर्थन करने के लिए लोग 20वीं सांता स्पीडो रन में भाग लेते हुए।

## सिरप और दवाओं में मिलावट के चलते मालदीव ने पाकिस्तान से तोड़ा करार

इस्लामाबाद । सिरप और दवाओं में मिलावट के चलते मालदीव ने पाकिस्तान से करार खत्म कर लिया है। इस तरह से उसने पा?किस्तान को बड़ा झटका दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मालदीव ने कफ सिरप और दवाओं में मिलावट की रिपोर्ट मिलने के बाद पाकिस्तान सरकार के साथ किए गए करार को खत्म कर दिया है। मालदीव से जानकारी मिलने के बाद ड्रग रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ पाकिस्तान ने कंपनी के सिरप सेक्शन को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि सिरप में जिन पदार्थों का इस्तेमाल किया गया है, उनमें हाइड्रोलिक ब्रेक तरल पदार्थ, स्टाम्प पैड स्याही, पेंट, प्लास्टिक और सौंदर्य शामिल है। कंपनी के एक प्रतिनिधि फयाज अहमद ने बताया कि डीएपी ने कंपनी के सिरप सेक्शन को सील कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी कंपनी जानबूझकर ऐसा नहीं करती है। फिलहाल वह इस मुद्दे पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करेंगे। हालांकि लैब टेस्ट रिपोर्ट मिलने के बाद अथॉरिटी कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू कर सकती है। एक बयान के अनुसार, डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी मेडिकल निर्देशों का मालदीव और पाकिस्तान में पाए गए पांच अलग-अलग सिरप और दवाओं में उल्लंघन किया गया। एक फार्मासिस्ट ने मीडिय को बताया कि डीईजी और ईजी का उपयोग दुनिया भर में एंटीफ्रीज के लिए तरल तैयारी में किया गया था। इसमें हाइड्रोलिक ब्रेक लिक्विड, स्टैम्प पैड स्याही, बॉलपॉइंट पेन, सॉल्वैंट्स, पेंट, प्लास्टिक और प्रोडक्ट के इस्तेमाल की बात सामने आई है। ड्रेप के सीईओ असीम रऊफ के मुताबिक, नियामक ने प्रोटोकॉल जारी किए थे और सभी कंपनियां उनका पालन करने के लिए बाध्य थीं।

## इजराइल/ हमास युद्ध : सरेंडर कर दो या...नेतन्याहू ने हमास को दी अंत के शुरुआत की चेतावनी



**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास से हथियार छोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि गाजा में आत्मसमर्पण करने वाले और गिरफ्तार किए गए उसके सैकड़ों लड़ाकों ने आतंकवादी समूह के अंत की शुरुआत को चिह्नित किया है। नेतन्याहू की यह टिप्पणी तब आई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के दो महीने से अधिक समय बाद भी जारी है। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि युद्ध अभी भी जारी है, लेकिन यह हमास के अंत की शुरुआत है। मैं हमास के आतंकवादियों से कहता हूं। यह खत्म हो गया है। (याह्या) सिनवार के लिए मत मरो। अब आत्मसमर्पण करो।

हालाँकि, कोई नरमी नहीं दिखाते हुए, हमास ने रविवार को इज़राइल को चेतावनी दी कि जब तक समूह की मांगें पूरी नहीं की जातीं, कोई भी बंधक क्षेत्र से जीवित नहीं निकलेगा। हमास की सशस्त्र शाखा के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने एक टेलीविजन प्रसारण में कहा कि न तो फासीवादी दुश्मन और उसका अहंकारी नेतृत्व और न ही उसके समर्थक बिना किसी आदान-प्रदान और बातचीत और प्रतिरोध की मांगों को पूरा किए अपने कैदियों को जिंदा ले जा सकते हैं। गौरतलब है कि 7 अक्टूबर से गाजा में इजरायली हमलों में 17,100 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 48,780 घायल हुए हैं। इसके अलावा, युद्ध शुरू होने के बाद से इज़राइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए हैं।

दिसंबर की शुरुआत में कतर की मध्यस्थता वाला युद्धविराम समझौता समाप्त होने के बाद इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा में अपना जमीनी अभियान जारी रखा। इजरायली टैंकों ने युद्ध को एक बड़ा नया झटका देते हुए दक्षिणी गाजा के मुख्य शहर खान यूनिस के केंद्र तक अपना रास्ता बना लिया। खान यूनुस के निवासियों ने कहा कि रात भर की भीषण लड़ाई के बाद टैंक शहर के मुख्य उत्तर-दक्षिण मार्ग पर पहुंच गए थे, जिससे पूर्व से इजरायल की प्रगति धीमी हो गई थी। युद्धक विमान हमले के पश्चिम क्षेत्र में बमबारी कर रहे थे।

## ऋषि सुनक को देना पड़ेगा इस्तीफा? क्या भारतवंशी होने की चुकानी पड़ेगी कीमत



**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ बागी सुर तेज हो गए हैं। इसका बिगुल फूंकने वाले कोई और नहीं बल्कि उन्हीं की कंजर्वेटिव पार्टी के तीन बड़े नेता हैं। अवैध प्रवासियों और शर्णार्थियों के मुद्दे पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपनी ही पार्टी में घिरे नजर आ रहे हैं। इसकी वजह उनके भारतवंशी होने को बताई जा रही है। दावा ये किया जा रहा है कि उन्हीं की पार्टी के कुछ नेता सुनक के खिलाफ तख्तापलट की साजिश रच रहे हैं।

सुनक के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकने वालों में सबसे बड़ा नाम ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस का है। दूसरी ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रिवैरमैन हैं। जबकि तीसरे पूर्व मंत्री रॉबर्ट जैनरिक हैं। इन्हीं तीन ने मिलकर अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर ऋषि सुनक को घेर रखा है। दरअसल ये तीनों नेता घोर कट्टरपंथी हैं। जबकि सुनक उतने ही धार्मिक और जिसकी बानगी अक्सर देखने को मिलती है। पीएम बनने के बाद वो लंदन में मोरारी बापू की कथा में पहुंचे और ये बता दिया कि वो भले ही अंग्रेजों के देश के पीएम हैं। लेकिन दिल से सच्चे सनातनी हैं। इसके बाद वो जी20 समिट में शामिल होने के लिए भारत आए तब भी हिंदू धर्म में उनकी आस्था साफ साफ दिखाई दी। सुनक ने अपनी पत्नी के साथ अक्षरधाम मंदिर में पूजा की।

दिवाली के मौके पर ऋषि सुनक ने अपने सरकारी आवास 10 डाउनिंग स्ट्रिट पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कहीं न कहीं ये बातें उनकी पार्टी के कुछ नेताओं को खटक रही हैं। लिज ट्रस के इस्तीफे के बाद ऋषि सुनक ऐसे वक्त में प्रधानमंत्री बने जब ब्रिटेन की इकोनॉमी क्रैश होने की कगार पर थी। लेकिन सुनक ने काफी हद तक इसे कंट्रोल करने की कोशिश की। वहीं सुएला ब्रेवरमैन को कुछ दिन पहले ही सुनक ने गृह मंत्री के पद से हटा दिया था।

## रुस ने चेताया- कहा कोई नागरिक देश छोड़कर नहीं जाएगा,पासपोर्ट हो रहे जब्त

मॉस्को। अपनी अकड़ और विरोधियों के साथ सख्त रवैया रखने के लिए रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दुनियाभर में जाने जाते हैं। कभी नागरिकों के साथ सख्ती करना पड़े तो पुतिन उससे भी पीछे नहीं हटते हैं। हाल ही उनका एक आदेश कुछ इसी तरह के संकेत दे रहा है। रुस ने अपने ही देश के नागरिकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यहां का कोई भी नागरिक विदेश नहीं जाएगा। यहां तक की एक अभियान के तहत नागरिकों के पासपोर्ट भी जब्त करना शुरु कर दिया है। पासपोर्ट जमा करने के लिए नागरिकों को पांच दिन की मोहलत दी गई है। बता दें कि रूस में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं, और व्लादिमीर पुतिन पांचवीं बार सत्ता की रेस में हैं।

## स्पेसेस एक्स ने लॉन्च किए 23 और स्टारलिंक इंटरनेट सैटेलाइट

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** अमेरिका की स्पेस कंपनी द्वारा स्टारलिंक सैटेलाइट्स लांच करने के समाचार मिले हैं। जानकारी के अनुसार प्राइवेट स्पेस कंपनी स्पेसेस एक्स ने 23 और स्टारलिंक सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में लॉन्च कर दिये है। सैटेलाइट्स को पूर्वी समयानुसार गुरुवार सुबह 12ः07 बजे अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था। स्पेसेस एक्स से मिली जानकारी के अनुसार केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से हुआ ये लॉन्च 2023 में कंपनी का 90वां ऑर्बिटल लॉन्च है, जबकि अब तक का यहा 280वां फाल्कन 9 लॉन्च था। लॉन्चिंग के समय मिशन के लिए मौसम आदर्श था, लेकिन मौसम विज्ञानिक अपनी नजर बनाए हुए थे। फाल्कन 9 का पहला चरण वापस लौटा और अटलांटिक महासागर में तैनात ए शॉर्टफॉल ऑफ ग्रेविटास (एएसओजी) ड्रोनशिप पर उतरा। कंपनी ने बाद में 23 उपग्रहों की तैनाती की पुष्टि की। स्टारलिंक एक सैटेलाइट नेटवर्क है जो रिमोट एरियाज में लो-कॉस्ट इंटरनेट उपलब्ध कराता है। इसका संचालन एलन मस्क द्वारा स्थापित अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसेस एक्स द्वारा किया जाता है।

बता दें कि स्टारलिंक का लक्ष्य दुनिया के हर हिस्से में सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट पहुंचाना है। फिलहाल भारत में इसकी सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके लिए सरकारी मंजूरी का इंतजार चल रहा है। दरअसल स्टारलिंक एक अलग अप्रोच फॉलो करता है। ये एक-दो बड़े सैटेलाइट्स का इस्तेमाल करने की जगह हजारों छोटे सैटेलाइट्स को उपयोग में लाता है। कंपनी लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स का इस्तेमाल करती है। जो करीब 550 किलोमीटर ऊपर से धरती का चक्कर लगाते हैं। स्टारलिंक के जरिए अनलिमिटेड 150एमबीपीएस तक की स्पीड मिलती है। आने वाले दिनों में ये स्पीड और भी बढ़ जाएगी। सैटेलाइट इंटरनेट फाइबर जितना फास्ट तो नहीं होता। लेकिन, इसका एक बड़ा फायदा है इसकी हर जगह पहुंच हो जाती है।

## मेरे पास कहने को कुछ नहीं, न्यूयॉर्क धोखाधड़ी मुकदमे में ट्रंप नहीं देंगे गवाही

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने न्यूयॉर्क धोखाधड़ी मामले में अपने बचाव में गवाही देने के बारे में अपना मन बदल लिया। उन्होंने घोषणा की कि वह उम्मीद के मुताबिक रुख नहीं अपनाएंगे क्योंकि उनके पास कहने के लिए और कुछ नहीं है। ट्रुथ सोशल पर आश्चर्यजनक बयान पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने, अपने सबसे बड़े बेटों डॉन जूनियर और एरिक और ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के अन्य अधिकारियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे में पहले ही हर चीज की गवाही दे दी है।




ट्रम्प से पिछले महीने अभियोजन पक्ष द्वारा पूछताछ की गई थी, जिसमें उन पर और अन्य प्रतिवादियों पर अधिक अनुकूल बैंक ऋण और बीमा शर्तों को प्राप्त करने के लिए अपनी अचल संपत्ति संपत्ति के मूल्य को अरबों डॉलर तक बढ़ाने का आरोप लगाया गया था। 6 नवंबर को चार घंटे तक, ट्रम्प ने अभियोजकों के साथ बहस की अपने तीखे जवाबों के कारण कई बार न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन से फटकार लगाई, जिन्होंने वर्तमान रिपब्लिकन फ्रंट-रनर को चेतावनी दी कि यह एक राजनीतिक रैली नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि वह पहले ही मामले में बहुत सफलतापूर्वक और निर्णायक गवाही दे चुके हैं।

न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा लाए गए सिविल मुकदमे और अगले साल के राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रम्प के खिलाफ गंभीर कानूनी कार्रवाइयों में से एक के कारण ट्रम्प रियल एस्टेट साम्राज्य को खतरे में डाल दिया गया है।

## 600 की आबादी वाला मेटामोर्फोसिस गांव डूबा बाढ में

मेटामोर्फोसिस । हाल में आए डैनियल तूफान की वजह से ग्रीस का 600 की आबादी वाला मेटामोर्फोसिस नाम का खूबसूरत गांव बाढ के पानी में डूब गया। आज स्थिति ऐसी है कि गांव के लोग यहां रहना नहीं चाहते हैं। यहां पर साल 1953 और 1994 में भी भयंकर बाढ़ आ चुकी है, लेकिन इसी साल सितंबर में 4 और 7 तारीख को भूमध्यसागर में आए चक्रवाती तूफान डैनियल ने इस गांव को पानी से डुबो दिया था। गांव की सभी इमारतों को पानी में डूबी हुई थी। गांव में आए भयानक चक्रवाती तूफान में 18 लोगों की मौत हुई, जिसमें से 2 लोग गांव में आई बाढ़ के पानी में डूब कर मर गए थे। अब गांव के लोग दूसरे शहर पलामास में बसने के लिए वोटिंग कर रहे हैं। इसमें गांव के 142 लोग पक्ष में जबकि 14 लोग विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों और समुदाय के अध्यक्ष का कहना है कि वे बाढ़ से निपटने के प्रयासों के इंतजार का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। समुदाय के अध्यक्ष पेट्रोस ने कहा कि हमारे गांव के लोगों की वोटिंग से पता चलता है कि लोग यहां पर रह कर और ज्यादा त्रासदी का सामना नहीं करना चाहते हैं। मेटामोर्फोसी समुदाय ने अपनी वोटिंग की रिपोर्ट पालामास म्यूनिसिपल ऑथरिटी के पास सौंपी है।

## पाकिस्तान ने की भविष्यवाणी कहा- भारत दुनिया में होगा सबसे ताकतवर,तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी

**कराची (एजेंसी)।** हाल ही में भाजपा को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत मिली है। जिसके चर्चे दुनिया के कई देशों में हो रहे हैं। पाकिस्तान भी इससे अछूता नहीं है। पाक के जानकारों ने भविष्यवाणी करते हुए कहा है कि भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनेंगे। अमेरिका में बसे पाकिस्तानी मूल के बिजनेसमैन और राजनीति के जानकारी साजिद तरार ने भी इस जीत पर प्रतिक्रिया दी है। तरार ने एक शो में इस बात पर हैरानी जताई है कि किस तरह से पीएम मोदी भारत की राजनीति में मजबूत होते जा रहे हैं। उनकी मानें तो आने वाली सदी भारत की है और पीएम मोदी की अगुवाई में देश तेजी से तरक्की के रास्ते पर है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना और जल्द ही टॉप3 में आएगा। पाकिस्तानी जर्नलिस्ट कमर चीमा के शो पर साजिद तरार ने भारत की तीन सफलताओं के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के सफल विदेशी दौरे, चंद्रयान, ग्लोबल साउथ का आगे बढ़ना, ये सबकुछ भारत को एक मजबूत वैश्विक शक्ति के तौर पर आगे बढ़ा रहा है। तरार की मानें तो मोदी है तो मुमकिन है, वाकई सच होने लगा है। पाकिस्तानी जर्नलिस्ट कमर चीमा के शो पर साजिद तरार से इस बारे में सवाल पूछा गया था। साजिद ने कहा, पीएम मोदी की अगुवाई में भारत टॉप 5 ग्लोबल पावर्स में एक देश के तौर पर सामने आ रहा है।

नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर वापसी करेंगे। उनकी देश की राजनीति पर मजबूत पकड़ है। वहीं विपक्ष असंगठित है और कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो पीएम मोदी को चुनौती दे सके। तरार ने आगे कहा कि इसका पूरा श्रेय पीएम मोदी को जाता है जिन्होंने अकेले दम पर ही भारत को अगले स्तर पर पहुंचा दिया। तरार की मानें तो भारत की सफलता की सबसे बड़ी सफलता एक गंभीर शासन का होना है। भारत की तरक्की की सबसे बड़ी वजह है कि पीएम मोदी जैसा राष्ट्रवादी नेता उसकी अगुवाई कर रहा है और वह आगे भी लीड करेंगे। तरार ने हाल ही में दुबई में हुए कोप28 का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत का जिस तरह से पीएम मोदी ने यहां पर नेतृत्व किया, वह देखने वाला था। तरार ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की उस टिप्पणी की तरफ भी ध्यान दिलाया जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका अब सुपरपावर नहीं है। तरार का कहना था कि भारत अब क्षेत्रीय ताकत से कहीं ज्यादा आगे बढ़ गया है। तरार का कहना है कि पाकिस्तान का मीडिया भारत की तरक्की की बात ही नहीं करता है। अगर वहां लोग हिंदुओं से इतनी नफरत



है तो फिर वह बॉलीवुड की फिल्में क्यों देखते हैं। तरार ने बताया कि पाकिस्तान भारत से 100 साल पीछे चला गया है। भारत में 1300 यूनिवर्सिटीज हैं लेकिन पाकिस्तान में टूटे-फूटे 200 विश्वविद्यालय हैं। तरार के मुताबिक भारत के बायकॉट से पाकिस्तान को कोई फायदा नहीं होने वाला है।

# आईसीसी ट्रॉफी पर है बीसीसीआई की निगाह, इसलिए बनाया राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई की निगाह इस समय आईसीसी टॉफी पर लगी हुई हैं। शायद यही वजह है कि वर्ल्ड कप हारने के बावजूद भी टीम में राहुल द्रविड़ की भूमिका मुख्य कोच के रुप में बनी हुई है। भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने घर पर आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में जिस तरह का खेल दिखाया उसने हर किसी के अंदर यही उम्मीद जगाई थी कि टीम ट्रॉफी जीतेगी। लगातार 10 मैच जीतने के बाद टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार मिली। टूर्नामेंट के साथ भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था लेकिन बीसीसीआई ने उनके करार को आगे बढ़ाने का फैसला लिया। जबकि उस समय खबरे सामने आई थी कि अब टीम इंडिया और द्रविड़ की राह अलग हो जाएगी लेकिन बीसीसीआई ने उनको टीम के साथ बनाए रखने का निर्णय लिया। जानकार बता रहे हैं कि राहुल द्रविड़ को भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाए रखने के पीछे बीसीसीआई की मंशा सिर्फ और सिर्फ आईसीसी ट्रॉफी जीतना है। जिस तरह की टीम इस मास्टर माइंड ने तैयार की उसकी तारीफ हर कोई कर रहा है।

हालांकि वनडे वर्ल्ड कप से पहले तमाम सीरीज में प्रयोग करने पर उनकी आलोचना हुई थी लेकिन जब भारत ने अपने घर पर हर टीम के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाते हुए उसे रौंदा तो सब खामोश हो गए। अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप द्रविड़ का अगला मिशन है। अंडर 19 टीम की कोचिंग करते हुए कोच राहुल द्रविड़ ने आईसीसी ट्रॉफी जीती है। पहली बार के प्रयास में ईशान किशन की कप्तानी वाली टीम फाइनल में पहुंचकर इसे हासिल करने से चूकी थी। इसके बाद पृथ्वी शाह की कप्तानी वाली टीम को द्रविड़ ने अपनी कोचिंग में चैंपियन बनाया था। बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी में पिछले टी20 विश्व कप और फिर वनडे वर्ल्ड कप में हार मिली थी। इसके बाद दूसरे मौके पर कोच उन कमियों को दूर करके ही मैदान में उतरेंगे। टी20 विश्व कप 2024 के लिए तैयारी की शुरुआत साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज से होने जा रही है। राहुल द्रविड़ ने वनडे में जैसी आक्रामक टीम तैयार की है उससे भी ज्यादा खूंखार बल्लेबाजी क्रम वाले बल्लेबाजों को तैयार कर रहे हैं। इसमें यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा को लगातार मौका दिया जाना उनकी रणनीति का हिस्सा है।



# अंडर 19 विश्व कप का शैड्यूल, भारत का पहला मुकाबला 20 जनवरी को बांग्लादेश से

**दुबई (एजेंसी)।** भारत आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में अपना पहला मैच 20 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोनटेन में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को इस प्रतियोगिता का संशोधित कार्यक्रम जारी किया। पहले यह टूर्नामेंट श्रीलंका में आयोजित किया जाना था लेकिन आईसीसी ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण उसके क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया और फिर अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को सौंप दी। इस कारण प्रतियोगिता का नया कार्यक्रम जारी करना पड़ा।

भारतीय टीम को बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश के बाद भारतीय टीम का सामना 25 जनवरी को ब्लोमफोनटेन में आयरलैंड से होगा। वह अपना आखिरी लीग मैच इसी स्थान पर 28 जनवरी को अमेरिका से खेलेगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जनवरी को दो मैचों से होगी जिसमें आयरलैंड का सामना अमेरिका से और वेस्टइंडीज का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेंगी जिन्हें चार ग्रुप में बांटा गया है।



## प्रत्येक ग्रुप में शामिल टीम इस प्रकार है-

ग्रुप ए : भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड, अमेरिका

ग्रुप बीः इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, स्कॉटलैंड

ग्रुप सीः ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नामीबिया, जिम्बाब्वे

ग्रुप डीः अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, नेपाल

# आईपीएल 2024 में खेलते हुए नजर आ सकते हैं ऋषभ पंत, बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के फैंस के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, पंत आईपीएल 2024 में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं। रेवस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार आगामी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत के स्वागत की तैयारी कर रहा है। हालांकि, उनके पूरे आईपीएल में खेलने पर संदेह है। उनकी रिकवरी को देखते हुए फ्रेंचाइजी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों के मुताबिक, वह पंत के कमबैक की उम्मीद कर रहे हैं। उनके जैसे लीडर का ड्रेसिंग रूप में फिर से होने की उम्मीद कर रहे हैं। सूत्रों ने पुष्टि की है कि ह पंत को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। पंत की रिकवरी को लेकर फ्रेंचाइजी अभी फूंक-फूंक कर पैर रखना चाहती है और उन्हें ज्यादातर मैचों में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने के बारे में विचार कर रहे हैं।

फिलहाल, ऋषभ पंत विकेटकीपिंग करने के लिए तैयार नहीं है और ये उनकी रिकवरी पर निर्भर करेगा कि वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं या नहीं। लेकिन इस खबर से जो एक बड़ा अपडेट निकल कर आ रहा है वह ये है कि पंत को दिल्ली कैपिटल्स बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने पर जोर देगी।

# भारतीय महिला टीम ने तीसरे टी20 में इंग्लैंड पर पांच विकेट से दर्ज की जीत

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** भारत दौरे पर आई इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को तीसरे टी20 मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों के सामने पस्त होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 126 रन ही बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 19 ओवर में 5 विकेट पर जीत अपने नाम कर ली।

बता दें कि, तीन मैचों की सीरीज में शुरुआती दोनों मैचों में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। जहां सीरीज 2-1 से इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लैंड को 20 ओवर में 126 रन पर आउट करने के बाद भारत ने एक ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 48 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़ने के अलावा दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (33 गेंद में 29 रन) के साथ 57 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी।



अमनजोत कौर ने चार गेंद में तीन चौके की मदद से नाबाद 13 रन बनाकर प्रभावित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर छह रन पर नाबाद रही। रेणुका सिंह (23 रन पर दो विकेट) ने शुरुआती ओवर में टीम को सफलता दिलाई जबकि सैका इशाक (22 रन पर तीन विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' श्रेयंका पाटिल (19 रन पर तीन विकेट) की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी ने बीच के ओवरों में इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसकर रखा।

अमनजोत कौर ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर विकेट चटकाये।इंग्लैंड के लिए कप्तान हीथर नाइट ने सबसे ज्यादा 52 रन का योगदान दिया। उन्होंने आखिरी ओवरों में चार्ली डीन (नाबाद 16) के साथ नौवें विकेट के लिए 32 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। नाइट ने 42 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाने के अलावा चौथे विकेट के लिए एमी जोन्स (21 गेंद में 25 रन) के साथ 41 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सलामी जोड़ी एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रही।

शेफाली वर्मा (छह रन) तीसरे ओवर में फ्रेया केम्प की गेंद पर बोल्ड हो गयी। मंधाना को इसके बाद जेमिमा का अच्छा साथ मिला। दोनों ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए विकेट बचाने पर ध्यान दिया। इस बीच जेमिमा ने पांचवें ओवर में डीन और छठे ओवर में महिका गौर के खिलाफ चौके लगाये। पावरप्ले के आखिरी ओवरी ओवर में मंधाना ने भी चौका लगाया। रोड्रिग्स ने एक्लेस्टोन के खिलाफ दो चौके लगाये तो वही मंधाना ने इसी गेंदबाज के खिलाफ नौवें ओवर में छक्का लगाकर टीम का अर्धशतक पूरा किया। बायें हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने 11वें ओवर में फ्रेया केम्प के खिलाफ अपनी पारी का दूसरा छक्का जड़ा। अगले ओवर में डीन ने जेमिमा को पगबाधा कर दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी को तोड़ा।

# वेस्टइंडीज की टीम में आंद्र रसेल की वापसी

बारबाडोस । इंग्लैंड के खिलाफ 5 घरेलू टी-20 मैचों की सीरीज से पहले वेस्टइंडीज की टीम में आंद्र रसेल की वापसी हुई है। रसेल आखिरी बार 2021 में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम के साथ दिखे थे। टी20 के धाकड़ बल्लेबाज ने अपने करियर में 167 के स्ट्राइक रेट से करीब 8000 रन बनाए हैं। नई टीम में उनके साथ मैथ्यू फोर्ड भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में प्रभावित किया था और हाल के घरेलू टी20 सीजन में सफलता के शीर्ष पर रहे थे। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि चोट से उबरने के बाद शेरफेन रदरफोर्ड और स्पिनर गुडाकेश मोती को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसके कारण उन्हें भारत सीरीज से बाहर होना पड़ा।

शाई होप को रोवमैन पॉवेल की जगह टी-20 टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जिससे उनकी वेस्टइंडीज वनडे टीम के कप्तान की भूमिका भी जुड़ जाएगी। हेन्स ने कहा कि हमने एक ऐसी टीम चुनी है जो हमें लगता है कि हमें उस टूर्नामेंट में सफलता का सबसे अच्छा मौका देगी।

वेस्टइंडीज टीम ः रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप (उप-कप्तान), रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल , शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

# मेग लैनिंग के संन्यास के बाद हीली बनीं आस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की दिग्गज मेग लैनिंग के संन्यास के बाद अब नए कप्तान के रुप में एलिसा हीली के नाम की घोषणा की गई है। बता दें कि लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया टीम की कमान संभालने वाली इस धुरंधर महिला खिलाड़ी ने क्रिकेट के अलविदा कह दिया है। उनके संन्यास के बाद एलिसा हीली को सभी प्रारूपों में पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और वह इस महीने भारत दौरे से अपनी नई भूमिका शुरू करेंगी। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया की टीम 21 दिसंबर से मुंबई में एक टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी। हीली ने इससे पहले जून से इंग्लैंड, आयरलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया था। एडिलेड स्ट्राइकर्स को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में लगातार दो खिताब दिलाने वाली ऑलराउंडर तहलिया मैक्ग्रा टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। बता दें कि 33 साल की हीली पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 14 साल से सक्रिय हीली इससे पहली टीम की उपकप्तान थी। नई कप्तान हीली ने अनी नई भूमिका के बारे में कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के झंडे को ऊंचा रखने के लिए जो भी करना होगा वह करेंगी। हीली ने कहा कि मैं कप्तान की भूमिका स्वीकार करके सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं हमारी टीम का नेतृत्व करने के अवसर के लिए आभारी हूं। मैंने वास्तव में पिछले कुछ महीनों में खिलाड़ियों के समर्थन का लुत्फ उठाया है। मेरा दृष्टिकोण वही रहेगा जो पहले था, लेकिन मैं इस भूमिका पर अपनी छाप छोड़ने का प्रयास करूंगी और सुनिश्चित करूंगी कि टीम को अतीत में जो सफलता उसे जारी रखूं। मैं इस समूह के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी।




# भारतीय महिला और पुरूष हॉकी टीमें पांच देशों के टूर्नामेंट के लिये स्पेन रवाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें पांच देशों का टूर्नामेंट खेलने स्पेन रवाना हो गई जहां पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह की नजरें टीम की एफआईएच रैंकिंग में सुधार पर होंगी जबकि महिला टीम की कप्तान सविता पूनिया अगले महीने होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सभी कमियों को दूर करने पर फोकस करेंगी।

दोनों टीमें 15 दिसंबर को स्पेन के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगी। पुरूष टीम के लिये यह दौरा 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम है। भारत को स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से खेलना है। महिला टीम 13 जनवरी से रांची में ओलंपिक क्वालीफायर खेलेगी जिसकी तैयारी के लिये यह टूर्नामेंट अहम है। महिला टीम पहले मैच में स्पेन से , 16 दिसंबर को बेल्जियम से , 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी।

टीम पहले मैच में स्पेन से , 16 दिसंबर को बेल्जियम से , 19 दिसंबर को जर्मनी से और 21 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी। पुरूष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी पुरूष टीम 15 दिसंबर को स्पेन से, 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और 20 दिसंबर को फ्रांस से खेलेगी।



# आईसीसी अंडर-19 पुरुष ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित, कप्तान का ऐलान नहीं

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अगले माह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भाग लेने के लिए टीम की घोषणा की है। हालांकि अभी तक टीम के कप्तान की घोषणा नहीं हुई है। पिछले सप्ताह एल्बरी में 2023 अंडर 19 पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के समापन के बाद युवा चयन पैनल (वाईएसपी) ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी। टीम में इसतरह के खिलाड़ियों का एक मजबूत दल शामिल है, जिन्होंने दोहरी अंडर-19 एशेज श्रृंखला में भाग लिया था।

ऑस्ट्रेलियाई टीम को एंथोनी क्लार्क प्रशिक्षित करने वाले हैं, जिन्होंने इंग्लैंड और श्रीलंका के हाल के दौरों पर अंडर 19 टीम का नेतृत्व भी किया है। सैम कोनस्टास समय पर प्रदर्शन के साथ टीम में एक असाधारण खिलाड़ी के रूप में उभरे। उन्होंने अंडर 19 नेशनल चैंपियनशिप फाइनल में क्वींसलैंड के खिलाफ नाबाद 63 रन बनाकर एनएसडब्ल्यू मेट्रो के लिए खिताब हासिल किया। एडेन ओकॉनर ने भी नेशनल्स में अपने लगातार दम पर स्थान अर्जित किया। हैरी डिक्सन पहले ही अंडर-19 स्तर पर ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट और वनडे शतक लगा चुके हैं, को भी चैंपियनशिप में 222 रन बनाने के बाद चुना गया है। ऑलराउंडर ह्यू वीबगेन पीठ की चोट के कारण अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप से बाहर हो गए थे, को भी इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में टीम का नेतृत्व करने के बाद चुना गया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय विकास प्रमुख सोन्या थॉम्पसन ने कहा, इस साल की अंडर 19 पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभा की मात्रा को देखना रोमांचक रहा है। हमने कुछ शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन देखे हैं। आगामी अंडर 19 विश्व कप खिलाड़ियों को प्रदान करता है। एक उत्कृष्ट विकास अवसर के साथ और हम इस टीम को विश्व मंच पर प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं। आगामी अंडर-19 विश्व कप पुरुषों का 15वां संस्करण है और इसमें एक संशोधित टूर्नामेंट प्रारूप होगा, जिसमें सेमीफाइनलिस्ट निर्धारित करने के लिए ग्रुप चरण के बाद एक नया सुपर सिक्स चरण शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 विश्व कप टीम ः लाचलान एटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैंपबेल, हैरी डिक्सन, रयान हिक्स, सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, एडन ओकॉनर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रैकर, कैलम विडलर, कोरी वास्ले , ह्यू वेइबगेन शामिल है।

# चौहान गोल्फ टूर्नामेंट को एक शॉट से जीतने में सफल रहे

कोलकाता । ओम प्रकाश चौहान चौथे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलने के बावजूद यहां एक करोड़ रुपए पुरस्कार वाले एसएसपी चौरसिया आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट को एक शॉट से जीतने में सफल रहे। चौहान ने 4 दौर में कुल छह अंडर 282 के स्कोर के साथ जीत दर्ज की। वह चौथे दौर में लय में नहीं थे लेकिन आखिरी होल में बर्डी लगाकर एक शॉट से सत्र का चौथा खिताब जीतने में सफल रहे। यह उनके करियर का 11वां खिताब है। इस जीत से 37 साल के चौहान को 15 लाख रुपए इनाम के तौर पर मिले जिससे वह पीजीटीआई के सत्र में एक करोड़ रुपए इनामी राशि को पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मौजूदा सत्र में उनकी कुल कमाई 1,13,80,559 रुपये है जो सत्र में दूसरे स्थान पर काबिज करण प्रताप सिंह से लगभग 39 लाख अधिक है। अमेरिका ने नवोदित खिलाड़ी वरुण चोपड़ा (73-72-69-69) दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड (69) खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। वह 5 अंडर 283 (73-72-69-69) के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अंगद चीमा (70) कुल 4 अंडर के स्कोर से तीसरे जबकि उदयान माने और राशिद खान संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। इन दोनों खिलाड़ियों का स्कोर दो अंडर 286 रहा।



# पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज का 'यू टर्न

कराची । टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलया दौरे से बाहर होने पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की काफी आलोचना की थी अब उन्होंने 'यू टर्न लेते हुए 'बिग बैश लीग में खेलने के लिए उन्हें एनओसी (अनापत्ति पत्र) प्रदान करने के फैसले का बचाव किया। वहाब ने पिछले महीने पाकिस्तान की टेस्ट टीम की घोषणा के वक्त हारिस की आलोचना की थी क्योंकि उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन मैचों के लिए चयन के खुद को उपलब्ध नहीं कराया था। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए वहाब ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस एनओसी का इंतजाम किया है ताकि हारिस न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए फॉर्म में बरकरार रहें। वहाब ने आगे कहा कि न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए अभी डेढ़ महीने का समय है और इस दौरान हारिस कोई क्रिकेट नहीं खेल रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ बिग बैश का उसका अनुबंध केवल पांच मैच का ही है। उन्होंने कहा, 'डेढ़ महीने तक कोई क्रिकेट नहीं होगा और वह एक तेज गेंदबाज है तो उसकी लय बनी रहे, यह सुनिश्चित करना होगा इसलिए हमने उन्हें एनओसी दी है जो सात से 28 दिसंबर तक है। इसमें बिग बैश लीग के पांच मैच कवर हो जायेंगे ताकि वह पाकिस्तानी टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना हो सके। एनओसी देने के पीछे का कारण यही है।

# खेल मंत्री से मिले बजरंग और साक्षी, संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई चुनाव लड़ने से रोकने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सोमवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मिले और उनसे एक बार फिर आग्रह किया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय महासंघ के आगामी चुनाव लड़ने से रोका जाए।

डब्ल्यूएफआई के बहुप्रतीक्षित चुनाव 21 दिसंबर को महासंघ की आम सभा की बैठक में होने हैं और इसी दिन नतीजों की घोषणा भी की जाएगी। बजरंग और साक्षी उन पहलवानों में शामिल थे जिन्होंने दो महीने तक बृज भूषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की अगुआई की थी।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न के कई आरोप लगे हैं। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग के अनुसार उन्होंने अपना विरोध-प्रदर्शन वापस लिया था क्योंकि सरकार ने आश्वासन दिया था कि बृज भूषण से जुड़ा कोई व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ पाएगा। बृज भूषण के विश्वासपात्र संजय सिंह और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

बजरंग ने 'पीटीआई' से कहा, ''हां, आज हमने खेल मंत्री से मुलाकात की और उन्हें उनका वादा याद दिलाया कि बृज भूषण से जुड़ा कोई व्यक्ति डब्ल्यूएफआई चुनाव नहीं लड़ेगा।'' उन्होंने कहा, ''संजय सिंह उसका करीबी है और उसे चुनाव से हटना चाहिए या फिर हम जल्द ही अपनी भविष्य की कार्रवाई पर फैसला करेंगे। हमने मंत्री को यह बता दिया है।'' बजरंग ने कहा कि उन्हें अनिता से कोई समस्या नहीं है क्योंकि वह पूर्व पहलवान है और खिलाड़ियों के हालात से वाकिफ है।

उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि कोई पूर्व पहलवान डब्ल्यूएफआई का प्रभार संभाले जिसे कम से कम यह तो पता हो कि देश के लिए पदक जीतने के लिए क्या करना होता है। अनिता राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता हैं और पहलवानों की मांगों को समझती हैं।''

डब्ल्यूएफआई की पहली महिला अध्यक्ष बनने के लिए चुनौती पेश कर रहीं अनिता बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में कथित तौर पर गवाह हैं। बृज भूषण पर यौन उत्पीड़न के कई आरोप लगे हैं और वह अभी जमानत पर हैं। वह डब्ल्यूएफआई का चुनाव नहीं लड़ सकते क्योंकि पदाधिकारी के रूप में 12 साल पूरे कर चुके हैं जो राष्ट्रीय खेल संहिता के तहत अधिकतम कार्यकाल है। बृज भूषण ने साथ ही आश्वासन दिया है कि उनके परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा।



उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण और इसी संघ का उपाध्यक्ष उनका बेटा करण चुनाव नहीं लड़ेंगे। बिहार कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बृज भूषण के दामाद विशाल सिंह भी चुनाव नहीं लड़ रहे।

# शीर्ष डिवीजन में वापसी तक पेले की 10 नंबर जर्सी किसी को नहीं

साओ पाउलो । ब्राजील के प्रमुख फुटबॉल क्लब सांटोस का कोई भी खिलाड़ी तब तक पेले की मशहूर 10 नंबर जर्सी को नहीं पहनेगा जब तक टीम की सीनियर डिवीजन (सीरी ए) में वापसी नहीं हो जाती। सांटोस के नवनियुक्त अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा कि जब तक उनकी टीम सेकंड डिवीजन में खेलती रहेगी तब तक उसके खिलाड़ी 10 नंबर की जर्सी नहीं पहनेंगे। उन्होंने कहा, 'जब तक सांटोस की सीरी ए में वापसी नहीं हो जाती, तब तक हम 10 नंबर की जर्सी का उपयोग नहीं करेंगे। पेले अपने करियर के दौरान सांटोस की तरफ से खेलते रहे और उनकी 10 नंबर की जर्सी विश्व फुटबॉल में विशेष स्थान रखती है। पेले का पिछले साल 29 दिसंबर को 81 साल की उम्र में निधन हो गया था।



# ऐश्वर्या ने दी द आर्चीज पर प्रतिक्रिया, अगस्त्य नंदा-सुहाना की फिल्म को बताया

जोया खान की द आर्चीज आखिरकार सात दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के जरिए कई स्टार किड्स ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। फिल्म को देखकर कई सितारों ने नए कलाकारों की तारीफ की और अपनी प्रतिक्रिया साझा की। द आर्चीज के स्क्रीनिंग के समय पूरा बच्चन परिवार इवेंट में शामिल हुआ था। इस दौरान उन सभी से फिल्म के लिए पहली प्रतिक्रियाएं पूछी गईं और सभी ने अपनी राय सामने रखी। द आर्चीज के जरिए बच्चन परिवार का सदस्य यानी अमिताभ बच्चन के नातिन अगस्त्य नंदा को बतौर अभिनेता लॉन्च किया गया है। इस पर पूरा बच्चन परिवार खुश है। पुरानी यादों को महसूस करते हुए अभिषेक बच्चन ने कहा, यह हमें समय में पीछे ले गया। सभी ने आर्चीज को पढ़ने के लिए समूह बनाया और हमें अपनी युवावस्था में वापस ले जाया गया। वहीं ऐश्वर्या राय बच्चन ने कहा, पूरी टीम को अद्भुत और बहुत-बहुत बधाई। वहीं स्क्रीनिंग के दौरान ऋतिक रोशन भी मौजूद थे। जोया अख्तर की प्रशंसा करते हुए ऋतिक रोशन ने कहा, इतना अच्छा, इतनी मिठास, ईमानदारी, संगीत, मुझे यह पसंद आया। मै नाच रहा था। वहीं, सुहाना खान की सबसे अच्छी दोस्त और अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा, यह बहुत प्यारी फिल्म थी। मुझे उम्मीद है कि हर कोई इसे देखेगा। यह बहुत प्यार से भरा है, मैं अब आर्चीज फिल्म में होना चाहती हूं। फिल्म की स्क्रीनिंग पर कई अन्य लोग भी मौजूद थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म के बारे में अपनी राय साझा की। एक लंबे नोट में जान्हवी कपूर ने अपनी छोटी बहन के प्रदर्शन की समीक्षा की और लिखा, उनके पास मेरा दिल है। और यह केवल उस गर्मजोशी, ईमानदारी और आकर्षण के कारण है, जो आपने उन्हें दिया है। वहीं करण जौहर ने भी लंबा नोट साझा करते हुए पूरी आर्चीज टीम की तारीफ की थी।



# सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ होगी मेघना की अगली फिल्म, दहलेगा दर्शकों का दिल

...ं अपनी हालिया रिलीज फिल्म सैम बहादुर को लेकर चर्चा में ...ल स्टारर इस फिल्म को दर्शकों की तरह से खूब प्यार मिल रहा है। वहीं सैम बहादुर के बाद अब मेघना ने अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस ली है। प्राप्त समाचारों के अनुसार अब उनकी अगली ...ाथ बनने जा रही है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के ...बताया है कि पिछले कुछ समय से दोनों अपने इस अपकमिंग प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक भयानक सच्ची घटना पर आधारित होगी, जो देश के लोगों का दिल दहला देगी। मेघना इस कहानी को बड़े पर्दे पर बेहद ही भावुकता के साथ पेश करेंगी, जो फैंस के लिए सरप्राइजिंग होगी। सूत्रों के अनुसार, अगले साल 2024 से फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। फिल्म की सारी रिसर्च हो पूरी हो चुकी है। फिलहाल मेघना स्क्रिप्ट को फाइनल टच देने की कोशिश में है। वहीं मेघना गुलजार की इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट जाह्नवी कपूर नजर आ सकती हैं। हांलाकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इस फिल्म का अनाउंसमेंट नहीं हुई है। वहीं सिद्धार्थ मल्होत्रा के वर्कफ्रंट पर बात करें तो पाइपलाइन में कई सारी फिल्में हैं। सिद्धार्थ बहुत जल्द फिल्म 'योद्धा' में भी नजर आने वाले हैं, जो करण जौहर के प्रोडक्शन की फिल्म है। इसके अलावा सिद्धार्थ रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' में भी नजर आने वाले हैं, अगले साल 2024 में ही रिलीज होगी।



# रेड कार्पेट पर अपने ट्रिपिंग का वीडियो साझा होने पर भड़कीं गौहर

बॉलीवुड अभिनेत्री गौहर खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस संग अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट भी साझा करती रहती हैं। अभिनेत्री इन दिनों एक टीवी रिएलिटी शो को होस्ट करती नजर आ रही हैं। अब हाल ही में, गौहर की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस वीडियो में लोग अभिनेत्री को काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में, गौहर खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेत्री किसी पुरस्कार समारोह में रेड कार्पेट पर नजर आ रही हैं। इस वीडियो में गौहर लड़खड़ाते हुए रेड कार्पेट पर चलती नजर आ रही हैं। अब अभिनेत्री का यह अंदाज देख सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, बच्चा पैदा करने के बाद मैडम चलना भूल गई हैं। दूसरे यूजर ने लिखा, यह लोग फैशन के नाम पर केवल कपड़े पहनकर आ जाते हैं। इन्हें चलने का ढंग नहीं है। वहीं, एक यूजर के कमेंट ने तो इंटरनेट पर विवाद ही खड़ा कर दिया। यूजर ने कमेंट करते हुए कहा, गिर जाती तो मजा ही आ जाता। गौहर को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने मशहूर हस्तियों के कमजोर पलों से पैसा कमाने के लिए नेटीजंस की आलोचना की। गौहर ने कहा, आप लोग सबसे कमजोर क्षणों में लोगों को कैद कर ट्रोल करना चाहते हैं। ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ भी करना। ऐसी रिपोर्टिंग पर शर्म आती है। हम आपके फोटोग्राफरों की मदद करते हैं जब वे हमारे पीछे चलते हैं और आप जो कुछ भी करते हैं वह केवल उस क्षण का उपयोग करना होता है जब आपको हमारी कमजोरियों को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

# पुष्पा एक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## गर्लफ्रेंड को आत्महत्या के लिए उकसाने का लगा आरोप





साउथ फिल्म पुष्पा को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन ने पुष्पा और रश्मिका मंदाना ने श्रीवल्ली का किरदार निभाया था। फैंस इस फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच पुष्पा मूवी के एक एक्टर को लेकर हैरान करने वाली खबर सामने आई है। पुष्पा मूवी में अल्लू अर्जुन के कोस्टार जगदीश प्रताप भंडारी को अपनी एक जूयिर आर्टिस्ट को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जगदीश को हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मृतका के परिवार ने जगदीश पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। खबरों के अनुसार यह जूनियर आर्टिस्ट जगदीश की गर्लफ्रेंड भी थीं। वह काफी समय से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लिव-इन में रह रहे थे। 29 नवंबर को उनकी गर्लफ्रेंड ने आत्महत्या कर ली थी। लड़की के घर वालों ने उनकी मौत के लिए जगदीश को जिम्मेदार बताया। बताया जा रहा है कि पुलिस अधिकारियों को मृतका के फोन में इस मामले से जुड़े सबूत मिले हैं। खबरों के अनुसार 27 नवंबर को जगदीश ने चोरी से गर्लफ्रेंड की एक वीडियो क्लिप बनाई थी, जिसमें वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ थीं। इसे दिखाकर वो उसको ब्लैकमेल कर रहा था।



# अदा खान ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में किया पोस्ट

टेलीविजन अभिनेत्री अदा खान, जो इन दिनों छुट्टियों पर हैं, ने सोशल मीडिया पर अपने रिलेशनशिप स्टेटस की पुष्टि की है। अदा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह एक रेस्तरां में बैठी हैं, और कुछ पास्ता और मिठाइयां खा रही हैं। वह नारंगी रंग के कपड़ों में अपने भोजन का आनंद लेती नजर आ रही हैं। उन्होंने मुलायम कर्ल और न्यूनतम मेकअप के साथ अपना लुक पूरा किया है। उन्होंने वीडियो को कैप्शन दिया. रिलेशनशिप स्टेटस- खाने के साथ डेट पर। क्लिप में फिल्म हर दिल जो प्यार करेगा का गाना आते जाते जो मिलता है भी है, जो 2000 में रिलीज़ हुई थी। यह गाना सलमान खान और प्रीति जिंटा पर फिल्माया गया है। अदा को बहनें, अमृत मंथन और नागिन जैसे शो में उनके काम के लिए जाना जाता है। उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 10. में भी भाग लिया है।



# मंसूर अली खान ने तृषा कृष्णन, चिरंजीवी और खुशबू सुंदर को भेजा मानहानि नोटिस

लियो में एक साथ नजर आ चुके अभिनेता मंसूर अली खान और अभिनेत्री तृषा कृष्णन कॉन्ट्रोवर्सी में लगातार ट्विस्ट और टर्न्स सामने आ रहे हैं। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर तृषा को लेकर दिए आपत्तिजनक बयान के बाद जब मंसूर को ट्रोल किया गया तो उन्होंने माफी मांग ली थी। लेकिन अब उन्होंने अपने एक्शन से एक बार फिर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने तृषा, चिरंजीवी और खुशबू सुंदर के खिलाफ एक्शन लिया है और मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया है। शिकायत की कॉपी सोशल मीडिया पर सामने आई है।

### क्या है मामला?

ज्ञातव्य है कि मंसूर अली खान और तृषा कृष्णन ने विजय थलापति की फिल्म लियो में एक साथ काम किया था। फिल्म प्रदर्शन के बाद मंसूर ने अपने एक बयान में कहा कि- जब मुझे पता चला कि मुझे तृषा के साथ अभिनय करना है तो मुझे लगा कि तृषा के साथ मेरा बेड सीन होगा। मैंने सोचा मैं उसे उसी तरह बेडरूम में ले जाऊंगा जैसे अन्य एक्ट्रेस को ले जाता हूं। मैंने कई रेप सीन्स पहले भी किए हैं ये कोई नया नहीं है। लेकिन कश्मीर में शूटिंग के दौरान इन लोगों ने मुझे तृषा को नहीं दिखाया।

### खूब मचा बवाल फिर मांगी माफी

मंसूर अली खान का तृषा को लेकर दिया गया ये बयान किसी को रास नहीं आया और सोशल मीडिया पर उन्हें खूब ट्रोल किया गया। दक्षिण भारत फिल्मद्योग भी तृषा के समर्थन में उतरा। चिरंजीवी और खुशबू सुंदर जैसे स्टार्स ने तृषा का सपोर्ट किया और मंसूर की क्लास लगाई। इसके बाद से ही मामला गर्माया हुआ है। लगातार ट्रोल होने के बाद खुद मंसूर अली खान ने तृषा से माफी भी मांगी। लग रहा था कि मामला यहां पर खत्म हो जाएगा तभी एक नया मोड़ आ गया। अब मंसूर ने यूटर्न लेते हुए एक बार फिर सभी को चौंका दिया है। फिलहाल अभी इस नोटिस पर तृषा कृष्णन की तरफ से कोई भी रिएक्शन सामने नहीं आया है। लियो फिल्म की बात करें तो इसमें विजय थलापति लीड रोल में थे और तृषा कृष्णन उनके अपोजिट नजर आई थीं। फिल्म ने रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 612 करोड़ का रहा था।

# स्प्लिट्सविला फेम सुबुही जोशी के साथ बीमा कंपनी ने की धोखाधड़ी



एक्ट्रेस सुबुही जोशी ने हाल ही में एक वीडियो रिलीज किया और बताया कि उनके साथ एक बीमा कंपनी ने धोखाधड़ी की है। सुबुही इंस्टा पर लाइव आईं और बताया कि उनके साथ बड़ी धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने अपने साथ अस्पताल में हुई हरकतों के बारे में भी बात की, जो बेरहम थीं। एक्ट्रेस सुबुही जोशी टीवी इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग और कॉमेडी टाइमिंग के लिए जानी जाती हैं। खुशमिज़ाज़ एक्ट्रेस को हाल ही में एक मुश्किल समय से गुज़रना पड़ा जब उन्हें खराब स्वास्थ्य के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन के जरिए बीमा कंपनियों के साथ अपने बुरे अनुभव को शेयर किया और फैंस को सचेत किया। एक्ट्रेस सुबुही जोशी हाल ही में एक बीमा कंपनी के बारे में अपनी आपबीती शेयर करने के लिए लाइव हुईं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उनकी तबीयत खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जबकि उनकी बीमा कंपनी ने अस्पताल के बिलों को कवर करने से इनकार कर दिया था।

**सुबुही जोशी ने खोला बीमा कंपनियों का कच्चा-चिट्ठा**

एक्ट्रेस ने शेयर किया कि, किसी भी आम आदमी की तरह, उन्हें स्वास्थ्य बीमा के महत्व के बारे में बताया गया था और इसलिए उन्होंने एक बीमा खरीदा और प्रीमियम का भुगतान किया। उन्होंने एक घटना बताई जहां उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन बीमा कंपनी ने उनके बिलों का भुगतान करने से इनकार कर दिया।

**बीमा कंपनी ने की धोखाधड़ी**

अपने कैशलेस बीमा कार्ड के जरिए उनका इरादा अस्पताल का बकाया चुकाने का था। हालांकि, बीमा कंपनी ने यह कहते हुए फॉर्म को अस्वीकार कर दिया कि सुबुही के पास कोई इमरजेंसी मामला नहीं है। सुबुही ने कहा, अस्पताल ने बीमा कंपनी को दोबारा फॉर्म भेजा और उन्हें बताया कि यह एक इमरजेंसी थी क्योंकि मेरा हार्ट बीट बढ़ रहा था। हालांकि, बीमा कंपनी ने उनकी सेवाओं से इनकार कर दिया।

**कैनुला हटाने को तैयार नहीं थे कर्मचारी**

आंसुओं पर काबू पाते हुए, सुबुही ने बताया कि कैसे अस्पताल के कर्मचारी भी असभ्य थे क्योंकि उन्होंने उनसे कैनुला हटाने के लिए कहा था क्योंकि इससे उन्हें दर्द हो रहा था। अस्पताल के कर्मचारियों ने उनसे कहा कि इसे तभी हटाया जाएगा जब वह बिल का भुगतान कर देंगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में यह सब झेलते समय वह बिल्कुल अकेली थीं और 10 साल में पहली बार उन्हें लगा कि मुंबई उनका घर नहीं है। उन्होंने कहा, काश मैं अपने परिवार के साथ अपने घर पर होती।